राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com



# गौरवशाली भारत

नई दिल्ली से प्रकाशित

वर्ष : 12
अंक : 24
पृष्ठ : 08
नई दिल्ली
मंगलवार 09 अगस्त 2022
मूल्य : 1.50/-
RNI No .DELHIN/2011/38334

मुख्य अपडेट

पेज 3 एनएफएल प्रशिक्षण के दौरान सिखाई गई कलाओं को कक्षा तक पहुंचाएं शिक्षक : विकास जयदीप

पेज 5 लोगों को वापस मिले 21 लाख रुपये के चोरी और गुम हुए फोन, एक साल पहले खोए मोबाइल भी बरामद

पेज 7 चीन ने किया नए सैन्य अभ्यास का ऐलान, अब ताइवान के चारों तरफ पनडुब्बी रोधी 'समुद्री हमले'

## त्योहारों में कोरोना का खतरा बढ़ा

### एक्सपर्ट्स ने जारी की चेतावनी; बोले- खाना, पानी और सांस से फैलने वाले संक्रमण का डर

एजेंसी

नई दिल्ली। देश में कोरोना के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। इस बीच एक्सपर्ट्स ने चेतावनी जारी की है कि त्योहारी सीजन में कोरोना ज्यादा फैल सकता है।

मेदांता अस्पताल में आंतरिक चिकित्सा की सीनियर डायरेक्टर डॉ. सुशीला कटारिया के अनुसार, मानसून के मौसम और आने वाले त्योहारों के सीजन में कोरोना तेजी से फैल सकता है।

उन्होंने लोगों को भीड़ वाली जगह जाने से बचने और त्योहार मनाते



समय जिम्मेदारी से काम लेने की सलाह दी है। डॉ. ने कहा कि अगर आप बाहर भी जा रहे हैं तो ध्यान रखें कि सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करें। पार्टी का आयोजन कर रहे हैं तो कमरे की बजाय गार्डन को चुने, क्योंकि इस दौरान खाना और पानी से फैलने वाले संक्रमण और सांस से फैलने वाले संक्रमण का खतरा भी रहेगा। कोरोना के केस एक बार फिर से बढ़ने लगे हैं। रविवार को भारत में 15,759 नए केस रिकॉर्ड किए गए।

जिसके बाद देश में कुल मामलों की संख्या बढ़कर 4 करोड़ 41 लाख 45 हजार 732 हो गई। सबसे ज्यादा तेजी से केस राजधानी दिल्ली में बढ़ रहे हैं, जहां लगातार 5वें दिन मरीजों की संख्या 2000 के पार रही।

#### दिल्ली में कोरोना ने पकड़ी रफ्तार

**राजधानी में पिछले 24 घंटों के दौरान 2423 नए कोरोना केस मिले, जो पिछले 6 महीने में सबसे ज्यादा हैं। इससे पहले 3 फरवरी को 2668 केस रिकॉर्ड किए गए थे। रविवार को एक्टिव मरीजों की संख्या 8 हजार के पार पहुंच गई। दिल्ली में कोरोना संक्रमण दर 15 फीसदी के करीब पहुंच गई। यह भी पिछले साढ़े छह महीने हाईएस्ट लेवल है, इससे पहले 22 जनवरी को संक्रमण दर 16.36 फीसदी थी।**

## बारहवीं रक्षा प्रदर्शनी अक्टूबर में गांधीनगर में होगी

नयी दिल्ली। रूस- यूक्रेन युद्ध के कारण टली बारहवीं रक्षा प्रदर्शनी 18 से 22 अक्टूबर तक गुजरात के गांधीनगर में आयोजित की जायेगी। रक्षा क्षेत्र में एशिया की सबसे बड़ी मानी जाने वाली यह प्रदर्शनी पहले गत मार्च में गांधीनगर में ही होनी थी लेकिन प्रतिभागी देशों और कंपनियों की रूस- यूक्रेन युद्ध के कारण तकनीकी तथा साजो सामान संबंधी दिक्कतों को देखते हुए इसे टाल दिया गया था। रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को एक वक्तव्य जारी कर कहा कि पांच दिन की इस प्रदर्शनी के पहले तीन दिन बिजनेस और बाद के दो दिन आम लोगों के लिए होंगे। प्रदर्शनी में सशस्त्र सेनाओं और सार्वजनिक क्षेत्र के रक्षा उपक्रमों तथा उद्योग जगत द्वारा विभिन्न हथियारों तथा हथियार प्रणालियों का प्रदर्शन किया जायेगा।

## आंध्र में लॉरी- कार की टक्कर से पांच लोगों की मौत



ओंगोल। आंध्र प्रदेश में प्रकाशम जिले के कंबम शहर के पास लॉरी और कार की टक्कर से तीन महिलाओं समेत पांच लोगों की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि दुर्घटना उस समय हुई जब तिरुपति की ओर जा रही कार वासवी पॉलिटेक्निक कॉलेज के समीप सड़क पर खड़ी सीमेंट से लदी लॉरी से टकरा गई, जिससे कार में सवार सभी पांच लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान जलाकांति नागीरेड्डी (22), चिलाकला अनिमी रेड्डी (75), पल्ले अनंता रमम्मा (50), चिलाकला आदिलक्ष्मी (70) और भीमिरेड्डी गुरुवाम्मा (70) के रूप में की गयी है। ये लोग पवित्र तिरुमला स्थित भगवान बालाजी मंदिर के दर्शनार्थ जा रहे थे। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है तथा शवों को कम्बम के सरकारी अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## अल्पसंख्यक का दर्जा राज्यवार तय किया जाएगा: सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने 1957 के कानून का हवाला देते हुए सोमवार को एक बार फिर स्पष्ट किया कि धार्मिक और भाषाई अल्पसंख्यक का दर्जा राज्यवार तय किए जाने का प्रावधान है। न्यायमूर्ति यू. यू. ललित और न्यायमूर्ति एस. रवींद्र भट की पीठ ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता एवं वकील अश्विनी कुमार उपाध्याय की एक याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि देश में 1957 से यह कानून है कि धार्मिक और भाषाई



अल्पसंख्यक का दर्जा राज्यवार तय किये जाएंगे। सर्वोच्च अदालत ने कहा कि जिला स्तर पर अल्पसंख्यकों की पहचान के लिए की गई गुहार शीर्ष अदालत की 11 न्यायाधीशों की एक पीठ के फैसले के खिलाफ है और यह सुनवाई योग्य नहीं है।याचिका में राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग अधिनियम के प्रावधानों को भी चुनौती दी गई है।

उपाध्याय ने अपनी याचिका में 1993 में मुसलमानों, सिखों, बौद्धों, पारसी और जैनियों को राष्ट्रीय स्तर पर अल्पसंख्यक घोषित करने की अधिसूचना को चुनौती दी थी। उन्होंने अपनी याचिका में सर्वोच्च अदालत से गुहार लगाते हुए कहा है कि उन राज्यों में हिंदू को अल्पसंख्यक घोषित करने का निर्देश दिया जाए, जहां उनकी संख्या अन्य समुदायों से कम है।

## खाटूश्याम में भगदड़, 3 महिलाओं की मौत

### मरने वालों में एक महिला जयपुर की; भीड़ कंट्रोल करने तैनात नहीं थी पुलिस, एसएचओ सस्पेंड

सीकर। हादसे में घायल 4 लोगों में से एक की हालत गंभीर है। भगदड़ के बाद मंदिर में दर्शन दोबारा शुरू हो गए हैं।

राजस्थान के सीकर में सोमवार सुबह खाटूश्याम मंदिर में भगदड़ मच गई। हादसे में 3 महिलाओं की मौत हो गई, इनमें एक जयपुर की थीं।4 लोग घायल हुए हैं। इस घटना में पुलिस की बड़ी लापरवाही सामने आई है।

सूत्रों के मुताबिक एकादशी पर भारी भीड़ को कंट्रोल करने के लिए पुलिस अमला तैनात नहीं किया गया



था। इस लापरवाही पर SP कुंवर राष्ट्रदीप ने खाटू एसएचओ रिया चौधरी को सस्पेंड कर दिया है। हादसा सुबह 5 बजे तब हुआ, जब एकादशी के मौके पर दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ काफी बढ़ गई। बताया जा रहा है कि उस वक्त गेट से बाहर करीब एक लाख लोग मौजूद थे। देर रात से ही श्रद्धालु लाइन में लगे थे। जैसे ही सुबह मंदिर के पट खुले, भीड़ बेकाबू हो गई और भगदड़ मच गई।

#### सीएम ने दिए जांच के आदेश

राज्य सरकार ने मृतकों के परिजनों को पांच-पांच लाख रुपए मुआवजा देने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने घटना की जांच के आदेश दिए हैं। संभागायुक्त विकास सीताराम भाले पूरे मामले की जांच करेंगे।

जांच से पहले ही जिला प्रशासन ने हादसे को भगदड़ मानने से इनकार कर दिया है। सीकर कलेक्टर अविचल चतुर्वेदी ने कहा कि प्रवेश दर्शन मार्ग का गेट खोलते समय भीड़ के दबाव के चलते यह हादसा हुआ है।

हादसे में महिला शांति देवी, कृपा देवी और माया देवी मारी गई हैं। कृपा देवी जयपुर के मानसरोवर इलाके की रहने वाली थीं, वहीं माया देवी यूपी के हाथरस से थीं।

बॉडीज को खाटूश्यामजी हॉस्पिटल की मॉर्चुरी में रखवाया गया है, जहां उनका पोस्टमार्टम होगा।

## बैन हो सकते हैं 12 हजार से कम के चीनी फोन

### ड्रैगन को झटके के लिए सरकार बना रही प्लान

नई दिल्ली। भारत में चीनी मोबाइल फोन सबसे ज्यादा बिकते हैं। इसकी एक वजह इन मोबाइल फोन की सस्ती कीमत भी है। कम कीमत पर ढेर सारी फीचर उपलब्ध कराने के चलते चीनी मोबाइल फोन की भारतीय बाजार पर मजबूती से पकड़ है।

हालांकि अब खबर है कि भारत चीन को एक और झटका देने की तैयारी में है। भारत चीन के 300 से ज्यादा ऐप पहले ही बैन कर चुका है। अब कुछ



फोन भारत में बैन हो सकते हैं। दरअसल भारत अपने लड़खड़ाते घरेलू उद्योग को रफ्तार देना चाहता है। इसके लिए वह चीनी स्मार्टफोन निर्माताओं को 12,000 रुपये (.150) से कम कीमत वाले फोन बेचने से प्रतिबंधित करना चाहता है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक, भारत चाहता है कि 12 हजार रुपये से कम कीमत वाले चीनी कंपनियों के फोन बैन कर दिए जाएं। अगर ऐसा होता है तो Xiaomi Corp सहित कई ब्रांडों को बड़ा झटका लगेगा।

#### क्यों सस्ते चीनी मोबाइल फोन बैन करना चाहता है भारत?

बता दें कि चीन के बाद भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़े मोबाइल बाजार है। मामले से परिचित लोगों के अनुसार, 12 हजार से कम कीमत के चीनी फोन को बैन करने का उद्देश्य भारतीय फोन बाजार के निचले हिस्से से चीनी दिग्गजों को बाहर निकालना है। भारतीय मोबाइल मार्केट के निचले हिस्से पर रियलमी और ट्रांससियन जैसे चीनी ब्रांडों की पकड़ है।

## 12वीं के स्टूडेंट ने महिला पर जगुआर चढ़ाई, मौत

### कोलकाता में सड़क पार करने का इंतजार कर रही थी महिला, 2 कारों को भी मारी टक्कर

कोलकाता। कोलकाता में जगुआर चला रहे 12वीं के एक स्टूडेंट ने 45 साल की महिला को कुचल दिया। खून से लथपथ महिला को अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने चश्मदीदों के हवाले से बताया कि, तेज रफ्तार जगुआर ने पहले दो कारों को टक्कर मारी फिर सड़क सड़क पार करने जा रही महिला को कुचल डाला।

आरोपी युवक सुयश परसरामपुरिया को गिरफ्तार कर लिया गया है। परसरामपुरिया की उम्र 19 साल है, जिसे पिछले साल ही ड्राइविंग लाइसेंस मिला था। घटना रविवार 3ः50 बजे की है। आरोपी पिता की कार चला रहा था। उसके साथ कार में कार में 22 साल की कजिन भी बैठी था, दोनों को मामूली चोटें आई है।

#### सड़क पार करने का इंतजार कर रही थी महिला

पुलिस ने कहा कि तेज रफ्तार जगुआर ने पहले एक कैब (स्विफ्ट डिजायर) को टक्कर मारी। इसके बाद भी वह नहीं रुकी और एक एक बीएमडब्ल्यू को टक्कर मार दी। इस दौरान डिजायर और बीएमडब्ल्यू में कोई भी सवार नहीं था। टक्कर में बीएमडब्ल्यू को खासा नुकसान पहुंचा और उसका बोनट मुड़ गया। महिला बीएमडब्ल्यू के पास खड़ी थी और सड़क पार करने का इंतजार कर रही थी। वह जगुआर और बीएमडब्ल्यू के बीच फंस गई और कुचली गई। एक पुलिस अफसर ने बताया कि जब हम मौके पर पहुंचे तो वह सड़क किनारे खून से लथपथ पड़ी थी। मृत महिला की पहचान पिकनिक गार्डन में रहने वाली 45 साल की षष्ठी दास के तौर पर हुई है।

#### 100 किमी/घंटे की रफ्तार से दौड़ रही थी जगुआर

घटना के दौरान मौजूद एक चश्मदीद ने बताया कि कार करीब 100 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ रही थी। टक्कर इतनी तेज थी कि बीएमडब्ल्यू कार 10 फीट पीछे चली गई।

## चंबा के सलूणी में बादल फटने के तबाही : 15 वर्षीय बच्चे की मौत

### 15 घरों व 4 पुल को नुकसान, 10 गाड़ियां मलबे में दबी

शिमला। हिमाचल में रविवार रात मूसलाधार बारिश ने खूब कहर बरपाया है। चंबा जिला के दुर्गम क्षेत्र सलूणी में एक जगह बादल फटने और दो अन्य स्थानों पर मूसलाधार बारिश के बाद भूस्खलन की चपेट में आने से बधोगा गांव में 15 साल के विजय कुमार की मौत हो गई, जबकि एक घायल है।

सलूणी के ही कंदवारा में बाड़ से एक दर्जन घरों, एक दुकान, पांच गौशालाएं और दो पुल क्षतिग्रस्त हुए। कई ग्रामीणों की फसलों व जमीन को भी नुकसान हुआ है। कियार में बादल फटने के बाद 10 गाड़ियां मलबे में दब गई, जबकि 3 घ्राट और तीन पुल को नुकसान पहुंचा है।

कुल मिलाकर चंबा के सलूणी में एक की मौत, दो घायल, 15 घरों, छह घ्राट, पांच गौशालाएं और पांच पुल को नुकसान हुआ है। चंबा के सलूणी में भारी बारिश के बाद 24 पेयजल योजनाएं ठप हो गई है। इससे ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

वहीं किन्नौर के भावानगर में भूस्खलन के बाद नेशनल हाईवे-05 दो से अढ़ाई घंटे तक अवरूद्ध हो गया। लाहौल स्पीति जिला के मुख्यालय केलांग को जोड़ने वाला एनएच भी



छतरू के पास भूस्खलन होने के बाद बंद पड़ा है। प्रदेश के अन्य क्षेत्रों में भी बीती रात बारिश के बाद 46 सड़कें और 51 बिजली के ट्रांसफॉर्मर बंद हैं।

#### 640 करोड़ की संपत्ति तबाह

हिमाचल में मानसून की बारिश 640 करोड़ रुपए की सरकारी व गैर सरकारी संपत्ति तबाह कर चुकी है। अकेले PWD की 323 करोड़ और जल शक्ति विभाग की 299 करोड़ रुपए का नुकसान हो गया है। चंबा के सलूणी में भारी बारिश के बाद 24 पेयजल योजनाएं ठप हो गई है। इससे ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

#### अब तक 169 की गई जान

हिमाचल में बारिश बहुत तबाही मचा रही है। मानसून के पहले 42 दिनों में बाढ़, भीषण सड़क हादसों और अचानक बाढ़ आने की घटनाओं में 169 लोगों की जान जा चुकी है, जबकि 298 व्यक्ति घायल हुए हैं। शिमला में सबसे ज्यादा 28 और कुल्लू जिला में 22 लोगों की जान गई। कुल्लू की मणिकर्ण घाटी में बादल फटने के बाद बाढ़ में 5 और चंबा का एक व्यक्ति करीब एक माह से लापता है।

#### लोगों का आशियाना छीना

प्रदेश में बीते 24 घंटे के दौरान बारिश ने 12 कच्चे व पक्के मकानों को नुकसान पहुंचाया है। कुल्लू में एक मकान पूरी तरह क्षतिग्रस्त हुआ जबकि अन्य मकान को आंशिक क्षति हुई है। राज्यभर में 88 मकान जमींदोज हो गए हैं, जबकि 285 मकान को आंशिक नुकसान हुआ है। ऐसे घरों में लोगों की रातें दहशत में बीत रही हैं। बारिश में 257 गौशालाएं, 36 दुकाने,8 लैबर शैड और 17 घाट भी तबाह हुए हैं। इनमें 111 पालतू मवेशी काल का ग्रास बन चुके हैं।

## जामिया का छात्र 16 अगस्त तक रहेगा एनआईए की हिरासत

**नयी दिल्ली।** दिल्ली की एक विशेष अदालत ने सोमवार को जामिया मिल्लिया इस्लामिया के छात्र मोहसिन अहमद को आतंकवादी समूह आईएसआईएस में कथित संलिप्तता के आरोप में 16 अगस्त तक राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की हिरासत में भेज दिया। अहमद को शनिवार को नयी दिल्ली स्थित बाटला हाउस स्थित आवास से आईएसआईएस की ऑनलाइन और जमीनी गतिविधियों से संबंधित एक मामले में गिरफ्तार किया गया है। अहमद पर भारत और विदेशों में आतंकवादी संगठन से सहानुभूति रखने वालों से धन एकत्र करने तथा उस धन को क्रिप्टोक्यूरेंसी के रूप में सीरिया तथा अन्य स्थानों तक पहुंचाने का आरोप है।

## लोकसभा में पेश हुआ बिजली संशोधन विधेयक 2022, केजरीवाल बोले- ये खतरनाक है

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने सोमवार को लोकसभा में ऊर्जा मंत्री आर के सिंह ने बिजली संशोधन विधेयक 2022 पेश किया। विपक्षी पार्टियों ने इसका जमकर विरोध किया। विपक्ष ने इसे इलेक्ट्रीसिटी इंडस्ट्री के निजीकरण की दिशा में एक कदम बताया।

कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि यह विधेयक कॉपरेटिव मूवमेंट का उल्लंघन करता है। साथ ही राज्यों के अधिकारों को कम करने वाला है।

#### दिल्ली सीएम बोले- यह विधेयक खतरनाक है

दिल्ली के मुख्यमंत्री और आप के संरक्षक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि लोकसभा में बिजली संशोधन बिल पेश किया गया। ये कानून बेहद खतरनाक है, जो देश में बिजली की समस्या सुधारने के बजाय और खराब कर देगा।

इससे आम लोगों की तकलीफें बढ़ेंगी बस चंद कंपनियों को फायदा होगा। केंद्र से अपील है कि इस विधेयक को लाने में जल्दबाजी न करे। विपक्ष के विरोध के बाद ऊर्जा मंत्री ने इस विधेयक को संसदीय स्थायी समिति को भेजने का आग्रह किया है।

महिला से अभद्रता

### पीड़िता को मिली सुरक्षा, सीएम योगी ने मांगी रिपोर्ट

## श्रीकांत त्यागी मामले में इंस्पेक्टर समेत 6 पुलिसकर्मी सस्पेंड

नोएडा। नोएडा की ग्रैंड ओमेक्स सोसाइटी में महिला से अभद्रता करने वाले श्रीकांत त्यागी पर योगी सरकार ने बड़ा एक्शन लिया। सोसाइटी में त्यागी के अवैध निर्माण को प्रशासन ने बुलडोजर से ढहा दिया। त्यागी ने फ्लैट में जाने के लिए सोसाइटी के बेसमेंट से सीढ़ी बनवा रखी थी। टीम ने उसे भी तोड़ दिया है।

सीएम योगी ने गृह विभाग से इस मामले में रिपोर्ट तलब की है। साथ ही, गनर देने से लेकर हर बिंदु की जांच करने, दोषी अधिकारियों और पुलिस कर्मियों सहित आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

#### पीड़िता को सुरक्षा में दो पीएसओ लगाए गए- एडीजी

एडीजी लॉ एंड आर्डर प्रशांत कुमार ने कहा,प्रभारी निरीक्षक और घटना के बाद सोसाइटी में सुरक्षा के लिए लगाए गए एक सब इंस्पेक्टर और चार कांस्टेबल को निलंबित किया गया है। सोसाइटी में जाने वाले हर व्यक्ति की स्क्रीनिंग की जा रही है। पीड़िता को दो पीएसओ दिए गए हैं। त्यागी की गिरफ्तारी के लिए स्ब्रस्न और पुलिस की 12 टीमें लगाई गई हैं। उस पर 25 हजार का इनाम रखा गया है। त्यागी की प्रेमिका को भी हिरासत में लिया गया है। नोएडा के भंगेल मार्केट में त्यागी की 40 दुकानें और धर्मकांटा है। पैमाइश के बाद 10 अवैध दुकानें ढहाई जाएंगी। बाकी पर भी कार्रवाई की तैयारी है।

#### त्यागी के 6 गुर्गों को 14 दिन की न्यायिक हिरासत

श्रीकांत त्यागी के 6 गुर्गों को पुलिस सोमवार को कोर्ट लेकर पहुंची। कोर्ट ने सभी आरोपियों को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा है। ओमेक्स सोसाइटी में रविवार रात त्यागी के 15 गुर्गे घुस आए थे। उन्होंने यहां लोगों पर पत्थरबाजी की और मारपीट भी की। अवैध निर्माण को लेकर श्रीकांत त्यागी की सोसाइटी की एक महिला और उसके पति से झड़प हुई थी। त्यागी ने दोनों को गालियां दी थीं और धमकाया था।

#### त्यागी की लोकेशन मिली, सीसीटीवी में भी दिखा

पुलिस को श्रीकांत त्यागी की लास्ट लोकेशन हरिद्वार और ऋषिकेश के बीच मिली है। उसका करीब 10 बार फोन ऑन-ऑफ हुआ है। वह हरिद्वार में एक जगह सीसीटीवी में भी कैद हुआ है।

घटना के बाद नोएडा पुलिस कमिश्नर आलोक सिंह ने थाना फेस-2 के प्रभारी सुजीत उपाध्याय को सस्पेंड कर दिया। उनकी जगह परम हंस तिवारी को लाया गया। फरार श्रीकांत त्यागी के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई होगी। इसके अलावा आरोपी नेता की संपत्ति भी कुर्क की जाएगी।

#### वीडियो वायरल होने के बाद त्यागी फरार, महंगी गाड़ियां जब्त

वीडियो वायरल होने के बाद से श्रीकांत त्यागी फरार है। तलाश में पुलिस ने दिल्ली, उत्तराखंड व क्क में दबिश दी है।

अफसरों ने कहा कि श्रीकांत त्यागी जब तक पकड़ा नहीं जाता, तब तक श्रीकांत त्यागी के घर के बाहर पुलिस तैनात रहेगी। परिवार के हर मूवमेंट पर नजर रखी जाएगी। पुलिस ने आरोपी की चार महंगी गाड़ियों को जब्त कर लिया है।

## शार्ट न्यूज

### जम्मू में एनआईए की छापेमारी

जम्मू। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में प्रतिबंधित इस्लामी संगठन जमात-ए-इस्लामी (जेईआई) के सदस्यों के खिलाफ जम्मू और डोगा जिलों के कई स्थानों पर सोमवार को छापेमारी की। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि आतंकी फंडिंग मामले के सिलसिले में जेईआई कार्यालयों के परिसरों सहित कई स्थानों पर छापे मारे गए। एक अधिकारी ने बताया कि तलाशी के दौरान मोबाइल फोन, सिम कार्ड और कुछ आपत्तिजनक सामग्री जब्त की गई। सरकार ने साल 2019 में आतंकवादी संगठनों के साथ संपर्क में रहने के कारण जेईआई पर प्रतिबंध लगा दिया था।

### प. बंगाल : सड़क दुर्घटना में 40 लोग घायल

हावड़ा। पश्चिम बंगाल में हावड़ा जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग 16 पर एक बस पलटने से कम से कम 40 लोग घायल हो गए हैं, जिसमें पांच की हालत गंभीर है। पुलिस ने सोमवार को बताया कि हावड़ा जिले में बगनान के चंद्रपुर में रविवार देर रात को हुई इस दुर्घटना में 40 लोग जख्मी हो गये हैं। घायल हुए लोग पश्चिम बंगाल के नादिया जिले के निवासी हैं। यह बस 70 से ज्यादा पर्यटकों को लेकर दिग्घा जा रही थी। घायलों को उलुबेरिया अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस के अनुसार, यह बस नदिया में राणाघाट से रविवार रात लगभग 11:30 बजे 70 पर्यटकों को साथ लेकर चली थी। सुबह लगभग 03 बजे, चालक अपना नियंत्रण खो बैठा और बस बगनान के चंद्रपुर में डिवाइडर से टकराकर पलट गयी।शुरूआती जांच के अनुसार, चालक के नींद में आने के कारण यह दुर्घटना हुई।

### अमित शाह ने ओडिशा में लिंगराज मंदिर के किए दर्शन

भुवनेश्वर। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने ओडिशा के दो दिवसीय दौरे के दौरान, सोमवार को लिंगराज मंदिर में दर्शन किए। श्री शाह ने कड़ी सुरक्षा के बीच लिंगराज मंदिर के अंदर जलाभिषेक किया। इसके बाद केंद्रीय गृह मंत्री कटक के लिए रवाना हुए। कटक के ओडिया बाजार में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जन्मस्थली संग्रहालय और आजादी का अमृत महोत्सव के अवसर पर सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर उन्होंने पुष्पांजलि अर्पित की। उनके साथ केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेता भी थे। श्री शाह शहर के जवाहरलाल नेहरू इंडोर स्टेडियम में ओडिया दैनिक प्रजातंत्र की 75वीं वर्षगांठ में शामिल होंगे। गृह मंत्री भुवनेश्वर में पार्टी कार्यालय में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ विचार-विमर्श करेंगे और दिल्ली लौटने से पहले आज शाम को यहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर लिखी गयी एक पुस्तक के पाठन कार्यक्रम में शामिल होंगे।

### इस बार गणेश उत्सव पर कोई रोक नहीं : अशोक

बेंगलुरु 08 अगस्त (वार्ता) कर्नाटक के राजस्व मंत्री आर. अशोक ने इस साल सार्वजनिक गणेशोत्सव को लेकर अटकलों पर विराम लगाते हुए कहा कि इस बार पहले की तरह ही यह उत्सव मनाया जाएगा। श्री अशोक ने सोमवार को यहां यह बात कही। उन्होंने कहा कि पिछले दो वर्षों से, कोरोना महामारी के कारण सार्वजनिक गणेश समारोहों पर प्रतिबंध लगाए गए थे। तब लोगों की जान बचाना अधिक महत्वपूर्ण था और जनता ने सरकार की अपील पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी। मंत्री ने कहा कि इतनी बड़ी बाधा नहीं होगी और इस साल से इसे उसी तरह मनाया जा सकता है जिस तरह से कोविड से पहले मनाया जाता था।

### हैदराबाद एसएलजी अस्पताल में 'होम सर्विस' लॉन्च

हैदराबाद। तेलंगाना के एसएलजी अस्पताल ने सोमवार को 'होम सर्विस' शुरू करने की घोषणा की। इसमें कई परीक्षणों पर भारी छूट भी दी जाएगी। निजामपेट नगरपालिका सीमा के तहत इस तरह की पहल शुरू करने वाला यह पहला मल्टी-स्पेशियलिटी हेल्थकेयर प्रदाता है। यह पहल नमूना संग्रह, फिजियोथेरेपी और नर्सिंग सेवाओं को घर पर लाती है। इसे विधान पार्षद शंबीपुर राजू द्वारा लॉन्च किया गया है। इस अवसर पर एसएलजी हॉस्पिटल्स के कार्यकारी निदेशक डी वी एस सोमा राजू ने कहा, अब मरीजों को उपचार कराने के लिए घंटों इंतजार नहीं करना पड़ेगा और घर पर ही अपना इलाज करा सकते हैं तथा रिपोर्ट भी अत्यंत सटीकता के साथ समय पर तुरंत वितरित की जाएगी। उन्होंने कहा कि अस्पताल के सीईओ गौरव खुराना, विभिन्न विशिष्टताओं के डॉक्टर, नर्सिंग और फिजियोथेरेपी टीम और सहयोगी स्टाफ के सदस्य भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

### अप्राकृतिक यौन संबंध के आरोप में शख्स गिरफ्तार

बेंगलुरु 08 अगस्त (वार्ता) कर्नाटक में गायों के साथ अप्राकृतिक यौन संबंध बनाने के आरोप में पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यहां के मद्दुर शहर के पास गेज्जलगेरे गांव के मंजूनाथ के एक दोस्त ने उसको गायों के साथ अप्राकृतिक यौन संबंध बनाते हुए पकड़ लिया था, जिसने थाने में शिकायत दर्ज कराई। जिसके बाद पुलिस ने उस शख्स को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि 34 वर्षीय आरोपी गायों के साथ अप्राकृतिक यौन संबंध बनाने के लिए अपने गांव से ज्ञानभारती (बेंगलुरु विश्वविद्यालय) परिसर जाता था।

### पार्वती नदी की पुलिया पार करते दो युवक बहे

बारां। राजस्थान में बारां जिले के नाहरगढ़ थाना क्षेत्र में पार्वती नदी की पुलिया पार कर रहे दो युवक पानी के तेज बहाव में बह गए जिसमें से एक को ग्रामीणों ने बचा लिया। इस दौरान नदी के किनारों पर मौजूद ग्रामीणों ने एक युवक को तो बाहर निकाल लिया, लेकिन दूसरा युवक तेज बहाव में बह गया। घटना की सूचना मिलते ही नाहरगढ़ थानाधिकारी उत्तम सिंह जादौन और अटरू थाना सीआई रामविलास गुर्जर टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। उधर, सूचना पर एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंच गई और बहे युवक की तलाश के लिए सर्च ऑपरेशन शुरू किया। पुलिस ने बताया कि आगरा के शमशाबाद निवासी रूपेश राजपूत (22) और उसका भाई राखी बेचने के लिए बाइक से जा रहे थे। इस दौरान बराना -नाहरगढ़ स्टेट हाईवे-72 पर देगनी गांव के पास पार्वती नदी की पुलिया पर डेढ़ फीट पानी बह रहा था। इस दौरान वहां मौजूद लोगों ने उनको मना किया, लेकिन दोनों युवक बेखौफ नदी पार करने लगे। इस दौरान तेज बहाव के कारण बाइक अनियंत्रित हो गई और दोनों युवक पानी में बह गए। इस दौरा ग्रामीणों ने एक युवक को बचा लिए लेकिन रूपेश पानी में बह गया।

### कोटा को राज्य के पहले मोटर मार्केट की सौगात शीघ्र

कोटा। नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन मंत्री शांति धारीवाल की पहल पर राजस्थान के कोटा को प्रदेश के पहले आधुनिक मोटर मार्केट की सौगात भी जल्द मिलने जा रही है। कोटा नगर विकास न्यास की तरफ़ से डीसीएम रोड पर करीब 4 हेक्टेयर भूमि पर इस आधुनिक मोटर मार्केट का निर्माण कार्य अब अंतिम दौर में है। मार्केट में 452 दुकानों का निर्माण पूरा हो गया है। रंग-रोगन सहित अन्य निर्माण कार्य अब अंतिम चरण में है। इस मोटर मार्केट के बन जाने से मैकेनिकों एवं व्यवसायियों को पुर्नवास कर सुव्यवस्थित एवं सभी सुविधाओं से युक्त बाजार मिल जायेगा। नगर विकास न्यास सचिव राजेश जोशी ने बताया कि इस मोटर मार्केट में 60 फीट चौड़ी सड़कें, मॉडर्न टॉयलेट, रोड़ लाइट,व्यवस्थित सीवरेज सिस्टम, 10 गुणा 10 आकार की दुकानों की निर्माण करवाया है। मार्केट में सुरक्षा मापदंडों के मद्देनजर चारों ओर बाउंड्री वॉल करवाया गया है। मैकेनिकों एवं व्यवसायियों को अपना व्यवसाय करने में किसी तरह की परेशानी ना हो, इसके मद्देनजर सभी सुविधाओं को आधुनिक मोटर मार्केट में विकसित किया गया है। आधुनिक मोटर मार्केट का कार्य अंतिम चरण में है। नगरीय विकास एवं स्वायत्तशासन मंत्री शांति धारीवाल ने बताया कि ..कोटा में यह प्रदेश का अपनी तरह का पहला व्यवस्थित एवं सभी सुविधाओं से सुसज्जित मोटर मार्केट विकसित किया गया है जहां मैकेनिकों एवं व्यवसायियों को आधुनिक सुविधाओं के साथ न्यूनतम दर पर पुनर्वास करते हुए दुकानें आवंटित की जा रही है।

## मानसून सत्र : निर्धारित समय से चार दिन पहले स्थगित हुई दोनों सदनों की कार्यवाही

नई दिल्ली। संसद के दोनों सदनों को उनके निर्धारित सत्र के पूरा होने से चार दिन पहले सोमवार को स्थगित कर दिया गया। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन की कार्यवाही को अनिश्चित काल के लिए स्थगित करते हुए कहा कि सत्र के दौरान 16 दिनों तक काम हुआ जिसमें सात विधान पारित किए गए थे। उन्होंने बताया कि लोकसभा में मात्र 48 प्रतिशत कामकाज हुआ वहीं राज्यसभा में विभिन्न मुद्दों पर हंगामे के कारण 47 घंटे का कामकाज बाधित हुआ। संसद का मानसून सत्र 18 जुलाई से 12 अगस्त तक चलने का कार्यक्रम था।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने निचले सदन की बैठक को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित किये जाने से पहले अपने पारंपरिक संबोधन में कहा कि इस सत्र में सदन में 16 बैठकें हुईं जिनमें 44 घंटे 29 मिनट कामकाज हुआ। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सदन में उपस्थित थे। लोकसभा सचिवालय के एक वक्तव्य के अनुसार, मानसून सत्र में सभा की कार्य उत्पादकता 48 प्रतिशत रही। बिरला ने कहा कि सत्र के पहले दिन सदन के चार नये सदस्यों ने शपथ ग्रहण किया जिसके बाद अब सदन में एक भी स्थान रिक्त नहीं है।



बिरला ने बताया कि इस सत्र में सदन में छह सरकारी विधेयक पेश किये गये और कुल मिलाकर सात विधेयक पारित किये गये जिनमें राष्ट्रीय डोपिंग रोधी विधेयक 2022, वन्यजीव संरक्षण संशोधन विधेयक 2022, केंद्रीय विश्वविद्यालय संशोधन विधेयक 2022 और ऊर्जा संरक्षण संशोधन विधेयक 2022 शामिल हैं। लोकसभा अध्यक्ष ने बताया कि सदन में नियम 377 के तहत 318 विषय उठाये गये और शून्यकाल में लोक महत्व के 98 मामले उठाये गये। उन्होंने कहा कि संसद की स्थायी समितियों की 41 रिपोर्ट पेश की गयीं और मंत्रियों ने विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर 47 वक्तव्य दिये। बिरला ने कहा कि 46 तारांकित प्रश्नों के मौखिक उत्तर मंत्रियों ने दिए। उन्होंने बताया कि सदन में 'मूल्य वृद्धि' और 'खेलों को बढ़ावा दिये जाने की आवश्यकता तथा इस संबंध में सरकार के कदमों' के विषय पर नियम 193 के तहत दो अल्पकालिक चर्चाएं भी हुईं। महंगाई पर चर्चा में 31 सदस्यों ने भाग लिया जो छह घंटे 25 मिनट तक चली और संबंधित मंत्री के उत्तर के साथ चर्चा संपन्न हुई।

बिरला ने कहा कि गैर-सरकारी सदस्यों द्वारा 91 विधेयक पेश किये गये और भारतीय जनता पार्टी सांसद जनार्दन सिग्रीवाल के 'अनिवार्य मतदान विधेयक' को सभा की सहमति से वापस ले लिया गया। मानसून सत्र में लोकसभा की कार्यवाही अधिकतर समय विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण बाधित रही। कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों के सदस्यों ने महंगाई, खाद्य पदार्थों को जीएसटी के दायरे में लाने और प्रवर्तन निदेशालय की कार्रवाई को लेकर सदन में हंगामा किया। हंगामे के दौरान सदन में तख्तियां दिखाने और आसन की अवमानना के मामले में कांग्रेस के चार सदस्यों को निलंबित भी किया गया जिनका निलंबन बाद में वापस लेने के साथ ही सदन में महंगाई पर चर्चा प्रारंभ हुई।

## तेलंगाना में कांग्रेस को झटका, दोसाजू श्रवण ने थामा भाजपा का दामन

**नई दिल्ली।** तेलंगाना में कांग्रेस के लिए एक और मुश्किल खड़ी हो गई है। हाल ही में पार्टी छोड़ने वाले AICC के पूर्व प्रवक्ता दासोजू श्रवण ने भाजपा का दामन थाम लिया है। केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी की मौजूदगी में उन्होंने भाजपा की सदस्यता ली। बताया जाता है कि श्रवण राज्य में कांग्रेस यूनिट के चीफ रेवंत रेड्डी से खुश नहीं थे। उन्होंने आरोप लगाया था कि रेवंत के नेतृत्व में पार्टी के अंदर काफी असंतोष है।



### रेवंत रेड्डी से अनबन, पार्टी छोड़ने की बताई कई वजहें

श्रवण ने कहा, रेवंत रेड्डी कांग्रेस पार्टी के मौलिक सिद्धांतों के विरुद्ध कार्य कर रहे हैं। वह पार्टी में लोकतंत्र और सामाजिक न्याय के खिलाफ काम करते हैं। वह पार्टी को अपने हिसाब से चलाना चाहते हैं। पिछड़ी जातियों का वह सम्मान नहीं करते हैं और सवर्ण होने की धमक दिखाना चाहते हैं। उन्होंने कांग्रेस को इस स्थिति में पहुंचा दिया है कि पार्टी केसीआर के तानाशाही शासन के खिलाफ खड़ी भी नहीं हो सकती।

बता दें कि एक सप्ताह के भीतर कांग्रेस से यह दूसरा इस्तीफा है। इससे पहले मुनूगोडू से कांग्रेस विधायक कोमातिरेड्डी राजगोपाल रेड्डी ने पार्टी छोड़ी थी। भाजपा नेता तरुण चुघ ने कहा था कि नेताओं की लंबी सूची है जो कि भाजपा में शामिल होना चाहते हैं।

उन्होंने कहा, 2014 से ही मैं कांग्रेस की तरफ से केसीआर सरकार की तानाशाही के खिलाफ लड़ रहा हूं। दुर्भाग्यवश रेवंत रेड्डी के गैरलोकतांत्रिक रवैये की वजह से राज्य में कांग्रेस पार्टी अब ऐसी स्थित में पहुंच गई है कि इसमें अब टीआरएस के खिलाफ खड़े होने की ताकत नहीं बची है। मैंने पार्टी छोड़ दी है लेकिन टीआरएस और केसीआर के लिए मेरे नजरिए में बदलाव नहीं आएगा। आगे ही केसीआर के खिलाफ लड़ाई जारी रहेगी।

## हिमाचल विधानसभा का मानसून सत्र 10 अगस्त से

शिमला। हिमाचल प्रदेश विधानसभा का 10 अगस्त से शुरू हो रहा सत्र 13 अगस्त तक चलेगा। यह जानकारी विधानसभा के अध्यक्ष विपिन सिंह परमार ने आज यहां पत्रकारों को दी। उन्होंने कहा कि विधानसभा के दौरान कोरोना व नई महामारी मंकी पॉक्स से बचाव के लिए तमाम एहतियात बरतें जाएंगे। श्री परमार ने बताया कि 10 अगस्त को पूर्वाह्न 11 बजे 13 वीं विधान सभा का पन्द्रहवां सत्र आयोजित होगा। इस सत्र में कुल चार बैठकें होंगी। दस अगस्त को सदन में शोकोदगार प्रस्तुत किये जायेंगे तथा 11 अगस्त को गैर सरकारी सदस्य कार्य दिवस के लिए निर्धारित किया गया है, जबकि 13 अगस्त को शनिवार के दिन भी सत्र का आयोजन किया जायेगा।

## वोटर लिस्ट हुई दुरुस्त, इलेक्शन कमीशन ने करीब 1 करोड़ डुप्लिकेट एंट्रीज को हटाया

नई दिल्ली। चुनाव आयोग को मतदाता सूची को दुरुस्त करने में काफी मशक्कत करनी पड़ी है। ईसी ने पिछले सात महीनों में इस लिस्ट से करीब 10 मिलियन (एक करोड़) डुप्लिकेट एंट्रीज को डिलीट कर दिया है या फिर उनमें सुधार किया है। जनसांख्यिकीय या फोटोग्राफिक रूप से समान एंट्रीज को हटाकर मतदाता पहचान पत्रों को सही किया गया है। डुप्लिकेट एंट्रीज को हटाना ECI का मुख्य फोकस रहा, क्योंकि यह वोटर्स का डिजिटल डेटाबेस बनाना चाहता है। चुनाव आयोग ने प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए 1 अगस्त से आधार कार्ड को वोटर आईडी से जोड़ने की इजाजत दी है। विपक्षी दलों ने इस कदम की आलोचना की है। इनका कहना है कि यह वोटर्स के डेमोग्राफिक मैपिंग की अनुमति देगा और डेटा प्राइवेसी को लेकर भी चिंता बढ़ेगी। अधिकारियों ने बताया कि 1,191,191 डेमोग्राफिकली समान एंट्रीज की पहचान की गई और उनमें से 927,853 को हटा दिया गया। एक अधिकारी ने बताया कि डीएसई (जनसांख्यिकीय रूप से समान प्रविष्टियां) गणना संबंधित राज्यों के सीईओ (मुख्य निर्वाचन अधिकारी) की ओर से की जाती है। इसके बाद बूथ स्तर पर इसका सत्यापन किया जाता है। चुनाव आयोग किसी भी एंट्री को खुद से नहीं हटाता। अधिकारी ने कहा, चुनाव आयोग ने 31,889,422 समान फोटोग्राफिक एंट्रीज की पहचान की और 9,800,412 को हटा दिया। पीएसई (फोटोग्राफिक रूप से समान प्रविष्टियां) गणना दो चरणों में की गई। पहले फेज में 2022 में ड्राफ्ट पब्लिकेशन के प्रकाशन से पहले मतदान वाले पांच राज्यों की गणना की गई। दूसरे चरण में शेष 32 राज्यों के लिए सार्वजनिक उपक्रमों की गणना की गई।

## निलंबित उप वन संरक्षक किशन चंद्र समेत आठ के खिलाफ मामला दर्ज

एजेंसी

नैनीताल। कार्बेट टाइगर रिजर्व (सीटीआर) के कालागढ़ वन प्रभाग में अवैध निर्माण व भ्रष्टाचार के मामले में सीटीआर के तत्कालीन उप वन संरक्षक किशन चंद्र पर गाज गिर गयी है। शासन के निर्देश पर सतर्कता अधिष्ठान ने किशन चंद्र के साथ ही कुल आठ लोगों के खिलाफ सोमवार को अभियोग पंजीकृत कर लिया है। सतर्कता अधिष्ठान के पुलिस अधीक्षक प्रह्लाद नारायण मीणा ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि हल्द्वानी सर्किल में अभियोग पंजीकृत किया गया है और जांच पुलिस क्षेत्राधिकारी अनिल सिंह मनराल को सौंपी गयी है। तत्कालीन उप वन संरक्षक किशन चंद्र के अलावा इस प्रकरण में संलिप्त सात अधिकारियों, कर्मचारियों और निर्माण कार्य में संलिप्त ठेकेदार को आरोपी बनाया गया है।

## बांग्लादेश ने पाकिस्तानी युद्धपोत को रोकने से किया साफ इनकार

इस्लामाबाद। श्रीलंका ने चीन द्वारा निर्मित पाकिस्तानी गाइडेड मिसाइल फ्रिगेट पीएनएस तैमूर को कोलंबो में पोर्ट कॉल की मंजूरी दे दी है। पोर्ट कॉल का मतलब किसी बंदरगाह पर रुककर यात्रियों या सामान को उतारना या फिर रिफ्यूलिंग करना होता है। दरअसल चीन इसे पाकिस्तान को सौंप रहा है और यह कोलंबो के रास्ते कराची जाने वाला है। इसे शंघाई के हुडोंग-जोंगुआ शिपयार्ड में बनाकर तैयार किया गया है।

चीन से पाकिस्तान के रास्ते में यह



कंबोडिया और मलेशिया की नौसेनाओं के साथ अभ्यास भी करेगा। बताया जा रहा है कि 12 से 15 अगस्त तक यह शिप कोलंबो पोर्ट पर रुक सकता है। श्रीलंका ने तो पाकिस्तानी के इस शिप को रुकने की इजाज़त दे दी है लेकिन बांग्लादेश ने इसकी इजाजत नहीं दी है। इसको चट्टोग्राम पोर्ट पर भी रोकने की परिमिशन मांगी गई थी लेकिन शेख हसीना की सरकार ने साफ इनकार कर दिया।

सूत्रों के मुताबिक भारत के करीबी बांग्लादेश ने पीएनएस तैमूर को रोकने से साफ इनकार कर दिया। बता दें कि बांग्लादेश अगस्त के महीने शोक मनाता है क्योंकि 15 अगस्त 1975 को शेख हसीने के पिता शेख मुजीब-उर-रहमान जिनें बंगबंधु के नाम से जाना जाता था, उनकी पाक के आतंकी संगठन जमैत-ए-इस्लामी के कट्टरपंथियों ने हत्या कर दी थी।

बता दें कि शेख हसीना सरकार और नरेंद्र मोदी सरकार काफी करीबी मानी जाती हैं। पीएम शेख हसीना स्पष्ट रूप से मानती हैं कि पाकिस्तान के उकसावे पर ही उनके पिता की हत्या की गई थी। इसके अलावा साल 2000 में शेख हसीना की भी हत्या की कोशिश हुई थी। साल 2004 में जब वह राष्ट्रपति थीं तब भी उनकी हत्या की कोशिश हुई।

## सेशन कोर्ट में तैनात पुलिसकर्मी ने सर्विस राइफल से खुद को मारी गाली, मौके पर ही दोड़ दिया दम

श्रीनगर। जम्मू और कश्मीर के डोडा जिले में एक पुलिसकर्मी ने अपनी सर्विस राइफल से गाली मारकर आत्महत्या कर ली। 46 वर्षीय स्पेशल पुलिस ऑफिसर गुरमेश सिंह घटना के समय डोडा सेशन कोर्ट में ड्यूटी पर तैनात थे।

अधिकारियों ने बताया कि अचानक गोली चलने की आवाज सुनाई दी, जिसके बाद उनके साथी दौड़कर सिंह के पास पहुंचे। उन्होंने देखा कि वह जमीन पर खून से लथपथ पड़े थे।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि गोली उनके सीने में लगी जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। शुरुआती जांच से पता चलता है कि उन्होंने आत्महत्या की होगी। अधिकारियों ने कहा कि सिंह ने इतना बड़ा कदम क्यों उठाया, इसके पीछे क्या मकसद था... यह अभी तक पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने इस संबंध में लोगों से पूछताछ कर रही है।

### यातायात पुलिस में तैनात सिपाही ने आत्महत्या की

गौरतलब है कि आगरा की यातायात पुलिस में तैनात सिपाही कुबेर सिंह ने शुक्रवार को अपने घर में लाइसेंसी रिवाल्वर से गोली मारकर आत्महत्या कर ली थी। पुलिस ने बताया कि इटावा के भरथना थाना क्षेत्र के नगला राजा गांव के रहने वाले 58 वर्षीय कुबेर सिंह आगरा ट्रैफिक लाइन में फिलहाल क्रेन चलाने की ड्यूटी पर तैनात थे।

अधिकारी ने बताया कि गुरुवार रात नौ बजे ड्यूटी से लौटकर वह खाना खाकर अपने कमरे में सो गए थे, लेकिन सुबह करीब चार बजे दूसरे कमरे में सो रही उनकी पत्नी चंद्रकांति ने गोली चलने की आवाज सुनी। आवाज सुनकर जब परिवार के सदस्य कमरे में पहुंचे तो उन्होंने कुबेर सिंह को खून से लथपथ देखा। पुलिस का कहना है कि आत्महत्या का कारण अभी पता नहीं चला है और न हीं मौके से कोई सुसाइड नोट मिला है।

## शहर के चौराहों को तिरंगे से सजायें: भूपेंद्र

भोपाल। मध्यप्रदेश के नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेंद्र सिंह ने कहा है कि शहरों में चौराहों को तिरंगे से सजायें। एक भी घर ऐसा नहीं रहे, जिसमें तिरंगा नहीं लहराये। आधिकारिक जानकारी के अनुसार श्री सिंह ने यह निर्देश आजादी का अमृत महोत्सव में 'हर घर तिरंगा' अभियान की यहां मंत्रालय में समीक्षा में दिये। उन्होंने कहा कि 'हर घर तिरंगा' अभियान के प्रति नागरिकों जागरूकता लाने के उद्देश्य से हर शहर में एक दिन प्रभात फेरी निकाली जाये। तिरंगा सांग को एलइडी स्क्रीन पर एवं प्रचार वाहनों में चलायें। शहरों में तिरंगा अभियान से संबंधित होर्डिंग और फ्लेक्स लगवायें, इससे वातावरण बनता है।

## राघव चड्ढा का एस.जयशंकर से आग्रह, मनदीप कौर का पार्थिव शरीर भारत लाया जाए

नयी दिल्ली/ चंडीगढ़। आम आदमी पार्टी (आप) के वरिष्ठ नेता और सांसद राघव चड्ढा ने सोमवार को विदेश मंत्री एस.जयशंकर से मुलाकात कर न्यूयॉर्क में 30 वर्षीय भारतीय मूल की महिला द्वारा आत्महत्या करने के मामले में तत्काल हस्तक्षेप कर पारिवारिक सदस्यों को जल्द न्याय दिलाने और महिला के शव को जल्द भारत लाने की पुरजोर अपील की। गौरतलब है कि अपने पति रंजोधबीर सिंह संधू द्वारा घरेलू हिंसा की शिकार मंदीप कौर ने तीन अगस्त को न्यूयॉर्क (अमेरिका) में आत्महत्या कर ली थी। आत्महत्या से पहले मनदीप कौर ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट किया था, जिसमें उसने अपने पति और ससुराल वालों पर शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित करने के गंभीर आरोप लगाए थे। केंद्रीय मंत्री से बैठक के दौरान सांसद राघव चड्ढा ने कहा कि मंदीप कौर, जो अपने पीछे अपनी दो बच्चियों को छोड़ गई है, की मृत्यु ने पूरे देश को झंकझोर कर रख दिया है। उन्होंने केंद्रीय मंत्री को सौंपे अपने ज्ञापन में कहा, हम उसे वापस तो नहीं ला सकते, लेकिन मैं विदेश मंत्रालय से यह सुनिश्चित करने का आग्रह करता हूं कि सरकार दोषियों को सख्त से सख्त सज़ा दिलाए और महिला के शव को भारत वापस लाने की उसके परिवार की मांग को तुरंत पूरी करे। इस घटना पर शोक व्यक्त करते हुए श्री चड्ढा ने कहा कि यह सोचकर रूह कांप उठती है कि ऐसी कितनी भारतीय महिलाएं विदेशों में घरेलू हिंसा से जूझ रही हैं।

## टनकपुर-पिथौरागढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग 33 घंटे बाद यातायात के लिए बहाल

नैनीताल। उत्तराखंड में पहाड़ की लाइफ लाइन कहे जाने वाला टनकपुर-पिथौरागढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग 33 घंटे बाद सोमवार को यातायात के लिये खुल गया है। तीन दिन से फंसे लोगों व यात्रियों ने आखिरकार राहत की सांस ली।

जिला प्रशासन की ओर से आज सुबह राजमार्ग खुलने की घोषणा की गयी। उपजिलाधिकारी हेमंत वर्मा की ओर से मौका का जायजा लेने के बाद यातायात सुचारू किया गया। मुख मार्ग बंद होने से पहाड़ी इलाकों में जरूरी सामानों की किल्लत होनी शुरू हो गयी थी। टनकपुर से पिथौरागढ़ को जोड़ने वाला राष्ट्रीय राजमार्ग भारी भूस्खलन के चलते शनिवार रात को बंद हो गया था। स्वाला व अमोड़ी गांव के बीच यहां भारी मलबा व बोल्डर आ गये व सुरक्षा दीवार ढह गयी। जिससे यातायात पूरी तरह से बाधित हो गया। पहाड़ व मैदान को जाने वाले वाहन यहां 33 घंटे तक फंसे रहे।

जिला प्रशासन की ओर से राजमार्ग को खुलवाने के लिये युद्धस्तर पर कार्यवाही की गयी। दोनों ओर से जेसीबी मशीनों को लगाया गया। दोनों मशीनों की ओर से लगातार मलबा हटाने का काम किया गया। प्रशासन की ओर से यहां फंसे लोगों व यात्रियों के लिये प्रशासन खाने-पीने व रहने की व्यवस्था भी की गयी।

इस दौरान एक बुरी खबर आयी। बताया जा रहा है कि जाम में एक एम्बुलेंस के फंस जाने से उपचार के अभाव में बीमार बच्चे की मौत हो गयी। साथ ही कई आवश्यक सेवा के वाहन भी फंसे रह गये। आज पुलिस व प्रशासन की ओर से धीरे-धीरे वाहनों को निकाला गया। जिला प्रशासन की ओर से अंदेशा जताया गया है कि अभी पहाड़ी से पत्थर गिरने का खतरा बना हुआ है। प्रशासन की ओर से लोगों से अपील की गयी है कि आवश्यक होने पर ही यात्रा करें।

दूसरी ओर कुमाऊं में डेढ़ दर्जन मोटर मार्ग अभी भूस्खलन के चलते बंद पड़े हुए हैं।

पिथौरागढ़ में चीन सीमा को जोड़ने वाला घारचूला-तवाघाट-गूंजी बार्डर मार्ग भी अवरूद्ध है। नैनीताल व भवाली को जोड़ने वाला राजमार्ग सड़क ढह जाने व मलबा आने से अभी नहीं खुल पाया है।

## हरियाणा में कानून-व्यवस्था नियंत्रण में : विज

चण्डीगढ। हरियाणा के गृह मंत्री अनिल विज ने कहा है कि राज्य में कानून एवं व्यवस्था की स्थिति शान्तिपूर्ण और नियंत्रण में है तथा कानून-व्यवस्था के सभी मुद्दों को प्रभावी ढंग से कानून अनुसार निपटाया गया है।

उन्होंने कहा कि विधायकों को जबरन वसूली के कॉल/धमकी मिलने की सूचना के उपरांत विधायकों को व्यक्तिगत सुरक्षा के लिए अतिरिक्त पुलिस कर्मी प्रदान किए गए, सुरक्षाकर्मियों के लिए वीवीआईपी सुरक्षा बारे रिफ्रेसर कोर्स का आयोजन



किया गया और विधायकों के सुरक्षाकर्मियों को एके 47 जैसे उन्नत हथियार भी प्रदान किए गए।

श्री विज आज यहां हरियाणा विधानसभा के मॉनसून सत्र के दौरान लगाए गए ध्यानाकर्षण प्रस्ताव का उत्तर दे रहे थे। उन्होंने बताया कि हरियाणा में कुछ विधायकों को जबरन वसूली के कॉल/धमकी मिलने की सूचना मिली थी। इसकी सूचना मिलते ही सम्बन्धित थाना क्षेत्र में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई और सदस्यों की सुरक्षा को बढ़ाया गया।

उन्होंने बताया कि मामलों की जांच विशेष कार्यबल (एसटीएफ) को सौंपी गई ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि इन मामलों को सर्वोच्च प्राथमिकता मिले और अन्य राज्यों की जांच/खुफिया एजेन्सियों और केन्द्रीय एजेन्सियों के साथ समन्वय सुनिश्चित किया जा सके। यह भी पता चला कि न केवल हरियाणा के विधायकों को बल्कि अन्य राज्य के विधायकों को भी इसी तरह की धमकी मिली थी। पुलिस महानिरीक्षक (एसटीएफ) ने इन मामलों की जांच के लिए पुलिस अधीक्षक, (एसटीएफ) के नेतृत्व में एक विशेष जांच दल का गठन किया। मोबाईल फोन्स के तकनीकी विश्लेषण से पता चला कि धमकी भरे कॉल करने के लिए इस्तेमाल किए जा रहे नम्बर मध्य पूर्वी देशों में पंजीकृत थे और पाकिस्तान से संचालित किए जा रहे थे।

## बिजली बिल संशोधन कानून के खिलाफ बिजली कर्मचारी गरजे

सिरसा। ऑल हरियाणा पॉवर कारपोरेशन वर्कर यूनियन सम्बंधित (सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा) और डिप्लोमा इंजीनियरिंग एसोसिएशन ने केंद्र सरकार द्वारा बिजली बिल संशोधन कानून लागू करने के विरोध में सोमवार को यहां जोरदार रोष प्रदर्शन किया।

बिजली कर्मचारियों ने कहा कि कि केंद्र सरकार गुपचुप तरीके से इस बिल को लागू करना चाहती है, जिसे किसी सूरत में लागू नहीं करने दिया जाएगा। मोदी सरकार अपने चहेतों को लाभ पहुंचाने के लिए आजादी महोत्सव के बहाने आम जनता को भ्रमित कर संसद में इन बिलों को पास करना चाहती है। सरकार बिजली वितरण प्रणाली को भी निजी हाथों में सौंपने को लेकर बिजली संशोधन बिल-2022 को आज संसद में पेश करने के लिए सूचीबद्ध कर दिया है।

यूनियन के प्रदेशाध्यक्ष अविनाश चंद्र ने बताया कि गत दो अगस्त को केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री आर.के. सिंह ने बिजली संशोधन बिल के ड्राफ्ट पर हस्ताक्षर किए हैं और पांच अगस्त को ड्राफ्ट को सभी सांसदों को सर्कुलेट कर दिया गया है। मोदी सरकार इतनी जल्दबाजी कर रही है कि आठ अगस्त को इस बिल को संसद में पेश करना चाहती है। किसान कानूनों की तर्ज पर ही सरकार यह बिल अंदर खाते पास करना चाहती है, ताकि लोगों को इसकी भनक न लगे।

उनके अनुसार यह कानून लागू हो गया तो बिजली निगमों का हाल बीएसएनएल की तरह हो जाएगा। सब्सिडी खत्म हो जाएगी। किसानों और गरीब जनता को भारी भरकम बिल भरने पड़ेंगे। बिजली संविधान की समवर्ती सूची में है।

# शार्ट न्यूज

## अमृत महोत्सव के अंतर्गत दिल्ली पब्लिक लाइब्रेरी द्वारा 'हर घर तिरंगा अभियान' का प्रचार



नई दिल्ली। दिल्ली पब्लिक लाइब्रेरी द्वारा 75वां आज़ादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है। इसी श्रृंखला के अनुक्रम में भारत सरकार द्वारा चलाये जा रहे हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत सचल पुस्तकालय की। मोबाइल बसों पर बैनर के माध्यम से इस अभियान को जन-जन तक पहुँचाने के लिए अथक प्रयास किये जा रहे हैं। इस अभियान की शुरुवात दिनांक 08-08-2022 को सुभाष चंद्र कानखेड़िया, अध्यक्ष, दिल्ली लाइब्रेरी बोर्ड द्वारा केंद्रीय पुस्तकालय से तिरंगा लहराकर की गई तथा इस अवसर पर दिल्ली लाइब्रेरी बोर्ड के उपाध्यक्ष, परीक्षित डागर तथा दिल्ली लाइब्रेरी बोर्ड के सदस्य दानिश इकबाल की उपस्थिति में स्टाफ-सदस्यों द्वारा तिरंगा लहराकर सचल पुस्तकालय बसों द्वारा हर घर तिरंगा अभियान हेतु दिल्ली के ग्रामीण क्षेत्रों में प्रचार किया गया।

## बिजली संशोधन बिल से बढ़ेगी लोगों की परेशानी, अरविंद केजरीवाल बोले- केंद्र सरकार इस पर जल्दबाजी ना करे

नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को बिजली अधिनियम में प्रस्तावित संशोधनों को खतरनाक बताते हुए केंद्र सरकार से जल्दबाजी में इस पर आगे नहीं बढ़ने का आग्रह किया। केजरीवाल ने दावा किया कि इससे केवल कुछ बिजली वितरण कंपनियों को ही फायदा होगा। उन्होंने कहा कि बिजली संशोधन विधेयक 2022 लोगों की पीड़ा को बढ़ाता है क्योंकि यह बिजली आपूर्ति और वितरण से जुड़ी समस्याओं को दूर करने के बजाय और अधिक गंभीर बना देगा। केंद्र सरकार ने सोमवार को लोकसभा में विधेयक को विचार और पारित करने के लिए पेश किया। केजरीवाल ने एक ट्वीट कर कहा, आज लोकसभा में बिजली संशोधन बिल लाया जा रहा है। ये कानून बेहद खतरनाक है। इससे देश में बिजली की समस्या सुधरने के बजाय और गंभीर होगी। लोगों की तकलीफें बढ़ेंगी। केवल चंद कंपनियों को फायदा होगा। मेरी केंद्र से अपील है कि इसे जल्दबाजी में ना लाया जाए। पंजाब से आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सदस्य संदीप पाठक ने कहा कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि केंद्र सरकार अपनी ही बात से मुकरने के बाद लोकसभा में इस विधेयक को पेश करने जा रही है। उन्होंने ट्वीट किया, बिजली के मामले में कानून बनाने में राज्य का बराबर का अधिकार है, मगर इस विधेयक के बारे में केंद्र सरकार ने किसी भी राज्य से राय नहीं मांगी है। आम आदमी पार्टी इसका विरोध करती है।

## नोएडा में महिला से गैंगरेप, मकान मालिक और उसके दोस्त पर आरोप; दोनों गिरफ्तार

नोएडा। नोएडा में एक महिला के साथ कथित तौर से सामूहिक दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। महिला का आरोप है कि उसके मकान मालिक ने अपने दोस्त के साथ मिलकर कथित तौर पर सामूहिक दुष्कर्म किया। घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस थाने के प्रभारी निरीक्षक राजीव बालियान ने बताया कि यहां की एक कॉलोनी में रहने वाली महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि रविवार रात उसका मकान मालिक अनुराग शास्त्री अपने दोस्त रामानंद के साथ उस समय उसके घर में जबरन घुस आया, जब वह अकेली थी। बालियान के मुताबिक, महिला ने आरोप लगाया है कि अनुराग और रामानंद ने उसके साथ कथित तौर पर मारपीट और सामूहिक दुष्कर्म किया। उन्होंने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। उन्हें जल्द अदालत में पेश किया जाएगा।

## बदरपुर फ्लाईओवर पर जोमैटो डिलीवरी ब्वाय के लिए काल बना चाइनीज मांझा, सड़क दुर्घटना में मौत

नई दिल्ली। बदरपुर फ्लाईओवर पर चाइनीज मांझे की वजह से जोमैटो डिलीवरी ब्वाय की मौत हो गई। डिलीवरी ब्वाय सड़क पर गिरे मांझे से भ्रमित होकर नीचे गिर गया। इस दौरान पीछे से आ रहे दूसरे वाहन ने उसे टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। जानकारी के अनुसार, जोमैटो डिलीवरी ब्वाय का शव तुगलकाबाद मेट्रो स्टेशन पर दिल्ली फरीदाबाद हाइवे के सामने मिला। पुलिस को घटना के संबंध में कई कॉल्स मिलीं। मौके पर बाइक पैशन प्रो दुर्घटनाग्रस्त हालत में मिली और नरेंद्र पुत्र विनोद निवासी विश्वकर्मा कॉलोनी, पुल प्रह्लादपुर उम्र 32 का शव भी पड़ा हुआ था। मृतक के शव को किसी अन्य वाहन ने कुचल दिया था। ऐसी संभावना है कि मृतक सड़क पर गिरे मांझे से भ्रमित होकर रोड पर गिर गया होगा। उसके पीछे चल रहे अन्य वाहन ने उसे टक्कर मार दी होगी। जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक के शरीर के किसी भी हिस्से में मांझा फंसा हुआ नहीं मिला। मामले में कानूनी कार्रवाई शुरू की जा रही है।

## दिल्ली में लगातार बारिश से गिरा तापमान

नई दिल्ली। दिल्ली के ज्यादातर इलाकों में हुई हल्की से मध्यम बारिश के चलते राजधानी का अधिकतम पारा 30 डिग्री से नीचे आ गया है। मौसम विभाग का अनुमान है कि सोमवार को भी अलग-अलग इलाकों में बूंदाबांदी हो सकती है। राजधानी के ज्यादातर हिस्सों में रविवार की सुबह से ही घने बादल छाए रहे। इस दौरान हल्की से मध्यम स्तर की बारिश हुई। दोपहर 12 बजे तक आमतौर पर बारिश थम गई, लेकिन बादल छाए रहे। सफदरजंग मौसम केंद्र में अधिकतम तापमान 29.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो कि सामान्य से पांच डिग्री कम है। न्यूनतम तापमान 27.4 डिग्री रहा जो सामान्य से एक डिग्री ज्यादा है। सफदरजंग में आर्द्रता का स्तर 100 से 79 फीसदी तक रहा। मौसम विभाग का अनुमान है कि सोमवार दिन में भी बूंदाबांदी हो सकती है। वहीं, सोमवार के बाद मौसम आमतौर पर साफ रहेगा। दिल्ली के अलग-अलग इलाकों में हुई बारिश के चलते भले ही तापमान में गिरावट दर्ज की गई हो, लेकिन अगस्त के पहले सप्ताह में दिल्ली की मानक वेधशाला सफदरजंग में सामान्य से 69 फीसदी कम बारिश रिकॉर्ड की गई है। मौसम विभाग के मुताबिक अगस्त के अब तक के दिनों में सामान्य तौर पर 56.6 मिमी बारिश होनी चाहिए, लेकिन इस बार अबतक 17.4 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई है।

# बीजेपी ने भी माना कि प्रभु श्री राम मंदिर के निर्माण में भाजपा के नेता ही हज़ारों करोड़ का घोटाला कर रहे है : संजय सिंह

### मैंने सीएम योगी आदित्यनाथ को बार-बार बताया और हज़ारों साक्ष्य दिये लेकिन उन्होंने ज़मीन लुटने दी क्योंकि लूटने वाले भाजपा के नेता हैं : संजय सिंह

**प्रफुल्ल राय/गौरवशाली भारत**

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी द्वारा एक साल से अधिक लंबी लड़ाई लड़ने के बाद अब बीजेपी ने भी माना कि प्रभु श्री राम मंदिर के निर्माण में भाजपा के नेता हज़ारों करोड़ का घोटाला कर रहे हैं। राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने कहा कि राम मंदिर निर्माण में भाजपा द्वारा हजारों करोड़ के घोटाले का खुलासा करने पर योगी सरकार ने मुझ पर राष्ट्रद्रोह का मुक़दमा किया। लेकिन घोटाला करने वाले लोगों पर कोई कार्रवाई नहीं की गई थी। मैंने सीएम योगी आदित्यनाथ को बार-बार बताया और हज़ारों साक्ष्य दिये लेकिन उन्होंने ज़मीन लुटने दी, क्योंकि लूटने वाले भाजपा के नेता हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा की आस्था भगवान श्री राम में नहीं भ्रष्टाचार में है। इस देश के लोगों को अब भाजपा शर्म आती है। क्या भाजपा के लोग इसलिए मंदिर आंदोलन कर रहे थे कि श्री राम मंदिर के पास ज़मीनें बेच-बेच कर पैसा कमाएंगे?

आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने आज पार्टी मुख्यालय में महत्वपूर्ण प्रेस वार्ता को संबोधित किया। संजय सिंह ने कहा कि पिछले 1 वर्ष से अधिक समय से मैं लगातार कह रहा था कि प्रभु श्री राम के नाम पर जमीन का घोटाला हो रहा है। इस खेल में भारतीय जनता पार्टी के बड़े बड़े नेता शामिल हैं। इसके के बावजूद मुझ पर मुकदमे लिखे जाते रहे और मेरे ऊपर राष्ट्रद्रोह लगाया जाता रहा। एक दिन में आदित्यनाथ सरकार ने 9-9 एफआईआर की। मेरे ऊपर कुल 23 एफआईआर की गईं। लेकिन मैं जिन लोगों पर कार्रवाई की मांग कर रहा था उन पर कोई कार्रवाई नहीं गई।

सांसद संजय सिंह ने 24 जून 2021 का पत्र दिखाते हुए हुए कहा कि इस पत्र में पहला आरोपी ऋषिकेश उपाध्याय, भारतीय जनता पार्टी के मेयर हैं। इसके अलावा सुल्तान अंसारी और उसके परिवार का नाम लिया था। नगर कोतवाल को एफआईआर दर्ज करने के लिए कई आरोपियों के नाम दिए थे।? इसमें कहा था कि यह लोग जमीन का घोटाला कर रहे हैं। मैंने प्रमाण सहित बताया था कि किस प्रकार से 5 मिनट के अंदर दो करोड़ की जमीन 18.5 करोड़ रुपए में ट्रस्ट के द्वारा खरीदी गई। बड़ी मजेदार बात यह थी कि भारतीय जनता पार्टी के मेयर ऋषिकेश उपाध्याय जमीन बेचने और खरीदने वाले में भी गवाह थे। ट्रस्ट के मेंबर अनिल मिश्रा जमीन खरीदने और बेचने वाले में गवाह थे। यह घोटाला मैंने खोला था और इसमें कहा था कि एफआईआर दर्ज करो। इन लोगों पर कार्रवाई नहीं हुई बल्कि मेरे ऊपर हुई। मेरे ऊपर लगातार अलग-अलग मामलों में मुकदमे हुए।

# एनएफएल प्रशिक्षण के दौरान सिखाई गई कलाओं को कक्षा तक पहुंचाएं शिक्षक : विकास जयदीप

**संवाददाता/गौरवशाली भारत**



नांगल चौधरी। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में निपुण हरियाणा के अंतर्गत चल रहे एनएफएल ट्रेनिंग कैंप में पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का समापन किया गया। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी के दिशा निर्देशन में आयोजित प्रशिक्षण शिविर में हिंदी गणित व अंग्रेजी भाषा के विभिन्न रणनीतियों पर गहन चिंतन सहित प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण शिविर का सफल संचालन राजकीय बाल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य विकास जयदीप की अध्यक्षता में किया गया।

प्राचार्य विकास जयदीप ने गौरवशाली भारत से विशेष वार्तालाप में बताया कि, प्रशिक्षण शिविर के माध्यम से बुनियादी साक्षरता एवं संस्था ज्ञान कार्यक्रम के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति के लिए विभिन्न गतिविधियों का प्रस्तुतीकरण कर एवं सांझा समझ विकसित की गई जेबीटी एवं एचटी जिले के स्कूलों में जाकर बच्चों को अकादमी के सहयोग प्रदान करते हैं। साथ ही उन्होंने बताया कि, इस प्रशिक्षण के उपरांत बुनियादी साक्षरता एवं संस्था ज्ञान के कार्यक्रम को और अधिक जीवंतता के साथ संचालित करने में अपना अकादमिक सहयोग कक्षा तक पहुंचेगा।

कार्यक्रम में मुख्य प्रशिक्षक स्वरूप जेबीटी अध्यापक मनमोहन, अध्यापक इंद्रजीत, अध्यापक जितेंद्र और एबीआरसी भूपेंद्र कुमार ने प्रशिक्षण के दौरान अपनी भूमिका का निर्वहन किया। सीनियर डायट प्रवक्ता राजेश दुआ व जिला कोऑर्डिनेटर प्रवक्ता डायरेक्ट विक्रम सिंह ने प्रशिक्षण कार्यक्रम का पर्यवेक्षण किया व अनेक सुझाव दिए। इस कड़ी में प्रतिभागियों द्वारा ग्रुप बनाकर मौखिक भाषा के विभिन्न चरणों पर अपनी प्रस्तुतियाँ दी गई साथ ही गणित विषय की विभिन्न कक्षाओं को पढ़ाने के लिए पाठ योजना आधारित शिक्षण पर बल दिया गया।

इस एनएफएल मिशन में प्राथमिक स्तर पर भाषा शिक्षण उपलक्ष्य विशेष रूप से अंग्रेजी भाषा शिक्षण के लिए गतिविधि आधारित प्रशिक्षण प्रदान किया गया। स्कूल के प्राचार्य विकास जयदीप ने प्रत्येक प्रशिक्षण शिविर से चुने हुए ग्राम कोजिंन्दा से जीपीएस महेश कुमार गुप्ता और ग्राम नियामतपुर से जीजीपीएस प्रवीण कुमार को श्रेष्ठ प्रशिक्षकु पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

राजकीय बाल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य विकास जयदीप द्वारा पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर समापन के दौरान सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए साथ ही प्राचार्य ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में संबोधित करते हुए सभी प्रतिभागियों से प्रशिक्षण के दौरान सिखाई गई कलाओं को कक्षा तक पहुंचाने के लिए आव्हान किया।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने में एबीआरसी राजेंद्र, सुरेंद्र कुमार, ज्योति कुमारी और तकनीकी सहायता हेतु अध्यापक राजेंद्र द्वारा विशेष सहयोग रहा और प्रशिक्षण के दौरान सभी प्रशिक्षकु एवं स्कूल स्टॉफ़ उपस्थित रहे।

## जानलेवा बनी प्रीति की प्रीत, 9 साल छोटे प्रेमी फिरोज को मारकर सूटकेस में भरा

गाजियाबाद। गाजियाबाद में लिव इन में रह रहे प्रेमी की हत्या कर शव सूटकेस में लेकर जा रही महिला को सोमवार सुबह पुलिस ने पकड़ा है। महिला ने रात में उस्तरे से गला काटकर युवक की हत्या कर दी। पुलिस का कहना है कि महिला शादी के लिए युवक पर दबाव डाल रही थी। शादी ना करने से नाराज होकर उसने हत्या की है। तुलसी निकेतन में रहने वाली प्रीति शर्मा (32) ने चार साल पहले अपने पति दीपक यादव को छोड़ दिया था। शादी से महिला का एक बेटा था, लेकिन दो वर्ष पूर्व उसकी मौत हो गई। करीब तीन साल से वह हेयर ड्रेसर फिरोज (23) के साथ अपने फ्लैट में लिव इन में रह रही थी। पुलिस के मुताबिक प्रीति लगातार फिरोज से शादी के लिए दबाव डाल रही थी लेकिन वह आनाकानी कर रहा था। पुलिस के मुताबिक रात करीब 2 बजे प्रीति ने फिरोज की उस्तरे से गला काटकर हत्या कर दी। फिरोज पुत्र इकबाल मूल रूप से संभल का रहने वाला था। पूर्व में हेयर ड्रेसर का काम करता था लेकिन पिछले कुछ समय से वह कुछ नहीं कर रहा था। जबकि प्रीति भी पहले निजी कंपनी में नौकरी करती थी अब वह भी कोई काम नहीं कर रही। पुलिस का कहना है कि रात गस्त के दौरान एक महिला ट्रॉली बैग लेकर खड़ी मिली। शक होने पर उससे ट्राली बैग खोलने के लिए कहा गया। बैग खोलने पर उसमें अंदर शव मिला। शव पर सिर्फ अंडरवियर था। एसपी ट्रांस हिंडन ज्ञानेंद्र सिंह का कहना है कि पुलिस ने शव कब्जे में ले लिया है। महिला से पूछताछ की जा रही है। महिला ने हत्या शनिवार रात की थी। सोते हुए फिरोज विरोध नहीं कर पाया। पुलिस का कहना है कि पूरे दिन रविवार को महिला शव के साथ रही। दिल्ली के सीलमपुर से ट्राली बैग खरीदकर लायी। रविवार देर रात शव को ट्राली बैग में रखकर ग़ाज़ियाबाद रेलवे स्टेशन लेकर जाने की फिराक में थी। तभी पुलिसने रात 2 बजे अकेली महिला को सड़क पर देख परेशान जानकर रोका। इसके बाद हत्या का राज खुला। हत्या की वजह शनिवार रात महिला को फिरोज द्वारा शादी के लिए पूछने पर चरित्र पर उंगली उठाना था।

# श्रीकांत त्यागी को शह देने वाले यूपी पुलिस के अफसरों पर भी गाज, थाना प्रभारी समेत 6 नपे

नई दिल्ली। नोएडा के सेक्टर-93 बी की ग्रैंड ओमैक्स सोसाइटी में महिला से बदसलूकी कर चर्चा में आए गालीबाज नेता श्रीकांत त्यागी का पुलिस और प्रशासन में भी काफी रसूख था। उसके रसूख का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि शुरुआत में इस मामले में भी पुलिस का उस पर नरम रुख रहा। हालांकि, अब उस पर पुलिस और प्रशासन का चौतरफा शिकंजा कसता जा रहा है। इसके साथ ही श्रीकांत त्यागी को शह देने वाले यूपी पुलिस के अफसरों पर भी गाज गिरने लगी है। अब तक काम में लापरवाही बरतने के चलते थाना प्रभारी समेत 6 पुलिसकर्मियों को सस्पेंड कर दिया गया है।

### एसएचओ सहित 6 पुलिस कर्मी सस्पेंड

एडीजी (लॉ एंड ऑर्डर) प्रशांत कुमार ने बताया कि इस मामले में डीजीपी द्वारा थाना फेस-2 के एसएचओ सुजीत उपाध्याय सहित सोसाइटी की सुरक्षा में तैनात किए गए एक सब-



इंस्पेक्टर और चार सिपाहियों को भी काम में लापरवाही बरतने के आरोप में सस्पेंड कर दिया गया है। इसके साथ ही पीड़ित महिला को भी दो सुरक्षा कर्मी उपलब्ध कराए गए हैं। बताया जा रहा है कि सोसाइटी में आने वाले हर व्यक्ति की गहनता से जांच की जा रही है। उक्त महिला ने त्यागी द्वारा सोसायटी के साझा क्षेत्र में पौधे लगाने पर आपत्ति जताई थी, जिससे वह भड़क उठा था। महिला के साथ बदसलूकी का वीडियो वायरल होने के बाद से ही श्रीकांत त्यागी फरार है। पुलिस द्वारा उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज की जा चुकी है और पुलिस की 8 टीमें उसकी तलाश में जुटी हैं। श्रीकांत त्यागी पुलिस से बचने को भागा-भागा फिर रहा है। उत्तर प्रदेश से लेकर उत्तराखंड तक सरगर्मी से उसकी तलाश जारी है। मीडिया रिपोर्टों में दावा किया जा रहा है कि उसकी लास्ट लोकेशन ऋषिकेश की बताई जा रही है।

बता दें कि, कथित तौर पर खुद को भाजपा नेता बताने वाले श्रीकांत त्यागी का वीडियो वायरल होने के बाद भाजपा ने उससे पल्ला झाड़ लिया था। स्थानीय भाजपा सांसद डॉ. महेश शर्मा ने शनिवार को त्यागी के भाजपा सदस्य होने से इनकार किया था। उन्होंने कहा था कि आरोपी पर कड़ी कार्रवाई होगी और 48 घंटे के अंदर उसे गिरफ्तार किया जाएगा।

इस घटना के कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गए थे, जिनमें से एक में त्यागी महिला के खिलाफ कथित तौर पर गंदी-गंदी गालियां देने के साथ अपशब्दों का इस्तेमाल करते और हाथापाई करते दिख रहा है। त्यागी ने महिला के पति के लिए भी कथित तौर पर अभद्र भाषा का इस्तेमाल करते हुए अपमानजनक टिप्पणी की थी।

# उपाध्यक्ष-पालिका परिषद ने स्कूली बच्चों की प्रभात फेरी लोधी गार्डन में हरी झंडी दिखाकर रवाना की

**आनंद राय/गौरवशाली भारत**

नई दिल्ली। भारत छोड़ो आंदोलन के उपलक्ष्य में और भारत की आजादी के 75 साल को आजादी का अमृत महोत्सव के रूप में मनाने के अवसर पर, नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) के उपाध्यक्ष, श्री सतीश उपाध्याय ने लोधी गार्डन में बाल प्रभात फेरी और सेंट्रल पार्क, कनॉट प्लेस में सफाई सेवक के लिए आयोजित प्रभात फेरी को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

प्रभात फेरी को हरी झंडी दिखाने से पहले, श्री उपाध्याय ने स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को याद किया और कहा कि 9 अगस्त हर साल भारत छोड़ो आंदोलन दिवस के रूप में मनाया जाता है जब महात्मा गांधी ने 1942 में इस आंदोलन को शुरू किया था और इसे काकोरी षड्यंत्र के लिए भी जाना जाता है जो 9 अगस्त, 1925 को हुआ था। काकोरी षडयंत्र को महान स्वतंत्रता सेनानियों राम प्रसाद बिस्मिल, राजेंद्र लाहिड़ी, चंद्रशेखर आजाद और अन्य ने अंजाम दिया था। श्री उपाध्याय ने बताया कि आज हम सभी भारतीय स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान के परिणाम से भारत की आजादी की 75वीं वर्षगांठ मना रहे हैं और तिरंगा-राष्ट्रीय ध्वज हमारे स्वतंत्रता संग्राम और हमारे वीरों के बलिदान का प्रतीक है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि यह प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व है कि वह अपनी मेहनत से अर्जित स्वतंत्रता को संरक्षित करे और राष्ट्रीय अखंडता और इसके निरंतर विकास के अर्थ में अपने कर्तव्य का पालन करे।

### लोधी गार्डन में प्रभात फेरी

श्री उपाध्याय ने कहा कि यह छोटे बच्चे हमारे देश का भविष्य हैं और इन नन्ने-नन्ने बच्चो को यह पता होना चाहिये कि आज हम जो आजादी को इस तरह मना रहे है वो स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदानों और समर्पण का ही नतीजा है। उन्होंने कहा कि इन्ही बच्चों ने देश को आगे लेकर जाना है और देश के धरोहर को पिरो कर रखना है। उन्होंने कहा इन्ही बच्चो ने एक भारत-श्रेष्ट भारत की मशाल को भी आगे लेकर जाना है। उन्होंने कहा की माननीय प्रधान मंत्री हम सब के लिए अपने आप में प्रेरणा का एक बहुत बड़ा स्रोत हैं। उन्होंने बताया कि लोधी रोड, जोर बाग और लोधी एस्टेट के छह एनडीएमसी और नवयुग स्कूलों के 500 प्राथमिक कक्षाओं के छात्रों ने पूरे उत्साह के साथ राष्ट्रीय ध्वज और तिरंगे गुब्बारों के साथ भाग लिया। उन्होंने प्रभात फेरी में शामिल पूरे मार्ग से वंदे मातरम और भारत माता की जय के नारे लगाए। प्रभात फेरी के दौरान स्कूली छात्र ड्रम, ढपली और बिगुल जैसे वाद्य यंत्रों को लेकर गए और देशभक्ति की धुन बजाई। इससे पूर्व स्कूली छात्र-छात्राओं की टीम ने प्रभात फेरी के समक्ष देशभक्ति गीत प्रस्तुत भी किए। उन्होंने आगे कहा कि एनडीएमसी स्कूलों के छात्रों की प्रभात फेरी 15 अगस्त, 2022 तक हर घर तिरंगे के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए अपने आसपास के क्षेत्र के प्रत्येक स्कूल द्वारा जारी रखी जाएगी।

# स्वाति मालीवाल ने महिला बस मार्शल द्वारा आत्महत्या के प्रयास के मामले में दिल्ली परिवहन निगम और दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया

**विवेक राय/गौरवशाली भारत**

नई दिल्ली। दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने एक महिला बस मार्शल द्वारा आत्महत्या के प्रयास के मामले में दिल्ली पुलिस और दिल्ली परिवहन निगम को नोटिस जारी किया है। आयोग में एक महिला सिविल डिफेंस वालंटियर ने शिकायत दर्ज़ कराई जिसमें उसने बताया कि उसे 20.05.2022 को सुभाष प्लेस डिपो में दिल्ली परिवहन निगम की बस सेवा में बस मार्शल के रूप में तैनात किया गया था। उसने आरोप लगाया कि कुछ दिनों के बाद बस कंडक्टर ने उस पर संबंध बनाने के लिए दबाव डालना शुरू कर दिया और डिपो से उसके ट्रांसफर के लिए 25,000 रुपये भी ले लिये। शिकायतकर्ता ने बताया कि उसने बस कंडक्टर के खिलाफ डिपो के उच्च अधिकारियों से शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। उसने आरोप लगाया कि उसके बाद डिपो प्रबंधक और कुछ बस चालक और कंडक्टर सहित अन्य कर्मचारियों ने उसे परेशान करना शुरू कर दिया। उसने कहा कि उसने कर्मचारियों के खिलाफ दिल्ली पुलिस से संपर्क किया और केशवपुरम थाने में शिकायत दर्ज करायी हालांकि, मगर डिपो प्रबंधक और अन्य कर्मचारियों ने उसे मामले में समझौता करने के लिए मजबूर कर दिया। उसने बताया कि आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। उसने बताया कि 20.07.2022 को डिपो प्रबंधक ने उसे उसकी ड्यूटी से बर्खास्त कर दिया। इसके बाद उसने संबंधित एसडीएम से संपर्क किया, जिसने उसकी शिकायतों को पढ़ने के बाद उसे फिर से डिपो में शामिल होने के लिए भेज दिया। मगर डिपो मैनेजर और अन्य स्टाफ ने उसे ज्वाइनिंग देने से मना कर दिया और उसे अपनी शिकायतें वापस लेने को कहा।

शिकायतकर्ता ने कहा कि उसने 23.07.2022 को केशवपुरम थाने में शिकायत दी, लेकिन कोई एफआईआर दर्ज नहीं हुई। उसने आगे बताया कि उसने दिल्ली परिवहन निगम के उच्च अधिकारियों से संपर्क किया, लेकिन उसकी शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। शिकायतकर्ता ने कहा कि वह और अधिक उत्पीड़न सहन नहीं कर सकती थी इसलिए उसने 05.08.2022 को आत्महत्या करने का प्रयास किया।

# दिल्ली में अंतरराज्यीय लिंग जांच रैकेट का भंडाफोड़

गुरुग्राम। गुरुग्राम के स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने रविवार को दिल्ली में एक घर पर छापा मारा और अवैध लिंग जांच के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया। विभाग ने एक नकली गर्भवती महिला को सेंटर पर भेजा, जहां तीन लोगों के एक समूह ने उससे भ्रूण की लिंग जांच के लिए पैसे मांगे। एक अधिकारी ने बताया कि डॉक्टर और तीन अन्य व्यक्तियों के खिलाफ पीसीपीएनडीटी अधिनियम, 1994 के तहत पालम विहार में मामला दर्ज किया गया है।

गुड़गांव के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ वीरेंद्र यादव ने कहा, टीम नकली गर्भवती महिला के साथ गई जिससे आरोपी ने संपर्क किया था। महिला को प्रक्रिया के लिए 40,000 रुपये का भुगतान करने के लिए कहा गया। इसके बाद गुड़गांव स्वास्थ्य विभाग की टीम ने दिल्ली तक नकली मरीज का पीछा किया, जहां उन्होंने स्थानीय पुलिस को सूचित किया और तीन लोगों को पकड़ लिया। इनके पास से पोर्टेबल अल्ट्रासाउंड मशीन बरामद की गई हैं।

# गाजियाबाद में पुलिसकर्मी की पत्नी से मारपीट और अश्लील हरकत

**एजेंसी**

गाजियाबाद। गाजियाबाद के कविनगर थाना क्षेत्र में रहने वाले पुलिसकर्मी की पत्नी ने एक भाजपा नेता के बेटों पर घर में घुसकर मारपीट, अश्लीलता करने और कपड़े फाड़ने का आरोप लगाया है।

महिला के मुताबिक, भाजपा नेता व उनके बेटे उसके मीटर से बिजली चोरी करते थे।

चोरी पकड़ने पर उन्होंने फोन करके विरोध किया तो भाजपा नेता के बेटों ने गाली-गलौज करते हुए धमकी दी। इसके बाद घर आकर मारपीट की और अश्लीलता करते हुए कपड़े फाड़ दिए। शिकायत के आधार पर कविनगर पुलिस ने भाजपा नेता के बेटों के खिलाफ केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

महेंद्रा एंक्लेव में रहने वाली महिला का कहना है कि उसके पति यूपी पुलिस में हेड कॉन्स्टेबल हैं, लेकिन पारिवारिक विवाद के चलते वह पति से अलग बेटों के साथ रहती है। एक बेटा दुबई में नौकरी करने गया है, जबकि दूसरा नोएडा में जॉब करता है। महिला का आरोप है कि उनके फ्लैट के मीटर से भाजपा नेता साहब सिंह सिरोही और उनके बेटे पवन व गौरव बिजली चोरी कर रहे थे। पता लगने पर उन्होंने पवन को फोन किया तो उसने गाली-गलौज की। इसके बाद पवन चार अगस्त को अपने भाई गौरव को लेकर उनके घर पहुंचा और मारपीट करते हुए उनके साथ अश्लीलता की गई और आरोपियों ने उनके कपड़े भी फाड़ दिए।

महिला का आरोप है कि दोनों भाइयों ने उन्हें धमकी दी कि उनके पिता बड़े भाजपा नेता हैं, इसलिए उनका कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता। महिला के मुताबिक, जिस सोसाइटी में उन्होंने फ्लैट खरीदा, वह भाजपा नेता की है। सोसाइटी में कुछ प्लॉट खाली पड़े हैं, जिनमें चोरी की बिजली इस्तेमाल की जाती है।

### सोशल मीडिया पर वायरल होने पर दर्ज हुआ केस

महिला का कहना है कि घटना चार अगस्त की है। उन्होंने रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए उसी दिन पुलिस में शिकायत दे दी थी, लेकिन पुलिस भाजपा नेता के दबाव में समझौता कराने के प्रयास में जुट गई।

सोमवार को मामला सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो कविनगर पुलिस ने आनन-फानन में भाजपा नेता के दोनों बेटों पर केस दर्ज कर लिया।

# सुरभि मनोज तिवारी बनी विश्वमांगल्य सभा दिल्ली प्रांत की अध्यक्ष

नई दिल्ली। श्रीमती सुरभि मनोज तिवारी को विश्व मांगल्य सभा की दिल्ली प्रांत की प्रथम कार्यकारिणी का अध्यक्ष नियुक्त किया गया।

उनकी नियुक्ति की घोषणा दिल्ली के दो दिवसीय प्रांतीय प्रशिक्षण वर्ग में विश्वमांगल्य सभा की क्षेत्रीय संगठन मंत्री सुश्री पूजा देशमुख ने की। दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग में दिल्ली के विभिन्न सेवा विस्तार की 50 प्रमुख कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

इस अवसर पर विशेष रुप से अखिल भारतीय संगठन प्रमुख डा वृशाली जोशी सहित विभिन्न प्रबुद्ध गणमान्य लोगों ने अपने विचार रखे। दिल्ली में संगठन का 1 साल का लक्ष्य व्रत्त रखा गया। प्रशिक्षण वर्ग प्रतिभावान छात्रों की सहायतार्थ संस्था संकल्प के संचालक संतोष तनेजा, धर्माचार्य अजय भाई, उत्तर पूर्वी दिल्ली के सांसद मनोज तिवारी की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ

इस अवसर पर डॉ वृशाली जोशी ने कहा कि परिवार संस्था का मुख्य आधार है एक प्रगल्भ सामर्थ्यवान माता।

परंपरा को निभाते हुए, अधिक सुदृढ़, संस्कारवान, सामर्थ्य से परिपूर्ण, तेजस्वी तथा राष्ट्र धर्म के प्रति कर्तव्यनिष्ठ माता के निर्मिती के लिए यह स्त्री संगठन विश्व मांगल्य सभा संपूर्ण भारत में कार्यरत है और दिल्ली में यह संगठन सभी विभाग और जिला स्तर पर और सक्रियता से आगे बढ़े जिसके लिए इस दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन श्री मनोज तिवारी जी के आवास पर किया गया और मुझे आशा है कि श्रीमती सुरभि मनोज तिवारी के नेतृत्व में संगठन इस लक्ष्य को पूरा करेगा।

नवनियुक्त प्रांतीय अध्यक्ष श्रीमती सुरभि मनोज तिवारी ने नियुक्ति के बाद संगठन के 1 वर्ष के तय लक्ष्य को निष्ठापूर्वक पूरा करने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर उपाध्यक्ष - श्रीमती ज्योति गुप्ता
प्रांत संघठक - ऐडवोकेट मीनल बाग भोसले
सह संघठक - श्रीमती सुनीता मेहरा
सह सचिव - श्रीमती दीप्ति अग्रवाल
कार्यालय प्रमुख व कोषाध्यक्ष - श्रीमती अल्का चड्ढा
संस्कार सभा संयोजिका - श्रीमती रितु जाजु
प्रचार प्रसार प्रमुख - श्रीमती दीप्ति ज्योतवानी
प्रशासनिक अधिकारी परिवार सम्पर्क संयोजिका - श्रीमती निशी सिंह
व कई अन्य पदाधिकारी मौजूद रही।

# संपादकीय



## गर्दन तक घोटालों में फंसी कांग्रेस ध्यान भटकाने के लिए संघ पर आरोप लगा रही है

आज वह लोग संघ पर 52 साल तक तिरंगा न फहराने का आरोप लगा रहे हैं जिन्होंने तिरंगे को ही गुलाम बनाकर रख दिया था जबकि आज तिरंगे को वास्तविक सम्मान मिल रहा है। अभी तक तिरंगे को कुछ लोगों और भवनों तक ही सीमित रख गया था।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देशहित में जो भी कदम उठाते हैं कुछ विरोधी दल बिना आगा पीछा सोचे उसके विरोध में झंडा उठा लेते हैं फिर चाहे प्रधानमंत्री का विरोध देश विरोध में ही क्यों न बदल जाए। यह गलती वे लगातार कर रहे हैं कि मोदी और भाजपा तथा भारत विरोध में अंतर नहीं समझ पा रहे। इसी क्रम में इस बार हर घर तिरंगा अभियान के आह्वान के साथ ही कांग्रेस सहित समस्त वामपंथी विचारधारा के लोगों ने एकत्र होकर प्रधानमंत्री और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर तीखा हमला बोल दिया है।

कांग्रेस सहित कई विपक्षी दलों को हर घर तिरंगा अभियान रास नहीं आ रहा है और वो अनावश्यक रूप से संघ पर हमला बोल रहे हैं जिसमें असद्दुदीन ओवैसी सबसे आगे दिख रहे हैं। उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी के मुस्लिम सांसद भी उनके सुर में सुर मिला रहे हैं और पूछ रहे हैं कि आखिर संघ ने अपने कार्यालय में 55 वर्षों तक तिरंगा क्यों नहीं फहराया ? ऐसे लोग जिनके कारण देश का विभाजन हुआ वह संघ की देशभक्ति पर सवाल खड़े कर रहे हैं। जिन लोगों ने अपनी सत्ता को बचाने के लिए आपातकाल लगाया और सभी विरोधी दलों के नेताओं को जेलों में ठूंस दिया था वह लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व संघ पर तानाशाही का आरोप लगा रहे हैं। कांग्रेस अपना ही समस्त इतिहास भूलकर झूठा नकारात्मक खेल खेल रही है। अगर संघ एक देशद्रोही संगठन है तो फिर कांग्रेस की ही सरकार ने उस पर से प्रतिबंध क्यों हटा दिया था ?

यह बात बिल्कुल सत्य है कि देश को स्वतंत्र कराने का काम अकेले कांग्रेस ने नहीं किया था अपितु कांग्रेस ने तो देश का विभाजन करा दिया था। राहुल गांधी व देश के तथाकथित नेताओं को बार-बार पुराना इतिहास पढ़ना चाहिए। लगता है कि राहुल गांधी यह सब भूल गये हैं कि 1962 में भारत पर चीन के आक्रमण के समय संघ के स्वयंसेवकों की सेवा से प्रभावित होकर तत्कालीन प्रधानमंत्री नेहरू जी ने 1963 की गणतंत्र दिवस परेड में संघ को आमंत्रित किया था। संघ के कार्यक्रमों में भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. जाकिर हुसैन भी हिस्सा ले चुके हैं। उन्होंने 20 नवम्बर 1949 को मुंगेर में कहा था कि, %%संघ के लोग मुसलमानों से घृणा करते हैं। उन पर आक्रमण करते हैं इस प्रकार का आरोप सर्वथा असत्य है। मुसलमानों को भी संघ से परस्पर प्रेम, सहयोग और संगठन कुशलता का काम सीखना चाहिए। 1965 के भारत-पाकिस्तान के युद्ध के समय तत्कालीन प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी ने संघ के सरसंघचालक गुरुजी गोलवलकर को सर्वदलीय बैठक में आमंत्रित किया था। पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी ने भी 1977 में संघ के कहने पर स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा का अनावरण किया था। इतना ही नहीं अगर कांग्रेस व राहुल गांधी अपना पुराना इतिहास इतना ही भूल गये हैं तो उन्हें यह तो याद रखना ही चाहिए 2018 में पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी भी संघ के कार्यक्रम में शामिल हुए थे और अपना सारगर्भित उद्बोधन भी दिया था और उस समय इस घटना को बहुत महत्वपूर्ण माना गया था।

वास्तव में घोटालों में बुरी तरह से घिरते जा रहे राहुल गांधी हर घर तिरंगा अभियान को बदनाम करने के लिए संघ से सवाल पूछ रहे हैं कि संघ ने 52 साल तक तिरंगा क्यों नहीं फहराया ? आज वह लोग संघ पर 52 साल तक तिरंगा न फहराने का आरोप लगा रहे हैं जिन्होंने तिरंगे को ही गुलाम बनाकर रख दिया था जबकि आज तिरंगे को वास्तविक सम्मान मिल रहा है। अभी तक तिरंगे को कुछ लोगों और भवनों तक ही सीमित रख गया था। कांग्रेस ने तो 70 साल तक तिरंगा आम जनता तक पहुंचने ही नहीं दिया था। अब तिरंगा एक गरीब के घर की भी शान हो गया है।

## विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवसः वृद्ध वार्धक्य को ओढ़े नहीं, बल्कि जीएं

विश्व में विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस को मनाने के तरीके अलग-अलग हो सकते हैं, परन्तु सभी का मुख्य उद्देश्य यह होता है कि वे अपने बुजुर्गों के योगदान को न भूलें और उनको अकेलेपन की कमी को महसूस न होने दें। हमारा भारत तो बुजुर्गों को भगवान के रूप में मानता है।

यह सत्य है कि आज भारत में बुजुर्गों की उपेक्षा हो रही है। इसके लिए कई कारण हैं। बढ़ती हुई महंगाई, पश्चिमी सभ्यता का अनुकरण, संसाधनों की कमी, संकुचित विचारधारा आदि आदि। आज की पीढ़ी बुजुर्गों के त्याग को समझना ही नहीं चाहती। इसीलिये संसार के बुजुर्ग लोगों को सम्मान देने के लिये विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस मनाया जाता है। संयुक्त राज्य अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति रोनाल्ड रीगन द्वारा इसका शुभारंभ किया गया था। इस दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य वृद्धों की वर्तमान समस्याओं, उपेक्षाओं एवं संवेदनहीनता के बारे में जनमानस में जागरूकता बढ़ाना है। वृद्धजनों की उपेक्षा का अर्थ है जीवन में विविध ज्ञान और अनुभवों से वंचित होना। वृद्ध साक्षात देवता हैं। वृद्ध हमारी सभ्यता और संस्कृति की धरोहर व समाज के मेरुदंड हैं। इनको सम्मान देने एवं उनकी सेवा करने से आय, शिक्षा, यश, बल और आशीर्वाद मिलता है, मार्गदर्शन मिलता है। इनका आदर व सेवा हमारा कर्तव्य ही नहीं, जिम्मेदारी है, मगर आज पाश्चात्य संस्कृति और अपनी तथाकथित आधुनिक संकीर्ण मानसिकता के कारण जो लोग वृद्धजनों की उपेक्षा कर रहे हैं, वे भी आखिर एक दिन वृद्ध होंगे, तब उनके साथ भी वही व्यवहार होगा, जिसकी वे आज नींव डाल रहे हैं। चिन्तन का महत्वपूर्ण पक्ष है कि वृद्धों की उपेक्षा के गलत प्रवाह को रोके। क्योंकि सोच के गलत प्रवाह ने न केवल वृद्धों का जीवन दुश्वार कर दिया है बल्कि आदमी-आदमी के बीच के भावात्मक फासलों को भी बढ़ा दिया है। वृद्ध अपने ही घर की दहलीज पर सहमा-सहमा खड़ा है, उसकी आंखों में भविष्य को लेकर भय है, असुरक्षा और दहशत है, दिल में अन्तहीन दर्द है। इन त्रासद एवं डरावनी स्थितियों से वृद्धों को मुक्ति दिलानी होगी। सुधार की संभावना हर समय है। हम पारिवारिक जीवन में वृद्धों को सम्मान दें, इसके लिये सही दिशा में चले, सही सोचें, सही करें। इसके लिये आज विचारक्रांति ही नहीं, बल्कि व्यक्तिक्रांति की जरूरत है।

लगातार संवेदनशून्य होते समाज में इन दिनों कई ऐसी घटनाएं प्रकाश में आई हैं, जब संपत्ति मोह में वृद्धों की हत्या कर दी गई। ऐसे में स्वार्थ का यह नंगा खेल स्वयं अपनों से होता देखकर वृद्धजनों को किन मानसिक आघातों से गुजरना पड़ता होगा, इसका अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता। वृद्धावस्था मानसिक व्यथा के साथ सिर्फ सहानुभूति की आशा जोहती रह जाती है। इसके पीछे मनोवैज्ञानिक परिस्थितियां काम करती हैं। वृद्धजन अव्यवस्था के बोझ और शारीरिक अक्षमता के दौर में अपने अकेलेपन से जूझना चाहते हैं पर इनकी सक्रियता का स्वागत समाज या परिवार नहीं करता और न करना चाहता है। बड़े शहरों में परिवार से उपेक्षित होने पर बूढ़े-बुजुर्गों को 'ओल्ड होम्स' में शरण मिल भी जाती है, पर छोटे कस्बों और गांवों में तो ठुकराने, तरसाने, सताए जाने पर भी आजीवन घुट-घुट कर जीने की मजबूरी होती है। यद्यपि 'ओल्ड होम्स' की स्थिति भी ठीक नहीं है। विश्व में इस दिवस को मनाने के तरीके अलग-अलग हो सकते हैं, परन्तु सभी का मुख्य उद्देश्य यह होता है कि वे अपने बुजुर्गों के योगदान को न भूलें और उनको अकेलेपन की कमी को महसूस न होने दें। हमारा भारत तो बुजुर्गों को भगवान के रूप में मानता है। इतिहास में अनेकों ऐसे उदाहरण है कि माता-पिता की आज्ञा से भगवान श्रीराम जैसे अवतारी पुरुषों ने राजपाट त्याग कर वनों में विचरण किया, मातृ-पितृ भक्त श्रवण कुमार ने अपने अन्धे माता-पिता को काँवड़ में बैठाकर चारधाम की यात्रा कराई। फिर क्यों आधुनिक समाज में वृद्ध माता-पिता और उनकी संतान के बीच दूरियां बढ़ती जा रही है। वृद्धावस्था वरदान बनना चाहिए लेकिन वह अभिशाप बनता जा रहा है।

**विश्व आदिवासी दिवस- 9 अगस्त, 2022 पर विशेष**

# खतरे में भारत एवं दुनिया के आदिवासी समुदाय



ललित गर्ग

अन्तरराष्ट्रीय आदिवासी दिवस, विश्व में रहने आदिवासी लोगों के मूलभूत अधिकारों जल, जंगल, जमीन को बढ़ावा देने और उनकी सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और न्यायिक सुरक्षा के लिए प्रत्येक वर्ष 9 अगस्त को मनाया जाता है। इस वर्ष की थीम संरक्षण में स्वदेशी महिलाओं की भूमिका और पारंपरिक ज्ञान का प्रसारण घोषित किया है। यह दिवस उन उपलब्धियों और योगदानों को भी स्वीकार करता है जो वनवासी लोग पर्यावरण संरक्षण, आजादी, महा आंदोलनों, जैसे विश्व के मुद्दों को बेहतर बनाने के लिए करते हैं। यह पहली बार संयुक्त राष्ट्र की महासभा द्वारा दिसंबर 1994 में घोषित किया गया था। आदिवासी महिलाएं आदिवासी समुदाय की रीढ़ है, वे पारंपरिक पैतृक ज्ञान के संरक्षण और प्रसारण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। प्राकृतिक संसाधनों की देखभाल और वैज्ञानिक ज्ञान के रखवाले के रूप में उनकी एक अभिन्न सामूहिक और सामुदायिक भूमिका है। दुनिया भर में रहने वाले 37 करोड़ आदिवासी और जनजाति समुदायों के सामने जंगलों का कटना और उनकी पारंपरिक जमीन की चोरी सबसे बड़ी चुनौती है। वे धरती पर जैव विविधता वाले 80 प्रतिशत इलाके के संरक्षक हैं लेकिन बहुराष्ट्रीय कंपनियों के लोभ, हथियारबंद विवाद और पर्यावरण संरक्षण संस्थानों की वजह से बहुत से समुदायों की आजीविका एवं अस्तित्व खतरे में हैं, ग्लोबल वॉर्मिंग का असर हालात को और खराब कर रहा है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार आदिवासी जनजातियां 90 देशों में फैली हैं, 5,000 अलग अलग संस्कृतियां और 4,000 विभिन्न भाषाएं, इस बहुलता के बावजूद उन्होंने अनेक संघर्ष झेले हैं और आज भी दुनिया में आदिवासी समुदाय खतरे में हैं।

इस वर्ष का 'विश्व आदिवासी दिवस' भारत के लिये विशेष महत्वपूर्ण है। क्योंकि भारत की नई राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू वनवासी समुदाय से जुड़ी होने के साथ-साथ एक महिला है, उन्होंने प्रकृति एवं पर्यावरण के संकटों को करीब से देखा है, यह भारत की विकराल होती समस्या है, जिसका गहराना जीवन को अंधेरा में धकेलना है, अतः वे इस समस्या के दर्द को गहराई से महसूस करती है, तभी उन्होंने कहा कि मेरा तो जन्म उस जनजातीय परंपरा में हुआ है जिसने हजारों वर्षों से प्रकृति के साथ तालमेल बनाकर जीवन को आगे बढ़ाया है। मैंने जंगल और जलाशयों के महत्व को अपने जीवन में महसूस किया है। हम प्रकृति से जरूरी संसाधन लेते हैं और उतनी ही श्रद्धा से प्रकृति की सेवा भी करते हैं। जल, जंगल और जमीन इन तीन तत्वों से पृथ्वी और प्रकृति का निर्माण होता है। यदि यह तत्व न हों तो पृथ्वी और प्रकृति इन तीन तत्वों के बिना अधूरी है। विश्व में ज्यादातर समृद्ध देश वही माने जाते हैं जहां इन तीनों तत्वों का बाहुल्य है। भारत भी इसी समृद्धता का देश है, लेकिन इनकी समृद्धता की उपेक्षा के कारण अनेक समस्याएं विकास की बड़ी बाधा बनती जा रही है। संभव है कि द्रौपदी मुर्मू के नेतृत्व में प्रकृति एवं



पर्यावरण की समस्या के साथ-साथ आदिवासी महिलाओं से जुड़ी समस्याओं का समाधान होगा।

आदिवासियों में एक बड़ी समस्या धर्मपरिवर्तन की है। आज विश्व में कई आदिवासी अपने धर्म को बदलकर आदिवासी समाज से बाहर हो रहे हैं जिसमें ईसाई धर्म को सर्वाधिक स्वीकार गया है। एशिया में विशेषकर भारत के आदिवासी भी इस मानसिकता की ओर तेजी से बढ़ रहे है, ईसाई मिशनरियों ने भारत के आदिवासी क्षेत्र छतीसगढ़, मध्यप्रदेश, ओडिशा, अंडमान निकोबार, झारखंड, गुजरात, महाराष्ट्र में धर्मांतरण के लिये विद्यालयों एवं छात्रावासों में सफल अभियान चलाया है। ऐसे में आदिवासी की अपनी संस्कृति एवं उनका अस्तित्व खतरा में आ गया। आदिवासी अर्थात जो प्रारंभ से वनों में रहता आया है। करीब 400 पीढ़ियों पूर्व सभी भारतीय वन में ही रहते थे और वे आदिवासी थे परंतु विकासक्रम के चलते पहले ग्राम बने फिर कस्बे और अंत में नगर, महानगर। यही से विभाजन होना प्रारंभ हुआ। जो वन में रह गए वे वनावासी, जो गांव में रह गए वे ग्रामवासी और जो नगर में चले गए वे नगरवासी कहलाने लगे। भारत में लगभग 25 प्रतिशत वन क्षेत्र है, इसके अधिकांश हिस्से में आदिवासी समुदाय रहता है। लगभग नब्बे प्रतिशत खनिज सम्पदा, प्रमुख औषधियां एवं मूल्यवान खाद्य पदार्थ इन्हीं आदिवासी क्षेत्रों में हैं। भारत में कुल आबादी का लगभग 11 प्रतिशत आदिवासी समाज है।

स्वतंत्रता आन्दोलन में आदिवासी समाज की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। ऐसे अनेक महान् आदिवासी हुए हैं जिन्होंने भारत की मिट्टी एवं उसके स्वतंत्र अस्तित्व-आजादी के लिए अपना बलिदान एवं महान योगदान दिया।

ऐसे महान वीर आदिवासियों से भारत का इतिहास समृद्ध है, जिनमें अप्पा साहब, तात्या टोपे, डा. बी.आर. अम्बेडकर, जयपाल सिंह मुण्डा, शहीद वीर नारायण सिंह, शहीद गंडाधुरा, शहीद रानी दुर्गावाती, शहीद बीरसा मुंडा, शहीद सिद्धों, कानु, शहीद तिलका मांझी, शहीद गेंद सिंह, झाड़ा सिरहा जैसे महान आदिवासियों ने अपना बलिदान देकर समाज एवं देश के लिये एक उदाहरण प्रस्तुत किया है। फिर क्या कारण है कि इस जीवंत एवं मुख्य समाज को देश की मूल धारा से काटने के प्रयास निरन्तर किये जा रहे हैं। आजादी के बाद बनी सभी सरकारों ने इस समाज की उपेक्षा की है। यही कारण है कि यह समाज अनेक समस्याओं से घिरा है। अन्तर्राष्ट्रीय आदिवासी दिवस मनाते हुए हमें आदिवासी समाज के अस्तित्व एवं अस्मिता को धुंधलाने के प्रयासों को नियंत्रित करने पर चिन्तन करना होगा। क्योंकि यह दिवस पूरी दुनिया में आदिवासी जन-जीवन को समर्पित किया गया है, ताकि आदिवासियों के उन्नत, स्वस्थ, समतामूलक एवं खुशहाल जीवन की नयी पगडंडी बने, विचार-चर्चाएं आयोजित हो, सरकारें भी सक्रिय होकर आदिवासी कल्याण की योजनाओं को लागू करें।

राजनीतिक स्वार्थ के चलते हजारों वर्षों से जंगलों और पहाड़ी इलाकों में रहने वाले आदिवासियों को हमेशा से दबाया और कुचला जाता रहा है जिससे उनकी जिन्दगी अभावग्रस्त ही रही है। केंद्र सरकार आदिवासियों के नाम पर हर साल हजारों करोड़ों रुपए का प्रावधान बजट में करती है। इसके बाद भी उनकी आर्थिक स्थिति, जीवन स्तर में कोई बदलाव नहीं आया है। स्वास्थ्य सुविधाएं, पीने का साफ पानी आदि मूलभूत सुविधाओं के लिए वे आज भी तरस रहे हैं। जल, जंगल, जमीन की लड़ाई लड़ने वाले आदिवासियों को अपनी भूमि से बहुत लगाव होता है, उनकी जमीन बहुत उपजाऊ होती है, उनकी माटी एक तरह से सोना उगलती है। जनसंख्या वृद्धि के कारण भूमि की मांग में वृद्धि हुई है। इसीलिये आदिवासी क्षेत्रों के प्राकृतिक संसाधनों एवं उनकी जमीन पर बहुराष्ट्रीय कम्पनियों की नजर है। कम्पनियों ने आदिवासी क्षेत्रों में घुसपैठ की है जिससे भूमि अधिग्रहण काफी हुआ है। आदिवासियों की जमीन पर अब वे खुद मकान बना कर रह रहे हैं, बड़े कारखाने एवं उद्योग स्थापित कर रहे हैं, कृषि के साथ-साथ वे यहाँ व्यवसाय भी कर रहे हैं। भूमि हस्तांतरण एक मुख्य कारण है जिससे आज आदिवासियों की आर्थिक स्थिति दयनीय हुई है। माना जाता है कि यही कंपनियां आदिवासी क्षेत्रों में युवाओं को तरह-तरह के प्रलोभन लेकर उन्हें गुमराह कर रही है, अपनी जड़ों से कटने को विवश कर रही है। उनका धर्मान्तरण किया जा रहा है। उन्हें राष्ट्र-विरोधी हरकतों के लिये उकसाया जाता है।

तथाकथित राजनीतिक एवं आर्थिक स्थितियां आदिवासी समाज के अस्तित्व और उनकी पहचान के लिए खतरा बनती जा रही है। आज बड़े ही सूक्ष्म तरीके से इनकी पहचान मिटाने की व्यापक साजिश चल रही है।

कतिपय राजनीतिक दल उन्हें वोट बैंक मानती है। वे भी उनको ठगने की कोशिश लगातार कर रही है। आपको यह जानकर आश्चर्य होगा कि आज भी विमुक्त, भटकी बंजारा जातियों की जनगणना नहीं की जाती है। तर्क यह दिया जाता है कि वे सदैव एक स्थान पर नहीं रहते।

## क्रांतिकारियों ने क्यों लूटी थी काकोरी में ट्रेन?

अभिनय आकाश

9 अगस्त की तारीख का संबंध काकोरी ट्रेन एक्शन से है। इसी दिन रामप्रसाद बिस्मिल, चंद्रशेखर आजाद, अश्फाक उल्लाह खान और उनके सात साथियों ने मिलकर काकोरी की घटना को अंजाम दिया था।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आजादी का अमृत महोत्सव समारोह के हिस्से के रूप में काकोरी ट्रेन एक्शन की वर्षगांठ को चिह्नित करने के लिए 9 अगस्त को रेडियो जयघोष लॉन्च करेंगे। राज्य का संस्कृति विभाग लोक कला, प्रदर्शन कला, उत्तर प्रदेश के क्षेत्रीय व्यंजनों और वीरता पुरस्कार विजेताओं को बढ़ावा देने के लिए सामुदायिक रेडियो चैनल शुरू कर रहा है। रेडियो जयघोष 107.8 मेगाहर्ट्ज पर उपलब्ध होगा और लखनऊ में संगीत नाटक अकादमी के नव पुनर्निर्मित स्टूडियो से सुबह 6 बजे से रात 10 बजे तक कार्यक्रमों का प्रसारण करेगा। कार्यक्रम रेडियो के मोबाइल एप्लिकेशन और सोशल मीडिया पेजों पर भी उपलब्ध होंगे।

विभाग के प्रधान सचिव मुकेश मेश्राम ने कहा कि भारत में बहुत सारे रेडियो स्टेशन हैं। लेकिन हम एक ऐसा रेडियो स्टेशन ला रहे हैं जो भारतीय कला और संस्कृति को बढ़ावा देगा, खासकर उत्तर प्रदेश की। तेज-तर्रार जीवन के साथ लोककथाएं युवाओं तक नहीं पहुंच रही हैं। यह पहल युवाओं और बच्चों को हमारे लोकाचार, रीति-रिवाजों और मूल्यों से जोड़ेगी। साथ ही हम राज्य के कई जिलों और दूरदराज के गांवों के कलाकारों और गुमनाम नायकों को भी बढ़ावा दे रहे हैं। इसके अलावा, हम एक बैकपैक स्टूडियो के विचार के साथ आए हैं, जहां सभी रिकॉर्डिंग उपकरणों को गांवों में ले जाया जाता है ताकि वे अपने ग्रामीण परिदृश्य के आराम में अपनी लोक कलाओं को रिकॉर्ड कर सकें। रेडियो पर दैनिक शो में पराक्रम शामिल होगा जो स्वतंत्रता पूर्व और बाद के युग के वीर सैनिकों और गुमनाम नायकों के इर्द-गिर्द घूमेगा, जबकि शौर्य नगर राज्य के सभी 75 जिलों से लोककथाओं को बढ़ावा देगा।

देश के इतिहास में काकोरी कांड एक बेहद ही महत्वपूर्ण घटना है। इस कांड का उद्देश्य अंग्रेजी शासन के विरूद्ध सरकारी खजाना लूटना और उन पैसों से हथियार खरीदना था। इतिहासकारों ने काकोरी कांड को बहुत ज्यादा अहमियत नहीं दी। लेकिन यही वो घटना है जिससे देश में क्रांतिकारियों के प्रति लोगों का नजरिया बदलने का काम किया। 9 अगस्त की तारीख का संबंध काकोरी ट्रेन एक्शन से है। इसी दिन रामप्रसाद बिस्मिल, चंद्रशेखर आजाद, अश्फाक उल्लाह खान और उनके सात साथियों ने मिलकर काकोरी की घटना को अंजाम दिया था। इस कहानी की शुरुआत कुछ इस तरह से होती है।

वर्ष 1920 में महात्मा गांधी ने अंग्रेजों के खिलाफ असहयोग आंदोलन शुरू किया था। लेकिन असहयोग आंदोलन में शामिल कुछ प्रदर्शनकारियों ने एक पुलिस स्टेशन में आग लगा दी। जिसमें 22 पुलिसकर्मी मारे गए थे। 4 फरवरी 1922 में चौरी चौरा कांड के बाद गांधी जी ने असहयोग आंदोलन वापस ले लिया। जिसने इस आंदोलन से जुड़े बहुत से लोगों को रोष से भर दिया। गांधी जी का साफ कहना था कि वो एक अहिंसावादी आंदोलन चाहते थे। लेकिन हिंसा की वजह से इसे वापस लेने का फैसला किया गया। लेकिन दूसरे पक्ष यानी युवानों का मानना था कि आंदोलन के लिए उन्होंने अपना करियर, जीवन सब छोड़ा। लेकिन बीच में आंदोलन छोड़ने की सूरत में क्या करेंगें ? इनमें रामप्रसाद बिस्मिल, चंद्रशेखर आजाद, अश्फाक उल्लाह खान भी शामिल थे। जिसके बाद बंगाल और उत्तर के राज्यों में कुछ नए संगठन तैयार हो गए। इनका मकसद भी गोरी हुकूमत से देश की आजादी ही थी। लेकिन ये कांग्रेस और गांधीजी के तौर तरीकों से पूरी तरह सहमत नहीं थे। इसलिए एक नई पार्टी हिन्दुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन बनाई गई। जिस तरह अमेरिका ब्रिटेन से आजाद हुआ था बिस्मिल उससे बहुत प्रभावित थे। इसलिए बिस्मिल ने जब एचआरए का मैनिफेस्टो तैयार किया तो उसे द रिव्लयूशनरी नाम दिया।




## व्यवहारिक शिक्षा और ज्ञान में परिपक्व व्यक्तियों द्वारा किताबी शिक्षा प्राप्त व्यक्तियों पर तानों की बौछार!



गोंदिया - सृष्टि में अनमोल बौद्धिक ज्ञान का धनी मानवीय प्राणी को जन्म से ही परिवार, समाज, मानवीय संपर्कों से व्यवहारिक शिक्षा और ज्ञान मिलना शुरू हो जाता है। याने जैसे जैसे मानुष बाल्य काल से बचपन और फिर युवा होता है, वैसे-वैसे व्यवहारिक ज्ञान शिक्षा के माध्यम से ऑटोमेटिक अली स्वत संज्ञान से उसकी बौद्धिक क्षमता परिपक्व होती जाती है और फिर स्कूल कॉलेज से लेकर अनेक डिग्रियों यानें किताबी ज्ञान पाकर सोने पर सुहागा की कहावत हम पूरी करते हैं। इस तरह हम देखते हैं कि, शिक्षा दो तरह की होती है। एक किताबी शिक्षा और दूसरी व्योहारिक शिक्षा। अगर किताबी शिक्षा के साथ साथ हमको व्याहारिक शिक्षा का ज्ञान नहीं है तो हम शिक्षित होते हुए भी अशिक्षित की श्रेणी में आयेंगे। और अगर हमको शिक्षा के साथ साथ व्योहारिक ज्ञान भी है तो हम शिक्षित लोगो की श्रेणी में आयेंगे।

साथियों हम आम तौर पर देखते हैं कि स्थिति बिगड़ती देख अच्छे-अच्छे व्यवहारिक ज्ञान वाले व्यक्ति भी किताबी ज्ञान वालों को कहते हैं तुम तो पढ़े लिखे हो!! हम को क्या समझता है हम तो अनपढ़ हैं, बस!! इसी वाक्य में वे अपनी जवाबदारी से पीछा छुड़ाकर किताबी ज्ञान वालों के ऊपर डाल देते हैं और जब स्थिति अपने पक्ष में हो रही तो कहते हैं, देखो मैंने यह किया, फ़िर तुम्हारी पढ़ाई लिखाई क्या काम की ? इसीलिए स्थिति पक्ष में हो या विपक्ष में दोनों स्थितियों में व्यवहारिक ज्ञान के धनी की ही जीत है। इस सामाजिक स्थिति पर व्यंग्य के रूप में हम इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे।

साथियों बात अगर हम किताबी ज्ञान की करें तो, परिभाषा के अनुसार जिसने किताबी ज्ञान अर्जित किया हो और स्कूल कॉलेज की परीक्षाओं को पास करके डिग्री हासिल की हो वो शिक्षित है, और जिसे अक्षर ज्ञान ना हो, वो किताबी अनपढ़ ।पर क्या शिक्षा का अर्थ सिर्फ केवल किताबी ज्ञान अर्जित करना ही है ? एक शिक्षित इंसान के द्वारा फेंका हुआ कचरा, अगर सुबह एक किताबीअशिक्षित इंसान (सफाई कर्मचारी) उठाता है ।ऐसे में किसे शिक्षित कहना चाहिए सफाई कर्मचारी को या कचरा फेंकने वाले को ? आजकल की शिक्षा ऐसे ही रट्टा फिकेसन की शिक्षा होती जा रही है। जहाँ मतलब समझ आए या ना आए, बस रट्टा मारों और पास हो जाओ।

साथियों शायद इसीलिये किताबी पढ़े-लिखे अनपढ़ों की संख्या बढ़ती जा रही है ।पिछले कुछ दशकों में शिक्षा का स्तर काफी बढ़ गया है पर शिक्षा की वैल्यू खत्म होती जा रही है। ध्यान दे तो याद आता है जहाँ कुछ साल पहलेग्रेजुएशन ही काफी था, आज पोस्ट ग्रेजुएशन,क्या पीएचडी की भी कोई वैल्यू नहीं है। तकनीकी शिक्षा पर जोर है। तकनीकी शिक्षा गलत नहीं है पर सिर्फ तकनीकी शिक्षा से काम नहीं चलेगा। साथियों बात अगर हम किताबी शिक्षित और किताबी अनपढ़ व्यक्तियों की करें तो, बहुत अंतर है। किताबीअनपढ़ आदमी केलकुलेटर चलाना नहीं जानता सारा हिसाब किताब उंगलियों से करना पड़ता है पढ़ा-लिखा आदमी विना केलकुलेटर के चार में से दो घटाने के लिए भी अपनी उंगली नहीं घिसता। किताबी अनपढ़ व्यक्ति के पास अपने अनुभव के अतिरिक्त कुछ नहीं होता जबकि पढ़ा-लिखा व्यक्ति और के अनुभव भी उपयोग में ले आता है। किताबी अनपढ़ व्यक्ति अधिक प्रेक्टिकल होता है शिक्षित व्यक्ति इतनानही होता ।कहीं बाहर जाने पर पढ़ा-लिखा व्यक्ति आसानी से पता ढूढ लेता है जबकि किताबी अनपढ को परेशानी होती है ।एक युग था जब समाज में किताबी अनपढ बहुत थे तो उनका कामकाज भी उसी तरह चलता था ।आज किताबी अनपढ़ व्यक्ति को हर तरह की परेशानी उठानी पड़ती है। उसे पढ़े-लिखे लोगों पर आश्रित रहना पड़ता है। साथियों शिक्षित व्यक्ति किसी भी सुनी सुनाई बातों पर जल्दी विश्वास नहीं करता है जब तक वह उन्हे अपनी मन की कसौटी पर खरा नहीं उतार लेता। जबकि एक किताबी अनपढ़ व्यक्ति को कह दो कि तुम्हारा कान कौवा ले गया है तो वह अपने कान को नहीं देखेगा बल्कि कौवे के पीछे भागना शुरू कर देगा। जबकि एक पढ़ा लिखा व्यक्ति पहले अपने शरीर के सभी अंगों को ठीक से चेक करेगा। फिर क्यू कहेगा ? बस यही शिक्षित और किताबी अनपढ़ व्यक्ति में अंतर है। किताबी अनपढ लोगों पर व्याहारिक ज्ञान होता है मगर अशिक्षित व्यक्ति वह होते हैं जो व्याहारिक ज्ञान में भी पिछड़े होते हैं। कुछ अपवादों को छोड़कर शिक्षित में संस्कार और लोकाचार का अभाव मिलता है। दोनों शब्द पर्यायवाची है पर कह देते हैं यह किताबी अनपढ अंगूठा टेक है मगर वह संस्कारित हो सकता है। अशिक्षित के लिए कहा जाता है कि तुम तो पढ़-लिखकरअशिक्षित ही रहे। किताबी अनपढ को कुछ बातें में अनदेखा कर देते हैंया कहे वह अपनी कमजोरी छुपा जाते हैं, पर अशिक्षित से ऐसी आशा कम की जाती है ।वहअपनी कमी नहीं छुपा पाते ।कुछ विशेष अंतर नहीं है भावनात्मक अंतर ही लगता है ।किताबी अनपढ की अपेक्षा अशिक्षित शब्द अधिक बुरा लगता है।

साथियों बात अगर हम संस्कारों और विचारधारा की करें तो व्यवहारिक शिक्षा और ज्ञान के परिपक्व व्यक्ति अपने कुल और माता पिता की विचारधारा पर चलकर संस्कारों का परिचय देते हैं। वहीं किताबी ज्ञान डिग्री लेने वाले कुछ अपवादों को छोड़कर संस्कारों और विचारधारा में साफ फर्क दिखा देने लगते हैं अपने कुल और माता पिता की विचारधारा पुरानी और ढकोसली लगने लगती है रिश्ते नातों में कमजोरी को बल मिलता है और विवाहित होने पर सिर्फ अपने परिवार की जवाबदारी तक सीमित हो जाते हैं जबकि व्यवहारिक ज्ञान के धनी व्यक्तियों में ऐसा नहीं है परंतु यह हम जरूर कहेंगे के किताबी ज्ञान वालों से अधिक ज्ञान समझ रखने वाले व्यवहारिक ज्ञान के धनी व्यक्तियों के दोनों हाथों में मलाई होती है जिससे स्थिति अनुसार प्रयोग में करते हैं स्थिति बिगड़ी तो तुम तो पढ़े लिखे हो!! हम ठहरे अनपढ़, हमको क्या समझता है!! और परिस्थिति का हमारे तरफ झुकाव रहा तो, देखो तुम तो पढ़े लिखे हो!! तुम्हारी पढ़ाई लिखाई किस काम की ? हम तो अनपढ़ ही अच्छे है।


## रख खुद पर एतबार!

परवाज नहीं हे पंखों की मोहताज,
खामोशी से भी भरी हे एक
आवाज,
बढ़ते जा, चलते जा,
क्योंकि जमाने को तो है हर बात
पर एतराज।

खटक ने दे तेरी खामोशियां,
रास्ते में जरूर मिलेगी
कामयाबीया,
जवाब देना नहीं है किसी को
जरूरी,
जला तू हौसले का दीया।

तुझको भी हे ख्वाब देखने का हक,
कर ना तो खुद की हिम्मत पर
शक,
निकालने वाले निकालेंगे बहुत सी
कमियां,
खुद के हुनर को तू ही परख।

क्यों रोए उस पर जो पीछे छूटा,
क्यों तू इतना खुद से ही रूठा,
पकड़ के रख जो है तेरे पास,
तेरा अंदाज है बेहद अनूठा।।



## शार्ट न्यूज

### भदोही में विक्षिप्त महिला से गैंगरेप का आरोप, पुलिस ने दो युवकों को पकड़ा फिर छोड़ा

चौरी (भदोही)। भदोही में एक मानसिक रूप से अस्वस्थ महिला के साथ गैंगरेप का आरोप लगा है। चौरी थाना क्षेत्र के एक बाजार में रविवार को मनबढ़ों ने विक्षिप्त महिला के साथ रेप किया। हालांकि पुलिस का कहना है कि मेडिकल नहीं होने से रेप की पुष्टि नहीं हो पाई है। पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में लिया था। जिन्हें छोड़ने की चर्चाएं हैं। बाजार के लोगों ने बताया कि एक 30 साल की विक्षिप्त महिला इधर कई दिनों से बाजार में घूमी रहती है।बाजारवासियों द्वारा उसे भोजन आदि दिया जाता है। रविवार को बाजार में पंचर की दुकान चलाने वाले एक युवक पर आरोप था कि उसने बिस्कुट देने के बहाने बुलाया और फिर एक कमरे में लेकर जाकर दुराचार किया। उसके बाद महिला के साथ कुछ और साथियों ने दरिंदगी की। लोगों को जानकारी होने पर आरोपितों को डांटा फटकारा गया। बाजार के लोगों ने मामले से चौरी थाने की पुलिस को अवगत करायाा। दो आरोपितों को हिरासत में लिया गया था, हालांकि बाद में उन्हें छोड़ दिया गया। प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार ने बताया कि मामले की जानकारी सोमवार को होने पर जांच के लिए चौकी इंचार्ज को भेजा है। पूछताछ व मेडिकल के बाद ही रेप की पुष्टि हो पाएगी।

### रालोद के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मसूद अहमद कांग्रेस में शामिल

लखनऊ। राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व शिक्षा मंत्री डा मसूद अहमद ने सोमवार को अपने समर्थकों के साथ कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कर ली। कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव एवं प्रदेश सहप्रभारी धीरज गुर्जर ने डा अहमद और उनके समर्थकों को पार्टी के प्रदेश दफ्तार में सदस्यता ग्रहण करायी और गमछा पहनाकर, बुके देकर स्वागत किया। श्री गुर्जर ने कहा कि डा मसूद अहमद और उनके समर्थकों के आने से कांग्रेस को ताकत मिलेगी। उन्होंने कहा कि युवाओं ने अच्छे दिनों के लिए भाजपा को वोट किया था लेकिन अब युवा और छात्र पुराने दिनों को याद कर रहें हैं। भाजपा ने युवाओं, छात्रों और किसानो के साथ धोखा किया है। डा मसूद अहमद ने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार और भाजपा आरएसएस की जनविरोधी नीतियों एवं तानाशाही रवैये के खिलाफ देश में सिर्फ राहुल गांधी और प्रियंका गांधी सड़क से लेकर संसद तक लड़ाई लड़ रहें हैं। अल्पसंख्यकों और दलितों को गुमराह कर वोट लेने वाले छोटे-छोटे क्षेत्रीय दल मौन हैं और बीजेपी के एजेण्डे को आगे बढ़ा रहें हैं। डा अहमद ने कहा कि अखिलेश यादव, मायावती, और जयंत चौधरी ईडी के भय से नहीं बोल रहें हैं और मौन रहकर भाजपा को समर्थन कर रहें हैं।

### राष्ट्र निर्माण की जिम्मेदारी युवाओं पर : योगी

आगरा। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी ने कहा कि युवा हमारे देश की रीढ़ हैं और राष्ट्र निर्माण की जिम्मेदारी उनके कंधों पर है। फतेहाबाद मार्ग स्थित एसएनजे रिसोर्ट में सोमवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के प्रदेश प्रशिक्षण वर्ग के समापन समारोह को सम्बोधित करते हुये उन्होने कहा कि युवा ही राष्ट्र की पूँजी हैं। पार्टी को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी भी भाजयुमो के कार्यकर्ताओं पर है। उन्होंने वर्ष 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए अभी से जुट जाने की भी नसीहत दी। प्रशिक्षण वर्ग में प्रदेश भर से आए युवा भाजपा नेताओं ने हिस्सा लिया। इससे पूर्व मुख्यमंत्री खेरिया सिविल एयरपोर्ट से सीधे कमिश्नरी चौराहे पर पहुंचे। यहां आजादी के अमृत महोत्सव के तहत हर घर तिरंगा-जागरूकता रैली का हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। उन्होंने आजादी के अमृत महोत्सव पर बने सेल्फी प्वाइंट का अनावरण भी किया। श्री योगी ने मेट्रो डिपो का स्थलीय निरीक्षण भी किया। यहाँ उन्होंने मेट्रो ट्रेन के मॉडल का डिजिटल अनावरण किया और पौधारोपण किया। उन्होंने मेट्रो ट्रेन प्रोजेक्ट की प्रगति और गुणवत्ता को भी परखा। उन्हें बताया गया कि यात्री सेवा के लिए तीन कोच वाली 28 मेट्रो ट्रेनें तैयार की जा रही हैं। यह मेट्रो ट्रेन रीजेनरेटिव प्रणाली सहित अन्य आधुनिक प्रणालियों से लैस होंगी।

### राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने खाटू श्याम मंदिर में भगदड़ से हुई जनहानि पर शोक जताया

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राजस्थान के सीकर स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर परिसर में सोमवार को भगदड़ से हुई जनहानि पर गहरा दु:ख व्यक्त किया है। राज भवन की ओर से जारी बयान के अनुसार राज्यपाल ने अपने शोक संदेश में कहा कि यह घटना हृदयविदारक है। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्माओं को अपने श्री चरणों में स्थान देने व घायलों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्रदान करने की कामना की। गौरतलब है कि श्री खाटू श्याम मंदिर परिसर में सुबह दर्शन के लिए उमड़ी भारी भीड़ के एक साथ आगे बढ़ने के दौरान हुई भगदड़ में तीन महिलाओं की मौत हो गई तथा चार महिलाएं गंभीर रुप से घायल हो गई।

### बहन की हत्या का आरोपी युवक गिरफ्तार

पीलीभीत। उत्तर प्रदेश में पीलीभीत के दियूरिया कोतवाली क्षेत्र में मामूली कहासुनी में एक युवक ने अपनी सगी बहन की पीट पीट कर हत्या कर दी और पुलिस को गुमराह करने के लिये शव को फंदे से लटका दिया। मृतका की मां की तहरीर पर पुलिस ने हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर युवक को गिरफ्तार कर लिया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा गया है। दियूरिया कोतवाल मदन मोहन चतुर्वेदी ने सोमवार को बताया कि ग्राम दियूरिया निवासी राम मुरारी लाल की 28 वर्षीय पुत्री शिखा गुप्ता रविवार रात छत पर गई थी। इस बीच भाई अनिल से कहासुनी हो गई। आरोप है कि अनिल ने उसकी रात जमकर पिटाई की। सुबह उसका शव कुंडे में लटका हुआ था। मृतका की मां ने अपने बेटे अनिल पर शिखा की हत्या का आरोप लगाया। मां ने पुलिस को बताया अनिल ने पीट कर उसकी बेटी की हत्या की है और शव को फांसी के फंदे पर लटका दिया।

### नोएडा में महिला से अभद्रता करने के आरोपी श्रीकांत त्यागी पर इनाम घोषित

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के नोएडा में एक महिला के साथ खुद को प्रभावशाली बिल्डर बताकर धमकाने और अभद्रता करने के आरोपी श्रीकांत त्यागी की गिरफ्तारी के लिये पुलिस महकमे ने कड़ा रुख अख्तियार कर न सिर्फ उसके ऊपर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित कर दिया है, बल्कि इस मामले में लापरवाही बरतने वाले छह पुलिसकर्मियों को निलंबित भी कर दिया है। उत्तर प्रदेश के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (कानून व्यवस्था) प्रशांत कुमार ने बुधवार को एक बयान में कहा कि नोएडा स्थित सेक्टर 93 की हाऊसिंग सोसाइटी में त्यागी द्वारा एक महिला के साथ अभद्रता करने के मामले को शासन ने गंभीरता से लिया है। कुमार ने इसे दुर्भाग्यपूर्ण घटना बताते हुए कहा कि मुख्य अभियुक्त त्यागी की गिरफ्तारी के तत्काल निर्देश दे दिये गये थे। उन्होंने इस मामले में अब तक की गयी कार्रवाई के बारे में बताया कि संबद्ध थाना प्रभारी निरीक्षक को निलंबित कर दिया गया है।

### छेड़छाड़ से आहत किशोरी ने की आत्महत्या, आरोपी को पकड़ने के लिये पुलिस हुई सक्रिय

बरेली। उत्तर प्रदेश में बरेली जिले में छेड़छाड़ से तंग आकर कक्षा सात की एक छात्रा की खुदकुशी के बाद पुलिस ने सोमवार को आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास शुरु कर दिये हैं। पुलिस के अनुसार 13 वर्षीय छात्रा ने कुछ युवकों की छेड़छाड़ से परेशान होकर गत बुधवार को फांसी लगा ली थी। उसके परिजनों ने गंभीर हालत में पीड़िता को बरेली के निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां शनिवार देर रात उसकी मौत हो गई। छात्रा की मां ने युवक अमित पटेल (21 साल) के खिलाफ थाना बिथरीचैनपुर में रविवार को रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस अमित की तलाश कर रही है। सोमवार को पुलिस की तीन टीमें गिरफ्तारी के लिये भेजी गयी हैं। पीड़ित मां के मुताबिक बेटी शाम को एक कोचिंग सेंटर में पढ़ने जाती थी। काफी दिनों से पड़ोस का अमित पटेल छेड़छाड़ कर उसे परेशान कर रहा था। बुधवार को बेटी कोचिंग पढ़ने जा रही थी, तभी अमित ने उसे सरेराह रोक लिया और छेड़छाड़ करते हुए अश्लील बातें कहीं और किसी को बताने पर उसके पिता को जान से मारने की धमकी दी।

# पूर्व सांसद उमाकांत यादव को उम्रैकद

**जीआरपी सिपाही की हत्या में 27 साल बाद फैसला**

जौनपुर। पूर्व सांसद उमाकांत यादव को सोमवार को जौनपुर की अदालत से बड़ा झटका लगा है। उमाकांत को जीआरपी सिपाही की हत्या में उम्रकैद की सजा सुनाई गई है। खचाखच भीड़ के बीच अपर सत्र न्यायाधीश (तृतीय)/ विशेष न्यायाधीश (एमपी-एमएलए कोर्ट) शरद कुमार त्रिपाठी ने उमाकांत के साथ ही सात दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। मुख्य आरोपी उमाकांत को 5 लाख और अन्य को 20-20 हजार का जुर्माना भी लगाया गया है।

मामला 27 साल पुराना है। 1995 में चालक को शाहगंज जंक्शन पर रेलवे चौकी से छुड़ाने के लिए उमांकात और



उनके साथियों ने फायरिंग की थी। इसमें जीआरपी सिपाही अजय सिंह की मौत हो गई थी। सिपाही लल्लन समेत तीन लोग घायल हुए थे।

वारदात के बाद उमाकांत समेत अन्य के खिलाफ हत्या व हत्या के प्रयास के अलावा बल्वा की धारा में मुकदमा दर्ज किया गया था। उमाकांत यादव को शनिवार को अदालत ने दोषी ठहराया था। सभी दोषियों को कस्टडी में लेकर जेल भेज दिया गया था और फैसले के लिए सोमवार की तारीख तय की गई थी।

**यह है पूरा मामला**

चार फरवरी, 1995 को दोपहर दो बजे शाहगंज जंक्शन पर पूर्व सांसद उमाकांत यादव के समर्थकों ने राइफल, पिस्टल व रिवाल्वर से अंधाधुंध फायरिंग करते हुए जीआरपी के लॉकअप में बंद चालक राजकुमार यादव को जबरन छुड़ा लिया। गोलीबारी में जीआरपी सिपाही अजय सिंह की मौत हो गई थी। गोली लगने से रेलकर्मी निर्मल लाल, यात्री भरत लाल व लल्लन सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

जीआरपी सिपाही रघुनाथ सिंह की तहरीर पर पूर्व सांसद उमाकांत यादव, चालक राजकुमार यादव, धर्मराज यादव, महेंद्र, सूबेदार, बच्चू लाल समेत सात लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया था।

पूरा मामला एमपी-एमएलए कोर्ट प्रयागराज स्थानांतरित किया गया। हाईकोर्ट के निर्देश पर मामले को जौनपुर दीवानी न्यायालय में भेजा गया। यहां अपर सत्र न्यायाधीश (तृतीय)/विशेष न्यायाधीश शरद कुमार त्रिपाठी ने एमपी एमएलए कोर्ट में बहस सुनी।

## युवती को बंधक बनाकर दुराचार, एफआईआर के बाद दारोगा फरार

वाराणसी। युवती को बंधक बनाकर दुराचार में फंसा दरोगा संग्राम सिंह यादव सारनाथ पुलिस की पकड़ से फिलहाल दूर है। वाराणसी में युवती को बंधक बनाकर रेप करने वाले दारोगा पर शिकंजा कसता जा रहा है। एफआईआर के बाद दारोगा फरार हो गया है। दारोगा पर दुराचार, अपहरण कर रखने, जहर खाने के लिए विवश करने, मारपीट व धमकी की धाराओं में दर्ज केस की छानबीन शुरू कर दी गई है। संग्राम सिंह को निलंबित कर दिया गया है। घटना के तीसरे दिन भी पुलिस उसे ढूंढ नहीं सकी। दावा है कि पुलिस उसकी तलाश में जुटी है। उधर एडीसीपी (महिला अपराध) ममता रानी चौधरी रविवार को सारनाथ थाने पहुंचीं। उन्होंने पुलिसकर्मियों से करीब पौन घंटे पूछताछ की। एसीपी और थाना प्रभारी पर कार्रवाई हो चुकी है। माना जा रहा है कि कुछ और पुलिस वालों पर कार्रवाई हो सकती है।

इसके बाद अस्पताल पहुंचीं। वहां पीड़ित युवती का हाल जाना। युवती की हालत स्थिर बताई जा रही है। पुराना पुल चौकी प्रभारी रहे दरोगा संग्राम सिंह पर महिला को बंधक बनाकर दो माह तक दुराचार करने का केस दर्ज हुआ है।

किराये के मकान में रखकर शारीरिक शोषण करता रहा। इस दौरान वह शादी करने झांसा देता रहा। जबकि दरोगा शादीशुदा है। दरोगा के शादी से इनकार करने और दुराचार का दबाव बनाने पर पीड़िता बीते शुक्रवार को जहर खाकर चौकी पहुंच गई थी।

## मुख्तार के बेटे अब्बास को पकड़ने के लिए पुलिस ने गठित की 4 टीमें

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के बाहुबली मुख्तार अंसारी के एमएलए बेटे अब्बास अंसारी की मुश्किलें हर रोज बढ़ती जा रही हैं। रविवार को अब्बास अंसारी के सरकारी विधायक आवास दारुलशफा नंबर 107 में यूपी पुलिस ने छापेमारी की। वह MP-MLA स्पेशल कोर्ट के आदेश के बाद कई दिनों से फरार चल रहे हैं। एडीसीपी उत्तरी अनिल यादव ने बताया कि लखनऊ पुलिस ने सुबसपा विधायक अब्बास अंसारी के सरकारी आवास पर छापेमारी की गई लेकिन वे नहीं मिले। इसके बाद पुलिस ने उनके दूसरे ठिकाने मेट्रो सिटी अपार्टमेंट और डालीबाग स्थित फ्लैट में छापेमारी की। छापेमारी में शामिल इंस्पेक्टर केशव कुमार तिवारी के बताया कि अब्बास अंसारी के खिलाफ कोर्ट ने गिरफ्तारी का वांरट जारी है। 10 अगस्त तक अब्बास अंसारी को कोर्ट में पेश करने का आदेश मिला है। इससे पहले स्पेशल कोर्ट ने 27 जुलाई तक कोर्ट पेश होने का वक्त दिया था जिसके बाद उनके वकील ने कोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की थी जिसे कोर्ट ने खारिज कर दिया था। यूपी पुलिस अब्बास अंसारी की खोज में गाजीपुर, मऊ और लखनऊ समेत कई अन्य स्थानों पर छापेमारी कर रही है। एडीसीपी ने सुबसपा विधायक को पकड़ने के लिए चार टीमों का गठन किया है।

मऊ सदर विधायक अब्बास अंसारी पर एक लाइसेंस पर धोखाधड़ी से कई शस्त्र रखने का आरोप है। 12 अक्टूबर साल 2019 को महानगर थाने के प्रभारी अशोक कुमार सिंह ने अब्बास अंसारी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस के मुताबिक अब्बास अंसारी ने साल 2012 में गन का लाइसेंस लिया था जिसके बाद शस्त्र लाइसेंस को दिल्ली वाले घर के एड्रेस पर ट्रांसफर करवा लिया। इसके बाद उन्होंने धोखाधड़ी से कई हथियारों की खरीद की।

# श्रीकांत त्यागी के समर्थन में आया त्यागी समाज

**गाजियाबाद में सड़क पर हुई महापंचायत; न्याय दिलाने को साथ आने की अपील**

एजेंसी

गाजियाबाद। नोएडा के फरार गालीबाज नेता श्रीकांत त्यागी को अब अपने समाज का साथ मिलने लगा है। श्रीकांत त्यागी के समर्थन में सोमवार को त्यागी समाज द्वारा गाजियाबाद में महापंचायत की गई। दरअसल, गोविंदपुरम के प्रीतम फार्म हाउस में महापंचायत के आयोजन के लिए फेसबुक पर पोस्ट डाली गई थी।

इसकी जानकारी मिलते ही पुलिस ने फार्म हाउस पर घेराबंदी कर मैनेजर को हिरासत में ले लिया। फार्म हाउस में महापंचायत की अनुमति न मिलने पर त्यागी समाज के लोगों ने फार्म हाउस के पास सड़क पर ही पंचायत की। त्यागी समाज ने श्रीकांत त्यागी के उत्पीड़न का आरोप लगाया है।

इस पंचायत का आयोजन अश्वनी त्यागी गाजियाबाद बिल्डर एसोसिएशन के अध्यक्ष ने किया था, जिसको लेकर फेसबुक पर प्रचार भी



किया गया था।

उन्होंने कहा कि श्रीकांत त्यागी ने जो अपराध किया, उसके मुताबिक कार्रवाई की जाए, लेकिन पुलिस श्रीकांत त्यागी के परिवार और रिश्तेदारों को प्रताड़ित कर रही है। पंचायत के बाद त्यागी समाज के लोगों ने शाम को एसएसपी आवास का घेराव करते अपनी मांगों का ज्ञापन उन्हें सौंपा। त्यागी समाज की मांग है कि श्रीकांत त्यागी के परिवार और रिश्तेदारों को इस केस में अनावश्यक रूप से प्रताड़ित ना किया जाए।

बता दें कि, श्रीकांत त्यागी द्वारा बीते दिनों नोएडा के सेक्टर-93 बी में स्थित ग्रैंड ओमैक्स सोसाइटी में महिला से बदसलूकी करने का मामला सामने आया था।

इस घटना के कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गए थे, जिनमें से एक में त्यागी महिला के खिलाफ कथित तौर पर गंदी-गंदी गालियां देने के साथ अपशब्दों का इस्तेमाल करते और हाथापाई करते दिख रहा था। त्यागी ने महिला के पति के लिए भी कथित तौर पर अभद्र भाषा का इस्तेमाल करते हुए अपमानजनक टिप्पणी की थी।

महिला के साथ बदसलूकी का वीडियो वायरल होने के बाद से ही श्रीकांत त्यागी फरार है। पुलिस द्वारा उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज की जा चुकी है और पुलिस की 8 टीमें उसकी तलाश में जुटी हैं।

कथित तौर पर खुद को भाजपा नेता बताने वाले श्रीकांत त्यागी का वीडियो वायरल होने के बाद भाजपा ने उससे पल्ला झाड़ लिया था। स्थानीय भाजपा सांसद डॉ. महेश शर्मा ने शनिवार को त्यागी के भाजपा सदस्य होने से इनकार किया था। उन्होंने कहा था कि आरोपी पर कड़ी कार्रवाई होगी और 48 घंटे के अंदर उसे गिरफ्तार किया जाएगा।

वहीं, नोएडा पुलिस ने आरोपी श्रीकांत त्यागी की गिरफ्तारी में मदद करने वाले व्यक्ति को 25,000 रुपये का नकद इनाम देने की घोषणा की है। नोएडा पुलिस की आठ टीमें आरोपी की तलाश में जुटीं हैं।

## अखिलेश यादव से मिले शशि प्रताप सिंह, ओपी राजभर की सुभासपा छोड़कर बनाई है राष्ट्रीय समता पार्टी

वाराणसी। सुभासपा और अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर को झटका देकर अपनी पार्टी बनाने वाले शशि प्रताप सिंह सोमवार को समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव से मिले। लखनऊ में अखिलेश यादव के आवास पर यह मुलाकात हुई। शशि प्रताप सिंह ने पिछले दिनों राष्ट्रीय समता पार्टी का नाम से अपनी नई पार्टी बना ली थी। बतौर राष्ट्रीय संयोजक शशिप्रताप लगातार पार्टी को मजबूत करने में लगे हैं। अखिलेश यादव से मुलाकात के दौरान राष्ट्रीय समता पार्टी के अध्यक्ष कैप्टन राजकुमार भी साथ रहे।

इस मुलाकात को यूपी में होने वाले नगर निकाय चुनाव की तैयारियों से भी जोड़ा जा रहा है। समाजवादी पार्टी ने निकाय चुनाव पूरे दमदारी से लड़ने की तैयारी कर रखी है। यह निकाय के लिए पिछले ही हफ्ते प्रभारियों की नियुक्ति की गई है। सपा निकाय चुनाव को



कितनी गंभीरता से ले रही है, इसका उदाहरण प्राभरियों की नियुक्तियां भी बता रही हैं। इनमें विधायकों और पूर्व मंत्रियों को जिम्मेदारियां दी गई हैं।

मुलाकात के बाद शशि प्रताप सिंह ने बताया कि अखिलेश यादव के बुलावे पर उनसे मिलने गए थे। अखिलेश यादव ने कहा कि हम लोग एक साथ आ जाएं। आप भी युवा हैं और हम भी युवा हैं। आगे जितने भी चुनाव होंगे मिलकर लड़ेंगे। आपकी पार्टी नई है, हम लोग मिलकर चलेंगे तो इसका फायदा होगा। सुभासपा छोड़ने को लेकर शशिप्रताप ने एक बार फिर दोहराया कि ओपी राजभर के बयानों के कारण ही पार्टी छोड़नी पड़ी है।

ओपी राजभर पर कई आरोप लगाते हुए शशिप्रताप ने कहा कि वह पुत्र मोह में फंसे हैं। सुभासपा को बर्बाद कर रहे थे। सुभासपा छोड़ने के बाद अखिलेश यादव ने मेरी पार्टी के बारे में सुना। इसके बाद इसके बाद मुझे मिलने के लिए बुलाया था। कहा कि सपा ने ओपी राजभर को विधानसभा चुनाव में 16 सीटें दी थी। इनमें तीन पर अपने लोगों को लड़ाया। अन्य सीटों को बेच दिया। कहा कि वाराणसी की शिवपुर सीट पर बेटे की जगह किसी राजपूत या ब्राह्मण को लड़ाया जाता तो वह जीत सकते थे।

## कानपुर मेट्रो के चौथे चरण का निर्माण शुरू

कानपुर। कानपुर मेट्रो रेल परियोजना के चौथे चरण का भी निर्माण शुरू हो गया है। यूपी मेट्रो रेल कार्पोरेशन के परियोजना निदेशक अरविंद सिंह ने किदवई नगर में विधि विधान से पूजा अर्चना के बाद पायलिंग का शुभारंभ किया। अब बारा देवी चौराहा से नौबस्ता के बीच एलिवेटेड ट्रैक बनाया जाएगा। ट्रांसपोर्ट नगर के बाद बारादेवी से नौबस्ता तक बनने वाले एलिवेटेड सेक्शन की लंबाई लगभग 5.42 किमी है। इसमें बारादेवी, किदवई नगर, वसंत विहार, बौद्ध नगर और नौबस्ता मेट्रो स्टेशन बनाए जाने हैं। कानपुर मेट्रो के पहले चरण में आईआईटी से मोती झील तक एलिवेटेड ट्रैक बना था। इस पर मेट्रो ट्रेनों का संचालन जारी है। दूसरे चरण में चुन्नीगंज से नयागंज के बीच निर्मित हो रहे 4 किमी. लंबे भूमिगत सेक्शन में नाना टनल बोरिंग मशीन ने हाल ही में 84 मीटर की टनलिंग प्रक्रिया का पहला पड़ाव पूरा कर लिया है।

## खेलों को बढ़ावा देने के लिए अब यूपी में होगी विधायक खेलकूद प्रतियोगिता

एजेंसी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार ने खेलों को बढ़ावा देने के लिए खेलकूद प्रतियोगिता कराने जा रही है। राज्य में सांसद खेल कूद प्रतियोगिता की तर्ज पर विधायक खेल-कूद प्रतियोगिता होगी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाल ही में मंत्रिपरिषद की बैठक की। राज्य के सभी जिलों में तीन दिनों तक खेल महाकुम्भ चलेगा। इस दौरान संबंधित विधानसभा क्षेत्र के विधायक अपने-अपने विधानसभा क्षेत्र में मौजूद रहेंगे और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करेंगे।

मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से सोमवार जानकारी दी गई जिसके मुताबिक विधानसभा स्तर पर आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को राज्य सरकार प्रोत्साहित करेगी। साथ ही चयनित खिलाड़ियों को बेहतर मैदान, अच्छी ट्रेनिंग और पोषक आहार भी उपलब्ध कराएगी। जिससे वे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगताओं में हिस्सा ले सकें।

सरकार का दावा है कि इस प्रतियोगिता के माध्यम से एक तरफ जहां परम्परागत खेलों को बढ़ावा मिलेगा, वहीं दूसरी तरफ ग्रामीण प्रतिभाएं भी उभरकर सामने आएंगी।

**इन खेलों का होगा आयोजन**

महिलाओं और पुरुषों के लिए अलग-अलग आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता में हैंडबॉल, बास्केटबॉल, बैडमिंटन, हॉकी, फुटबॉल, वॉलीबॉल, कबड्डी, खो खो , टेबल टेनिस, गोला फेंक, ऊंची कूद, लंबी कूद, शतरंज और 100 मीटर से लेकर 1300 मीटर तक की दौड़ प्रतियोगिताएं कराई जाएंगी। इस दौरान डिबेट (भाषण) और चित्रकला प्रतियोगिता का भी आयोजन होगा।

## घाघरा खतरे के निशान के पार, तटवर्ती गांवों के लोग खौफ में

गोण्डा। पहाड़ी क्षेत्रों में पिछले दिनों हुई तेज बारिश और तमाम बैराजों से पानी छोड़े जाने के बाद उत्तर प्रदेश के गोण्डा जिले के कर्नलगंज तहसील में घाघरा नदी सोमवार को खतरे के निशान को पार कर गयी।

जिला प्रशासन की ओर से दी गयी जानकारी के मुताबिक घाघरा का जलस्तर तेजी से बढ़ने के बाद एल्गिन ब्रिज पर नदी का जलस्तर खतरे के निशान को पार कर गया। नदी इस समय खतरे के निशान से 17 सेमी ऊपर बह रही है। इससे आसपास के इलाकों में, खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में लोग खौफजदा हैं।

जिले के नवाबगंज तहसील क्षेत्र में उफनायी सरयू नदी भी खतरे के निशान से मात्र 03 सेंमी नीचे बह रही है।

## पिस्टल दिखाने पर ऐसे खौफ में आया युवक, कुएं में लगा दी छलांग, मौत

एजेंसी

बलरामपुर। बलरामपुर जिले में भूमि विवाद में युवक को पिस्टल दिखाकर धमकाया तो उसने तनाव में आकर कुएं में कूदकर जान दे दी। घटना रविवार रात स्थानीय थाना क्षेत्र के चमर बोझिया गांव में हुई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। प्रभारी निरीक्षक का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। थाना गौरा चौराहा के परसा निवासी 22 वर्षीय लालजी सिंह पुत्र स्वर्गीय धर्म प्रकाश तुलसीपुर थाना क्षेत्र स्थित प्रेम नगर गांव में दूर की रिश्तेदार नानी के घर रहते थे। उनकी मां भी वही रहती है। लालजी सिंह खेती बाड़ी का काम संभालते थे। उनकी नानी ने गांव में ही एक मंदिर बनवा रखा है जिसकी देखभाल भी लालजी करते थे। मंदिर के बगल में गांव के ही एक व्यक्ति ने प्राइवेट स्कूल खोल रखा है। वह मंदिर की जमीन पर कब्जा करना चाहता था। इस बात को लेकर लालजी व स्कूल संचालक में विवाद चल रहा था।

लाल जी के मामा चमर बोझिया निवासी नवरत्न सिंह ने बताया कि उनका भांजा शनिवार को घर आया था। उसका कहना था कि स्कूल संचालक ने उसे पिस्टल दिखाकर धमकाया है। कहा है कि जमीन छोड़ दो नहीं तो जान से मार दूंगा। वह काफी डरा हुआ था। रविवार दोपहर तक वह काफी तनावग्रस्त हो गया। वह बार-बार यही कह रहा था कि उसकी जान खतरे में है। नवरत्न सिंह के घर से थोड़ी दूरी पर एक कुआं है। रात आठ बजे लालजी कुएं में कूद गया। उसके कुएं में कूदने की बात आसपास के लोगों को तुरंत पता चल गई। लाल जी को पानी से बाहर निकालने में लगभग 20 मिनट समय लगा। तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

## लोगों को वापस मिले 21 लाख रुपये के चोरी और गुम हुए फोन, एक साल पहले खोए मोबाइल भी बरामद

मेरठ। सर्विलांस टीम मेरठ ने लोगों के चोरी हुए और गुमशुदा 101 मोबाइल फोन बरामद किए हैं। इन बरामद मोबाइल की कीमत करीब 23 लाख रुपये बताई गई है। इनमें से कुछ मोबाइल को आसपास के राज्यों से भी बरामद करके लाया गया है। इनमें से कई मोबाइल ऐसे भी हैं, जो एक साल पहले गुम हो गए थे और अब बरामद हुए हैं। इन मोबाइल फोन का कहीं किसी अपराधिक घटना में इस्तेमाल नहीं किया गया है, इस बात की तस्दीक पुलिस टीम ने की है। लिखापढ़ी के बाद मोबाइल फोन को उनके वास्तविक मालिकों को लौटाया गया है। पुलिस लाइन में एसपी क्राइम ने रविवार दोपहर को प्रेसवार्ता की। एसपी क्राइम अनित कुमार ने बताया कि सर्विलांस सेल ने गुमशुदा हुए और चोरी हुए 101 मोबाइल फोन को बरामद किया है। बताया कि जिन लोगों के मोबाइल गुम हो जाते हैं, वह लोग थानों में, पुलिस कार्यालय या फिर सर्विलांस सेल में शिकायतें देते हैं। इन मोबाइल नंबरों की आईएमईआई की पड़ताल की जाती है। यह मोबाइल जब भी एक्टिव होता है, पुलिस टीम उसी नंबर पर संपर्क करती है।

इन लोगों को बताया जाता है कि मोबाइल गुमशुदा की रिपोर्ट मेरठ में दर्ज है और मोबाइल संबंधित थाना पुलिस को वापस करें। इसके बाद इन मोबाइल फोन को रिकवर कर लिया जाता है। इसके बाद पता किया जाता है कि इन मोबाइल का इस्तेमाल किसी अपराधिक घटना में तो नहीं किया गया। तस्दीक करने के बाद इन मोबाइल फोन के मालिकों को बरामदगी के बारे में सूचना दी गई। एसपी क्राइम ने बताया कि इसी तरह से 101 मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं, जिनकी कीमत करीब 23 लाख रुपये के आसपास है। पुलिस ने सभी मोबाइल को उनके मालिकों को दे दिया है।

### खेत में सिंचाई कर रहे किसान की करंट लगने से मौत

बदायूं। उत्तर प्रदेश में जनपद बदायूं के थाना उसावां क्षेत्र अंतर्गत गांव मरौरी में खेत की सिंचाई कर रहे एक किसान की पानी में बिजली का करंट लगने से मौत हो गयी। परिजनों के अनुसार श्याम पाल (41) पुत्र ज्वाला प्रसाद सोमवार को सुबह धान के खेत में ट्यूबवेल से सिंचाई कर रहा था, तभी पानी में अचानक करंट आ गया। करेंट लगने से तड़प तड़प कर श्याम पाल की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस मामले दातागंज के उप जिलाधिकारी रामशिरोमणि ने बताया कि करंट लगने से एक किसान की मौत का मामला संज्ञान में आया है।

## जालौन में होगा हर घर तिरंगा कार्यक्रम का भव्य आयोजन

उरई। उत्तर प्रदेश जनपद जालौन में आजादी की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर हर घर तिरंगा कार्यक्रम के भव्य आयोजन को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं।

जिलाधिकारी चांदनी सिंह ने इस कार्यक्रम को लेकर तैयारियों के सम्बंध में अधिकारियों के साथ सोमवार को समीक्षा बैठक की । उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत स्वतंत्रता सप्ताह तथा हर हर तिरंगा कार्यक्रम देशभर में गरिमामई रूप से मनाया जाएगा और जनपद जालौन में हर घर तिरंगा का भव्य कार्यक्रम किया जाएगा।

जनपद के प्रत्येक घरों में तिरंगा लगें इसके लिए लोगों को जागरूक किया जाए साथ ही प्रचार प्रसार भी किया जाए। जिलाधिकारी ने एक-एक विभाग के अधिकारियों से तैयारियों के बारे में जानकारी ली तथा निर्देशित किया कि झंडा समय रहते उपलब्ध कर लिये जाएं। देशव्यापी 13 से 15 अगस्त हर-हर तिरंगा अभियान में जनपद वासी शामिल होकर देश की आजादी का अमृत महोत्सव मनाएं। राष्ट्रध्वज हर देशवासी के लिए शान का प्रतीक है।

## शार्ट न्यूज

### एलायंस एयर ने दक्षिण भारत में अपनी नई उड़ानों का विस्तार किया



एलायंस एयर ने चेन्नई-मैसूर-चेन्नई की नई सीधी उड़ान शुरू करने की घोषणा की जिसके बाद देश के विमानन मानचित्र एलायंस एयर कई क्षेत्रीय बिंदुओं को अपनी सेवाओं द्वारा जोड़ने जा रही है। एलायंस एयर 12 अगस्त 2022 से चेन्नई-मैसूर-चेन्नई से सीधी उड़ान संचालित करेगी। एयरलाइन इन शहरों को जोड़ने के लिए अपने 70 सीटर शानदार विमान तैनात करेगी। यह उड़ान सप्ताह में 3 दिन संचालित होगी। (बुधवार, शुक्रवार और रविवार) उड़ान 9आई 893 चेन्नई से 0925 बजे प्रस्थान करेगी और 1100 बजे मैसूर पहुंचेगी। फ्लाइट 9आई 894 मैसूर से 11:30 बजे प्रस्थान करेगी और 1300 बजे चेन्नई पहुंचेगी। चेन्नई-मैसूर के लिए समावेशी आकर्षक किराया केवल 4678/- रुपये से शुरू होगा। तटीय तमिलनाडु से कर्नाटक के हेरिटेज सिटी तक, यह उड़ान इस क्षेत्र में व्यापार, पर्यटन को खोल देगी। यह उड़ान मैसूर और चेन्नई के यात्रियों को देश के बाकी हिस्सों से आगे की कनेक्टिविटी के लिए कई विकल्प देगी। एलायंस एयर का यह निरंतर प्रयास है कि वह अपने नेटवर्क को मजबूत करे और भारत और उससे आगे को जोड़ने के लिए ऊंची उड़ान भरे। एलायंस एयर में केवल खिड़की या गलियारे की सीटें हैं और हमारे विमानों में 30 की सीट पिच के साथ सुपर आरामदायक लेग स्पेस है। हमारे विभिन्न प्रचार प्रस्तावों के बारे में अधिक जानने के लिए, यात्री www.allianceair.in लॉग इन कर सकते हैं या हमारे किसी भी ट्रैवल पार्टनर से संपर्क कर सकते हैं।

### एयरटेल का पहली तिमाही में शुद्ध लाभ 467 प्रतिशत बढ़ा

नयी दिल्ली। देश में दूरसंचार क्षेत्र की प्रमुख कंपनियों में से एक भारती एयरटेल का चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में शुद्ध लाभ वार्षिक आधार पर 466.8 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि के साथ 1,607 करोड़ रुपये रहा। कंपनी का इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में शुद्ध लाभ 284 करोड़ रुपये था। कंपनी ने सोमवार को अपने तिमाही परिणामों में बताया कि आलोच्य तिमाही में उसका समेकित राजस्व 22.2 प्रतिशत बढ़कर 32,805 करोड़ रुपये रहा। एयरटेल का आलोच्य तिमाही में प्रति यूनिट औसत राजस्व (एआरपीयू) बढ़कर 183 रुपये पर पहुंच गया जो 30 जून 2021 को समाप्त हुयी तिमाही में 146 रुपये था। इस तिमाही में कंपनी का परिचालन लाभ मार्जिन 1.50 प्रतिशत बढ़कर 50.6 प्रतिशत हो गया।

### जियो की 1,000 शहरों में 5जी सेवा शुरू करने की योजना तैयार

नयी दिल्ली। रिलायंस समूह की दूरसंचार कंपनी जियो ने तकरीबन 1,000 शहरों में 5जी सेवाएं शुरू करने की तैयारियां कर ली है। कंपनी ने अपने स्वदेश में निर्मित 5जी दूरसंचार उपकरणों का परीक्षण भी किया है। रिलायंस जियो ने कुछ दिन पहले समाप्त हुए 5जी स्पेक्ट्रम नीलामी में सबसे बड़ी बोलियां लगायी हैं। कंपनी ने तकरीबन 1.50 लाख करोड़ रुपये की बोलियों में से 88,078 करोड़ रुपये की बोली लगायी थी। रिलायंस ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा कि जियो ने वित्त वर्ष 2021-22 में 5जी सेवाओं के लिए खुद को तैयार करने की लिए बहुत से कदम उठाए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, देश के 1,000 शहरों में 5जी सेवाएं देने की जियो की योजना पूरी हो गई है। इस दौरान हीट मैप, 3डी मैप और रे-ट्रेसिंग प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल कर लक्षित उपभोक्ता खपत और राजस्व की संभावना को आधार बनाया गया। कंपनी ने कहा कि जियो ने 5जी तकनीक से जुड़ी सेवाओं का जमीनी स्तर पर परीक्षण भी किया है। इस दौरान एआर, वीआर, क्लाउड गेमिंग, टीवी स्ट्रीमिंग एवं औद्योगिक उपयोग को परखा गया। दूरसंचार विभाग के अनुसार 4जी की तुलना में 5जी सेवाएं 10 गुना तेज होंगी और स्पेक्ट्रम की सक्षमता भी करीब तीन गुना बढ़ जाएगी।

### सोना 402 और चांदी 1645 रुपये महंगी

मुंबई। दुनिया की प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर के कमजोर पड़ने से वैश्विक बाजार में कीमती धातुओं में आई तेजी की बदौलत आज घरेलू सर्राफा बाजार में सोना 402 रुपये प्रति दस ग्राम और चांदी 1645 रुपये प्रति किलोग्राम महंगी हो गई। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सोना हाजिर 0.57 प्रतिशत की तेजी लेकर 1784.18 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया। इसी तरह अमेरिका सोना वायदा 0.56 प्रतिशत चमककर 1782.90 डॉलर प्रति औंस हो गया। इस दौरान चांदी हाजिर भी 2.79 प्रतिशत चढ़कर 20.43 डॉलर प्रति औंस बोली गई। देश के सबसे बड़े वायदा बाजार एमसीएक्स में सोना 402 रुपये चमककर 52276 रुपये प्रति दस ग्राम और सोना मिनी 370 रुपये की तेजी के साथ 52160 रुपये प्रति दस ग्राम पर रही। इसी तरह चांदी 1645 रुपये महंगी होकर 59009 रुपये प्रति किलोग्राम और चांदी मिनी 1442 रुपये मजबूत होकर 59355 रुपये प्रति किलोग्राम बोली गयी।

### एपीएसईजेड का पहली तिमाही में शुद्ध लाभ 17 प्रतिशत गिरा

मुंबई। अदाणी पोर्ट्स और स्पेशल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड (एपीएसईजेड) का वित्त वर्ष 2022-23 की पहली तिमाही में शुद्ध लाभ वार्षिक आधार पर 17 प्रतिशत घटकर 1,092 करोड़ रुपये रहा। कंपनी ने सोमवार को एक बयान में कहा कि वित्त वर्ष 2021-22 की पहली तिमाही में उसका शुद्ध लाभ 1,313 करोड़ रुपये था। एपीएसईजेड का समेकित राजस्व (गंगावरम को छोड़कर) पिछले वर्ष की समान अवधि की तरह तकरीबन 4,638 करोड़ रुपये रहा। इस दौरान कंपनी का विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसईजेड) व्यापार से अर्जित राजस्व 725 करोड़ रुपये घटा है। कंपनी ने कहा, यह गिरावट हमारी उम्मीद के अनुरूप है और पूरे वित्त वर्ष 2022-23 के लिए हमारी योजना में शामिल है। एपीएसईजेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और पूर्णकालिक निदेशक कर्ण अदाणी ने कहा, वित्त वर्ष 2022-23 की पहली तिमाही कंपनी के इतिहास में मजबूत तिमाही रही है जिसमें रिकॉर्ड माल ढुलाई और उच्च तिमाही परिचालन लाभ (एबिटडा) दर्ज हुआ है। इस तिमाही में सालाना आधार पर मजबूत प्रदर्शन से 11 प्रतिशत का उछाल दिखा है, क्योंकि इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कोरोना के बाद मांग में बढोतरी हुयी थी।

### देश की अर्थव्यवस्था ध्वस्त हो गयी : पृथ्वीराज चौहान

कोल्हापुर, 08 अगस्त (वार्ता) महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री पृथ्वीराज चौहान ने कहा हैं देश की अर्थव्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो गयी है और पड़ोसी देशों जैसे पाकिस्तान, श्रीलंका, बंगलादेश और अन्य की तरह हालात उत्पन्न हो गए हैं, जहां आर्थिक स्थिति बर्बाद है। श्री चौहान ने सोमवार को संवाददाता सम्मेलन में केंद्र सरकार की अलोचना करते हुए कहा कि देश की अर्थव्यवस्था ध्वस्त हो गयी है और पाकिस्तान, श्रीलंका और बंगलादेश की तरह रास्ते पर आ गयी। उन्होंने कहा कि जब हमारा देश तानाशाही की ओर बढ़ रहा था और सवाल उठ रहा था कि क्या देश में उदारवाद बना रहेगा और लोकतंत्र खतरे में आ गया है।

### साग्राहा मैनेजमेंट सर्विसेज' का सेव सॉल्यूशन्स ने किया अधिग्रहण

नयी दिल्ली। वित्तीय समावेशन कंपनी सेव सॉल्यूशन्स प्राइवेट लिमिटेड ने दक्षिण भारत की कंपनी साग्राहा मैनेजमेंट सर्विसेज का अधिग्रहण करने की घोषणा की है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि साग्राहा मैनेजमेंट सर्विसेज का सेव सॉल्यूशन्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा अधिग्रहण किया गया है। सेव द्वारा किये गये इस अधिग्रहण से कंपनी का भौगोलिक विस्तार होगा। इस अधिग्रहण के माध्यम से सेव दक्षिण भारत में फाइनेंशियल इंक्लूजन के अपने मिशन को मजबूती प्रदान करेगा। बैंगलोर स्थित साग्राहा मैनेजमेंट सर्विसेज दक्षिण भारत की प्रमुख व्यापारिक एवं ऋण प्रदाता है। कंपनी का उद्देश्य समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करना है। वर्तमान में साग्राहा व्यापार हेतु लोन एवं ग्रुप माइक्रोफाइनेंस लोन प्रदान करती है और भविष्य में एमएसएमई लोन प्रोडक्ट्स लॉन्च करने की प्रक्रिया में है।

# 5जी स्पेक्ट्रम नीलामी की सफलता सरकारी नीतियों में उद्योग का विश्वास : संचार राज्य मंत्री

नयी दिल्ली। केंद्रीय संचार राज्य मंत्री देवू सिंह चौहान ने 5जी स्पेक्ट्रम नीलामी की सफलता का श्रेय सरकार की नीतियों में उद्योग के विश्वास को देते हुए आज कहा कि भारतीय दूरसंचार नेटवर्क सबसे अधिक लागत प्रभावी दरों के साथ विश्व का दूसरा सबसे बड़ा नेटवर्क है।

चौहान ने यहां एशिया और ओशिनिया क्षेत्र के लिए अंतर्राष्ट्रीय दूरसंचार संघ के क्षेत्रीय मानकीकरण फोरम (आरएसएफ) के उद्घाटन के मौके पर कहा कि यह विकास मोदी सरकार की बाजार अनुकूल नीतियों से प्रेरित है। उन्होंने कहा कि दूरसंचार के क्षेत्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में तैयार की गई भारत की नीति तीन स्तंभों- ईज ऑफ डूइंग उद्योग के लिए; ईज ऑफ लिविंग ग्रामीण और दूर-दराज के क्षेत्रों में रहने वाले लोगों सहित सभी नागरिकों के लिए और आत्मनिर्भर भारत पर आधारित है।

आजादी का अमृत महोत्सव के दौरान समारोह के एक उत्सव के रूप में संचार मंत्रालय एशिया और ओशिनिया क्षेत्र के लिए अंतर्राष्ट्रीय दूरसंचार संघ के क्षेत्रीय मानकीकरण फोरम (आरएसएफ) की मेजबानी कर रहा है।

चौहान ने आज एशिया ओशिनिया क्षेत्र के लगभग 20 देशों के प्रतिभागियों के साथ संयुक्त राष्ट्र एजेंसी कार्यक्रम का उद्घाटन किया। क्षेत्रीय मानकीकरण फोरम (आरएसएफ) का विषय दूरसंचार/आईसीटी के नियामक और नीतिगत पहलू है। इसके बाद 09 अगस्त 2022 से 12 अगस्त 2022 तक




अंतर्राष्ट्रीय दूरसंचार संघ-टी अध्ययन समूह 3 क्षेत्रीय समूह एशिया और ओशिनिया (आईटीयू-टी एसजी3आरजी-एओ) की चार दिवसीय बैठक आयोजित की जाएगी।

उन्होंने भारत में दूरसंचार सुधारों द्वारा सृजित किए गए सकारात्मक और प्रगतिशील माहौल का उल्लेख करते हुए कहा कि ये सुधार स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने, उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा करने, लिक्विटी बढ़ाने, निवेश को प्रोत्साहित करने और टीएसपी पर नियामक बोझ कम करने में समर्थ हैं। इसके परिणामस्वरूप अभी हाल में देश में 5जी स्पेक्ट्रम नीलामी में 20 अरब डॉलर की बोलियां प्राप्त हुई हैं जो भारतीय दूरसंचार उद्योग के विश्वास और भावनाओं को दर्शाती है।

श्री चौहान ने कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक अत्याधुनिक दूरसंचार सुविधाओं का विस्तार करने और अंत्योदय दर्शन के साथ तालमेल स्थापित करने के लिए प्रधानमंत्री ने डिजिटल डिवाइड से निपटने के लिए एक स्पष्ट रोडमैप निर्धारित किया है इसमें ऑप्टिकल फाइबर को देश के सभी 6 लाख गांवों तक पहुंचाना और सभी गांवों में 4जी मोबाइल संचार को उपलब्ध कराना शामिल हैं। उन्होंने प्रतिभागियों को बताया कि लगभग 1,75,000 गांवों में पहले से ही ऑप्टिकल फाइबर उपलब्ध हैं, जबकि लगभग 5,60,000 गांवों में 4जी मोबाइल सुविधाएं मौजूद हैं। कई अरब डॉलर की एक व्यापक योजना बनाई गई है, जो वर्ष 2025 तक सभी छह लाख गांवों में ऑप्टिकल फाइबर और मोबाइल संचार सुविधाएं सुनिश्चित करेगी। देश में 5जी की शुरुआत होने के बारे में श्री चौहान ने कहा कि भारत सरकार स्वदेशी रूप से डिजाइन, विकसित और विनिर्मित उन्नत दूरसंचार प्रौद्योगिकी को बढ़ावा दे रही है। इसके परिणामस्वरूप आज देश में एक मजबूत स्वदेशी 5जी मोबाइल संचार इको-सिस्टम मौजूद है। इस साल के अंत तक हम देश में 5जी नेटवर्क को शुरू करने के लिए स्वदेशी रूप से विकसित और निर्मित 5जी स्टैक को स्थापित होते हुए देख सकते हैं। हमारे इंजीनियरों ने 5जी मानकों का एक सेट विकसित किया है जो ग्रामीण क्षेत्र में 5जी नेटवर्क के विस्तार में मदद करेगा।

# होंडा ने लॉन्च की नई स्पोर्टी सी बी300एफ मोटरसाइकिल

नयी दिल्ली। दोपहिया वाहन बनाने वाली प्रमुख कंपनी होण्डा मोटरसाइकिल एण्ड स्कूटर इंडिया ने आज नई पावरफुल स्पोर्टी और एग्रेसिव- सीबी 300एफ लॉन्च करने की घोषणा की जिसकी दिल्ली में शुरुआती एक्स शोरूम कीमत 225900 रुपए है।

कंपनी ने कहा कि परफोर्मेन्स और बेजोड़ व्यक्तित्व के तालमेल के साथ 'इंटरनेशनल बिग-बाईक' डिज़ाइन के डीएनए को बनाए रखते हुए अब उपभोक्ता इसकी बुकिंग होण्डा बिगविंग शोरूम पर कर सकते हैं।

कंपनी के प्रबंध निदेशक, अध्यक्ष और सीईओ आत्सुशी ओगाता ने कहा, ''भारत में दोपहिया परिवेश में मोटरसाइकिल कैटेगरी में तेज़ी से बदलाव आ रहे हैं। खासतौर पर मिडसाइज़ और इससे उपर वाले सेगमेन्ट के राइडर शानदार परफोर्मेन्स के साथ बहुमुखी और आधुनिक राइड की उम्मीद रखते हैं। गतिशील जीवनशैली की महत्वाकांक्षा के साथ राइडिंग कम्युनिटी बेहतरीन परफोर्मेन्स और बिग बाईक का बेजोड़ अनुभव चाहती है। आज हम होण्डा की फन-मोटरसाइकिल रेंज में नए अध्याय की शुरूआत कर रहे हैं!''

उन्होंने कहा कि राइडिंग का पावरफुल अनुभव प्रदान करते हुए 293 सीसी ऑयल-कूल्ड 4-वॉल्व एसओएचसी इंजन एग्रेसिव और निर्बाध राइडिंग के साथ लम्बी दूरी की टूरिंग का भी शानदार अनुभव देती है। 10 नए पेटेंट ऐप्लीकेशन्स के साथ सीबी 300एफ अपने आधुनिक इनोवेशन्स, डिज़ाइन और टेक्नोलॉजी के साथ भीड़ में सबसे अलग नज़र आती है।

उन्होंने कहा कि नई तीन रंगों मैट एक्सिस ग्रे मैटेलिक, मैट मार्वल ब्लू मैटेलिक और स्पोर्ट्स रैड में दो वेरिएन्ट्स-डीलक्स और डीलक्स प्रो में उपलब्ध है। डीलक्स वेरिएन्ट की दिल्ली में एक्स शोरूम कीमत 2,25,900 रुपए और डीलक्स प्रो की कीमत 2,28,900 रुपए है।

श्री ओगाता ने कहा कि नई सीबी 300 एफ सुनिश्चित करती है कि राइड का हर पहलु नियन्त्रण में रहे। ड्यूल चैनल एबीएस परफोमेन्स के साथ उत्कृष्ट सुरक्षा देते हैं, वहीं असिस्ट और स्लिपर क्लच राइड को आरामदायक बनाते हैं ताकि राइडर को थकान न हो। गोल्डन यूएसडी फ्रंट फोर्क कुशनिंग के साथ संचालन को आसान बनाते हैं। वहीं फ्रंट (276 एमएम) और रियल (220 एमएम) ब्रेक के साथ बेजोड़ ब्रेकिंग पावर राइडर के हाथों में रहती है।6-स्पीड ट्रांसमिशन अनुकूल गियर रेशो के साथ राइड को सहज बनाते हैं, जिससे शहर में राइड के दौरान बार-बार गियर बदलने की ज़रूरत नहीं रहती। इसके अलावा छठा गियर हाईवे पर राइड को रोचक बना देता है। इसका फुल एलईडी हैडलैम्प और विंकर्स बेहतर विज़िबिलिटी देते हैं, वहीं फुली डिजिटल इंस्ट्रुमेन्ट पैनल सुनिश्चित करते हैं कि राइडर को सटीक जानकारी मिले, ताकि वे सड़क पर पैनी नज़र बनाए रख सकें।

# पेट्रोल-डीजल की कीमत में कोई बदलाव नहीं

नयी दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमत घट जाने के बावजूद देश में सोमवार को तेल विपणन कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल की कीमतों में अभी भी कोई बदलाव नहीं किया।

देश में करीब दो माह से अधिक समय से ईंधन की कीमतों में स्थिरता होने से आम आदमी के लिए राहत बनी हुयी है।

सार्वजनिक क्षेत्र की देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (आईओसीएल) के अनुसार, दिल्ली में आज पेट्रोल के दाम 96.72 रुपये और डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर बिक रहा है। मुंबई में पेट्रोल और डीजल के दाम क्रमश: 106.31 रुपये प्रति लीटर और 94.27 रुपये प्रति लीटर पर हैं।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में लंदन ब्रेंट क्रूड 95.16 डॉलर प्रति बैरल और अमेरिकी क्रूड 89.20 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा।

देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतें मूल्य वर्धित कर (वैट) और माल ढुलाई शुल्क के आधार पर सभी राज्यों में अलग-अलग हैं। पेट्रोल-डीजल के मूल्यों की प्रतिदिन समीक्षा की जाती है।

# पावरग्रिड की पहली तिमाही में कुल आय सात प्रतिशत बढ़कर 11,169 करोड़ रुपये

नयी दिल्ली। विद्युत मंत्रालय के स्वामित्व वाली महारत्न कंपनी पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (पावरग्रिड) की वित्त वर्ष 2022-23 की पहली तिमाही में कुल आय सात प्रतिशत की वृद्धि के साथ 11,169 करोड़ रुपये रही। इससे पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में यह 10,392 करोड़ रुपये थी।

पावरग्रिड ने सोमवार को एक बयान में कहा कि आलोच्य तिमाही में कंपनी का समेकित आधार पर शुद्ध लाभ 3,801 करोड़ रुपये है, जो तुलनीय आधार पर इससे पिछले वित्त वर्ष की पहली तिमाही (असाधारण मदों को छोड़कर) से 14 प्रतिशत अधिक है। वित्त वर्ष 2021-22 की पहली तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 5,998 रुपये था जिसमें परिसंपत्ति के मुद्रीकरण के कारण 3,014 करोड़ रुपये (कर का शुद्ध 2,657 करोड़ रुपये) की एक असाधारण मद शामिल थी। कंपनी इस दौरान समेकित आधार पर पूंजीगत व्यय 1,482 करोड़ रुपये रहा और उसने 1,345 करोड़ (विदेशी मुद्रा दर भिन्नता को छोड़कर) की परिसंपत्तियां पूंजीकृत कीं। कंपनी की 30 जून, 2022 को सकल अचल परिसंपत्ति 2,64,838 करोड़ थी।

पावरग्रिड ने कहा कि उसने नया 765/400/220 केवी भुज-द्वंद्व जीआईएस सब-स्टेशन जोड़ा है और अक्षय ऊर्जा उत्पादन की निकासी की सुविधा के लिए भादला और फतेहगढ़ उप-केंद्रों की परिवर्तन क्षमता में वृद्धि की है। तिमाही के अंत में पावरग्रिड और उसकी सहायक कंपनियों की कुल ट्रांसमिशन संपत्ति 1,72,662 सीकेएम ट्रांसमिशन लाइन, 267 सबस्टेशन और 4,85,777 एमवीए परिवर्तन क्षमता थी।

पावरग्रिड ने वित्तीय वर्ष 2022-23 की प्रथम तिमाही के दौरान अत्याधुनिक रखरखाव तकनीकों, स्वचालन और डिजिटलीकरण के उपयोग के साथ अपनी पारेषण प्रणाली की औसत उपलब्धता 99.79 प्रतिशत बनाए रखी तथा उसने दो टीबीसीबी सहायक कंपनियों खेतड़ी-नरेला ट्रांसमिशन लिमिटेड और मोहनलालगंज ट्रांसमिशन लिमिटेड का अधिग्रहण किया।

# अमेरिका में रोजगार के मजबूत आंकड़ों से शेयर बाजार ने भरी उड़ान

मुंबई। अमेरिका में रोजगार के मजबूत आंकड़ों से फेड रिजर्व के ब्याज दरों में तेज बढ़ोतरी की उम्मीद में वैश्विक बाजार में आई तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत शेयर बाजार आज लगातार दूसरे दिन चढ़ता हुआ लगभग एक प्रतिशत मजबूत होकर बंद हुआ।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 465.14 अंक की छलांग लगाकर 58853.07 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 127.60 अंक उछलकर 17525.10 अंक पर रहा। इस दौरान बीएसई का मिडकैप 0.31 प्रतिशत चढ़कर 24,555.98 अंक और स्मॉलकैप 0.28 प्रतिशत की बढ़त लेकर 27,682.44 अंक पर पहुंच गया।

इस दौरान बीएसई में कुल 3670 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1942 में लिवाली जबकि 1556 में बिकवाली हुई वहीं 172 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में 34 में तेजी जबकि शेष 16 में गिरावट दर्ज की गई।



बीएसई के तेल एवं गैस समूह में 0.03 प्रतिशत की गिरावट को छोड़कर शेष 18 समूहों में तेजी रही। इस दौरान सीडीजीएस 0.52, ऊर्जा 0.58, वित्त 0.87, इंडस्ट्रियल्स 1.11, यूटिलिटीज 1.61, ऑटो 1.05, बैंकिंग 0.69, कैपिटल गुड्स 2.00, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.57, धातु 1.27 और पावर समूह के शेयर 1.92 प्रतिशत चढ़ गए।

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर तेजी का रुख रहा। ब्रिटेन का एफटीएसई 0.43, जर्मनी का डैक्स 0.61, जापान का निक्केई 0.26 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.31 प्रतिशत मजबूत हुआ जबकि हांगकांग के हैंगसेंग में 0.77 प्रतिशत की गिरावट रही।

शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स तीस अंक की मामूली बढ़त लेकर 58,417.71 अंक पर खुला लेकिन बिकवाली के दबाव में थोड़ी देर बाद ही 58,266.65 अंक के निचले स्तर तक फिसल गया। इसके बाद शुरू हुई लिवाली से यह लगातार चढ़ता हुआ दोपहर बाद 58,934.90 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 58,387.93 अंक के मुकाबले 0.80 प्रतिशत मजबूत होकर 58,853.07 अंक पर रहा।

इसी तरह निफ्टी भी चार अंक बढ़कर 17,401.50 अंक पर सपाट खुला। कारोबार के दौरान यह 17,359.75 अंक के निचले जबकि 17,548.80 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 17,397.50 अंक की तुलना में 0.73 प्रतिशत की तेजी के साथ 17,525.10 अंक पर रहा।

इस दौरान सेंसेक्स की 20 कंपनियां हरे जबकि शेष 10 लाल निशान पर रहीं। मुनाफा कमाने वाली प्रमुख कंपनियों में महिंद्रा एंड महिंद्रा 3.13, बजाज फिनसर्व 2.95, एचडीएफसी बैंक 2.41, एक्सिस बैंक 2.40, एलटी 2.34, एनटीपीसी 2.12, एचडीएफसी 1.72, रिलायंस 1.30, मारुति 0.84, टीसीएस 0.26, इंफोसिस 0.16 और भारती एयरटेल 0.11 प्रतिशत शामिल है।

वहीं, एसबीआई 1.95, अल्ट्रासिमको 1.63, नेस्ले इंडिया 1.18, विप्रो 0.90, पावरग्रिड 0.69, सन फार्मा 0.51, एशियन पेंट 0.49, आईसीआईसीआई बैंक 0.24, टेक महिंद्रा 0.15 और टाटा स्टील ने 0.14 प्रतिशत का नुकसान उठाया।

# जिंदल स्टेनलेस की ईवाई इंडिया के साथ साझेदारी

गुड़गांव। स्टेनलेस स्टील विनिर्माता जिंदल स्टेनलेस अपने व्यापक पर्यावरण, सामाजिक और संचालन (ईएसजी) लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए सुचिंतित पहल कर रही है और इसके लिए उसने चुनिंदा ईएसजी सूचकांकों के अनुसार अपनी तैयारियों के आकलन के लिए एक परियोजना 'समन्वय' शुरू की है।

कंपनी ने परियोजना का रणनीतिक खाका तैयार करने के लिए अर्न्स्ट एंड यंग (ईवाई) एलएलपी को अपना भागीदार नियुक्त किया है। इसके अलावा, कंपनी ने अपने जीएचजी उत्सर्जन का पूर्वानुमान लगाने और विज्ञान आधारित लक्ष्य पहल के अनुरूप उत्सर्जन में कमी के लक्ष्य स्थापित करने का भी प्रस्ताव रखा है।

जिंदल स्टेनलेस के प्रबंध निदेशक अभ्युदय जिंदल ने कहा, भारतीय स्टेनलेस स्टील उद्योग की अग्रणी कंपनी के रूप में, हम अपने विनिर्माण तंत्र में बेहतरीन वहनीय तकनीकों के ज़रिये परिचालन उत्कृष्टता को अपनाने और इसके अनुकूल बनने में सबसे आगे हैं।

हमारा मानना है कि स्थिरता, सामाजिक उत्थान, सुशासन, डीकार्बनाइजेशन, अपशिष्ट प्रबंधन और डिजिटल कौशल की दिशा में कुशल और तत्काल प्रयास हमारे सभी सम्बद्ध पक्षों के लिए दीर्घकालिक मूल्य तैयार करने और चक्रीय अर्थव्यवस्था तैयार करने के लिए अनिवार्य हैं। हमें विश्वास है कि ईवाई के सहयोग से हम अपनी ईएसजी और सतत पेहलो में सफल होंगे ।

अर्न्स्ट एंड यंग इंडिया के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी राजीव मेमानी ने कहा, संचालन की वहनीयता हासिल करने के लिए निवेश करने वाली संगठनों में प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त होती है क्योंकि निवेशक अधिक वहनीय पोर्टफोलियो, अधिक से अधिक ईएसजी अनुपालन और संभावित निवेश लक्ष्यों से प्रदर्शन की मांग कर रहे हैं।

कार्बन उत्सर्जन कम करने और स्टेनलेस स्टील के उत्पादन में उपयुक्त ऊर्जा के लिए एक सुनियोजित, चरणबद्ध खाके की ज़रुरत होती है। हम जिंदल स्टेनलेस के साथ काम कर सम्मानित महसूस कर रहे हैं, जिन्होंने अपनी संपूर्ण मूल्य श्रृंखला में ईएसजी को अपनाने की व्यापक रणनीति की दिशा में अग्रणी कदम उठाया है, जिससे भविष्य-केंद्रित और वहनीय उद्यम बनाने की नीति के अनुपालन से परे भी बहुत से लाभ होंगे।

# मान ने गोयल से आरडीएफ के 1760 करोड़ रु मंजूर कराये

नयी दिल्ली। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने सोमवार को राजधानी में केंद्रीय खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री पीयूष गोयल से मुलाकात की। पंजाब सरकार की यहां जारी विज्ञप्ति के अनुसार श्री मान के साथ बातचीत में केंद्र द्वारा ग्रामीण विकास कोष (आरडीएफ) की बकाया 1760 करोड़ रुपये की बकाया राशि राज्य को जारी किए जाने को स्वीकृति प्रदान की गयी।

दोनों नेताओं की यह मुलाकात राज्य सभा सचिवालय में हुई। बयान में श्री मान के हवाले से कहा गया कि मुख्यमंत्री ने कहा कि मंत्री ने उपस्थित अधिकारियों को पिछले खरीफ और रबी खरीद सीजन के लिए लंबित आरडीएफ भुगतान जारी करने के मामले में तेजी से कार्रवाई करने के लिए कहा।

इससे पंजाब राज्य को 1700 करोड़ रुपये से अधिक का आर्थिक लाभ होगा। बयान में यह भी कहा गया है कि चर्चा के दौरान श्री गोयल ने मुख्यमंत्री को राज्य सरकार द्वारा उठायी गयी अन्य मांगों पर शीघ्र कार्यवाही करने का आश्वासन दिया, जिससे राज्य को सालाना 2800 करोड़ रुपये से अधिक का वित्तीय लाभ होगा।

श्री मान ने बताया कि केंद्रीय मंत्री ने एफसीआई को उपलब्ध ब्याज दरों पर पंजाब को ब्याज



भुगतान की प्रतिपूर्ति करने के निर्णय पर फिर से विचार करने के उनके अनुरोध को भी स्वीकार कर लिया है। मुख्यमंत्री ने कुछ महीने पहले पंजाब सरकार द्वारा गेहूँ की खरीद के लिए किए गए खर्च की अपर्याप्त प्रतिपूर्ति का मामला भी उठाया। केंद्रीय मंत्री ने श्रम और बारदान / पीपी बैग के लिए स्वीकृत दरों पर पुनर्विचार करने के मुख्यमंत्री के अनुरोध का सकारात्मक जवाब दिया और केंद्रीय खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग के अधिकारियों को इन आंकड़ों का मिलान राज्य सरकार के अधिकारियों के साथ जल्द से जल्द करने को कहा।

मुख्यमंत्री ने श्री गोयल को आश्वासन दिया कि उनकी सरकार जल्द ही फसल विविधीकरण में पंजाब में सकारात्मक परिणाम दिखाएगी। इस तरह की पहल गेहूं-धान चक्र को तोड़ने के लिए आवश्यक है।

# शक्कर में पूछपरख, खाद्य तेलों में मजबूती, दलहनो में घटबढ़, दालें महंगी, चावल सामान्य

इंदौर, 08 अगस्त (वार्ता) सियागंज किराना बाजार में शक्कर में पूछपरख रही। खाद्य तेल मजबूती लिए रहे। सोयाबीन रिफाइंड ऊंचा बिका। तिलहन में उठाव रहा। दलहनो में मिश्रित रंगत दर्ज की गई। दालों में भी भाव बढ़े रहे। चावल में कामकाज सामान्य बताया गया।

### किराना बाजार

शक्कर में उठाव रहा। आज शक्कर में कामकाज 3630 से 3670 रुपये के स्तर पर चला। शक्कर में 08 गाड़ी आवक हुई। खोपरा गोला, खोपरा बूरा, हल्दी तथा साबूदाना में उठाव बताया गया।

खाद्य तेल मजबूती लिए रहे। आज सोयाबीन रिफाइंड में बढ़त दर्ज की गई इससे महंगा बिका। तिलहन में प्लान्टो की लिवाली से मजबूती बनी बताई गई।

### दाल-दलहन

स्थानीय संयोगितागंज अनाज मंडी में दलहन मजबूती लिए रहे। आज तुअर बढ़कर बिकी। दालों में मांग रही। इससे भाव ऊंचे बोले गए। आज चावल में पूछपरख बढ़त लिए बताई गई।

### किराना

शक्कर 3630 से 3670 रुपये प्रति क्विंटल। खोपरा गोला 180 से 205 रुपये प्रति किलोग्राम। खोपरा बूरा 2000 से 3500 रुपये प्रति 15 किलोग्राम। हल्दी खडी 100 से 162 रुपये प्रति किलोग्राम। साबूदाना 6000 से 7800, पैकिंग में 8000 से 8200 रुपये प्रति क्विंटल।

### तिलहन

सरसों निमाड़ी 5800 से 6000, रायडा 5700 से 5900 रुपये प्रति क्विंटल।
मूंगफली तेल इंदौर 1630 से 1650, सोयाबीन रिफाइंड इंदौर 1260 से 1265, सोयाबीन साल्वेंट 1230 से 1235, पाम तेल 1335 से 1340 रुपये प्रति 10 किलो।
चना (कांटा) 5000 से 5025, मसूर 6600 से 6650, तुअर निमाड़ी 7000 से 8000, तुअर सफेद (महाराष्ट्र) 8000 से 8300, तुअर (कर्नाटक) 8200 से 8500, मूंग 6500 से 6600, मूंग हल्की 5500 से 6000, उड़द 7600 से 8000, उड़द मीडियम 6300 से 6800, उड़द नया 7000 से 7600, हल्का 2500 से 4500 रुपये प्रति क्विंटल।
चना दाल 6290 से 6700, तुअर दाल सवा नंबर 10300 से 10400, तुअर दाल फूल 10500 से 10700, तुअर दाल बोल्ड 11000 से 11700, आयातित तुअर दाल 10100 से 10200, मसूर दाल 7850 से 8150, मूंग दाल 8750 से 9050, मूंग मोगर 9050 से 9350, उड़द दाल 9200 से 9500, उड़द मोगर 10000 से 10300 रुपये प्रति क्विंटल।

# शार्ट न्यूज

## फिर एक ड्रा, यूनाइटेड को रेंजर्स ने रोका

नयी दिल्ली। प्रीमियर फुटबाल लीग में गोल तो खूब हो रहे हैं लेकिन ड्रा मैचों का सिलसिला सा चल निकला है। आज यहां अंबेडकर स्टेडियम मैदान पर खेले गए उतार चढ़ाव वाले मुकाबले में रेंजर्स स्पोर्ट्स क्लब ने फ्रेंड्स यूनाइटेड को 2 -2 की बराबरी पर रोक कर अंक बांटने के लिए मजबूर कर दिया। फ्रेंड्स यूनाइटेड के भाग्य ने एक बार फिर साथ नहीं दिया। 2-0 की बढ़त लेने के बाद यूनाइटेड की रक्षापंक्ति की चूक से हिसाब बराबर हो गया। फ्रेंड्स यूनाइटेड के गोल उसके स्टार स्कोरर अजय सिंह ने जमाए। मोहित और मयंक ने हिसाब चुकता किया। कल खेले जा के वाले मैचों में दिल्ली एफसी का मुकाबला रोयल रेंजर्स से ह्योग। दूसरा मैच तरुण संघा और हिंदुस्तान के मध्य खेला जाएगा।

## ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 7-0 से हराकर जीता स्वर्ण

बर्मिंघम। भारतीय पुरुष हॉकी टीम को राष्ट्रमंडल खेल 2022 में सोमवार को फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के हाथों 0-7 की हार के बाद रजत पदक से संतोष करना पड़ा। ऑस्ट्रेलिया की ओर से थॉमस विकहैम (9%, 26%), जेकब एंडरसन (22%, 27), नेथन एफरॉम्स (14%, 42) ने दो-दो गोल किये, जबकि फ्लिन ओगिलवी (46%) ने एक गोल किया। भारत इसस मैच में एक भी गोल नहीं कर सकी। भारत को पूरे मैच में एक भी पेनल्टी कॉर्नर नहीं मिला, जबकि ऑस्ट्रेलिया को सात पेनल्टी कॉर्नर मिले जिसमें से उन्होंने दो को गोल में तब्दील किया। इसी के साथ भारत ने 61 पदक जीतकर अपने राष्ट्रमंडल अभियान को समाप्त किया। भारत ने बर्मिंघम 2022 में 22 स्वर्ण, 16 रजत और 23 कांस्य पदक जीते।

## शरत ने 16 साल बाद जीता राष्ट्रमंडल एकल खिताब

बर्मिंघम। भारत के शीर्ष टेबल टेनिस खिलाड़ी अचंत शरत कमल ने राष्ट्रमंडल खेल 2022 में सोमवार को इंग्लैंड के लायम पिचफोर्ड को 4-1 से हराकर 16 साल बाद राष्ट्रमंडल खेलों में एकल स्वर्ण हासिल किया। शरत ने पिचफोर्ड को पांच गेमों के मैच में 11-13, 11-7, 11-2, 11-6, 11-7 से मात दी। भारतीय दिग्गज ने अपना पहला राष्ट्रमंडल स्वर्ण मेलबर्न 2006 खेलों में जीता था। शरत बर्मिंघम 2022 में श्रीजा अकुला के साथ मिश्रित युगल स्वर्ण और सत्यन ज्ञानसेकरन के साथ पुरुष युगल रजत भी जीत चुके हैं।

## बर्मिंघम 2022 के समापन समारोह में निखत, शरत होंगे भारत के ध्वजवाहक

बर्मिंघम। विश्व मुक्केबाजी चैंपियन निखत ज़रीन और टेबल टेनिस स्टार अचंत शरत कमल सोमवार को बर्मिंघम के एलेक्ज़ेंडर स्टेडियम में राष्ट्रमंडल खेल 2022 के समापन समारोह में भारत के ध्वजवाहक बनेंगे। निखत ने रविवार को महिला लाइट फ्लाईवेट वर्ग में कार्ली मैकनौल को हराकर सोने का तमगा जीता था। यह उनका साल का दूसरा बड़ा स्वर्ण है। इससे पहले उन्होंने मई में आईबीए महिला विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में भी स्वर्ण जीता था। अनुभवी टेबल टेनिस खिलाड़ी शरत ने रविवार को स्वर्ण और रजत दोनों पदक जीते। उन्होंने श्रीजा अकुला के साथ मिश्रित युगल खिताब जीता, जबकि सत्यन ज्ञानसेकरन के साथ पुरुष युगल स्वर्ण पदक मैच हारने के बाद रजत से संतोष किया। वह सोमवार को पुरुष एकल में स्वर्ण के लिए खेलेंगे।

## सिंधु ने जीता महिला एकल का पहला राष्ट्रमंडल स्वर्ण

बर्मिंघम। भारत की बैडमिंटन स्टार पुसरला वेंकट सिंधु ने राष्ट्रमंडल खेल 2022 में सोमवार को कनाडा की मिशेल ली को 2-0 से हराकर पहली बार महिला एकल का राष्ट्रमंडल स्वर्ण पदक अपने नाम किया। सिंधु ने ग्लासगो 2014 खेलों की गोल्ड मेडलिस्ट मिशेल को 21-15, 21-13 से मात दी। रियो 2016 की सिल्वर मेडलिस्ट सिंधु जब कोर्ट में आयीं तो उनके पैर में बैंडेज बंधी हुई थी , लेकिन यह उनके खेल को जरा भी प्रभावित नहीं कर पाया। पहले गेम में उन्हें मिशेल की ओर से चुनौती मिली, लेकिन दूसरे गेम में कनाडाई खिलाड़ी की अप्रत्याशित गलतियों ने सिंधु के लिये जीता का रास्ता आसान कर दिया। इससे पहले सिंधु ने ग्लासगो 2014 खेलों में कांस्य और गोल्डकोस्ट 2018 खेलों में रजत जीता था, और इस जीत के साथ सिंधु ने राष्ट्रमंडल पदकों का सेट पूरा कर लिया है। वह गोल्डकोस्ट 2018 में स्वर्ण जीतने वाली भारतीय टीम का भी हिस्सा थीं, लेकिन महिला एकल में उन्होंने पहली बार सोना जीता है।

## बंगाल ने नामीबिया में होने वाले टूर्नामेंट से नाम वापस लिया

कोलकाता। बंगाल ने नामीबिया में होने वाले ग्लोबल टी20 टूर्नामेंट से नाम वापस ले लिया है। यहां पर भारत की इस घरेलू टीम को नामीबिया की राष्ट्रीय टीम, पाकिस्तान की लाहौर क़लंदर्स और साउथदक्षिण अफ़्रीका की एक घरेलू टीमों के साथ टूर्नामेंट खेलना था। ईएसपीएनक्रिकइंफ़ो समझता है कि बीसीसीआई ने इसके लिए बंगाल को अनुमति नहीं दी। क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ़ बंगाल (सीएबी) से पूर्व में जुड़े रहे एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, बीसीसीआई को शायद फ़ॉर्मेट से दिक्क़त है। अगर यह टी20 नहीं होता तो शायद बीसीसीआई अपनी अनुमति दे देता। बीसीसीआई आईपीएल के मूल्य को बचाने के लिए अपने क्रिकेटरों को विदेशी टी20 लीग में नहीं खेलने देता है। हालांकि अभी तक इस बारे में कोई आधिकारिक सूचना नहीं आई है। 22 जुलाई को बंगाल की टीम ने इस दौरे के लिए अपने 16 सदस्यीय टीम की घोषणा भी कर दी थी, जिसमें अभिमन्यु ईश्वरन, शहबाज़ नदीम, इशान पोरेल और आकाश दीप जैसे खिलाड़ी थे। तब सीएबी के संयुक्त सचिव देवब्रत दास ने कहा था कि ब्रॉडकास्टर सीएबी अध्यक्ष अविषेक डालमिया के पास आए थे और खेलने के लिए आमंत्रित किया था। सीएबी के लिए यह सैयद मुश्ताक़ अली ट्रॉफ़ी से पहले एक विश्व कप खेलने वाली देश के सामने खेलने का मौक़ा था। नामीबिया की राजधानी विंडहोक में चार टीमों का यह टूर्नामेंट एक से नौ सितंबर तक होना था, जो अब बंगाल की वापसी के बाद त्रिकोणीय टूर्नामेंट में बदल जाएगा।

## बीसीसीआई ने नीता अंबानी को भेजा नोटिस

मुम्बई। मुंबई इंडियंस की मालिक नीता अंबानी को बीसीसीआई के नैतिक मामलों के अधिकारी विनीत सरन ने उनके ख़िलाफ़ दायर हितों के टकराव की शिकायत का जवाब देने के लिए कहा है। मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (एमपीसीए) के पूर्व सदस्य संजीव गुप्ता ने शिकायत की थी। उन्होंने यह मुद्दा उठाया था कि आईपीएल में मुंबई फ़्रेंचाइज़ी की मालिक अंबानी रिलायंस इंडस्ट्रीज (आरआईएल) की भी निदेशक हैं, जिसकी सहायक कंपनी वायकॉम 18 ने आईपीएल प्रसारण के अधिकार ख़रीदे थे। वायकॉम ने यह अधिकार 23,758 करोड़ में 2023 से 2027 तक की अवधि के लिए ख़रीदा था। वायकॉम 18 ने जून में बीसीसीआई द्वारा आयोजित नीलामी में ऑस्ट्रेलिया, न्यूज़ीलैंड, यूके और साउथ अफ़्रीका के लिए डिजिटल अधिकार और मीडिया अधिकार (टीवी और डिजिटल दोनों) हासिल किए थे। संजीव के अनुसार आईपीएल में एक टीम के मालिक के रूप में और आईपीएल प्रसारण अधिकार हासिल करने वाली सहायक कंपनी के मालिक के रूप में अंबानी की स्थिति हितों के टकराव का प्रतिनिधित्व करती है। सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश सरन ने शिकायत पर लिखित जवाब दाखिल करने के लिए अंबानी को 2 सितंबर तक का समय दिया है। सरन ने अंबानी को अपने नोटिस में लिखा, आपको सूचित किया जाता है कि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के नैतिकता अधिकारी को बीसीसीआई के नियमों और विनियमों के नियम 39 (बी) के तहत कुछ कृत्यों के बारे में शिकायत मिली है, जो कथित तौर पर हितों के टकराव का गठन करते हैं। आपको 2-9-2022 को या उससे पहले संलग्न शिकायत पर अपनी लिखित प्रतिक्रिया दर्ज करने का निर्देश दिया जाता है। शिकायत दर्ज कराने वाले संजीव का भारतीय क्रिकेट में हितों के टकराव के मुद्दों को उठाने का इतिहास रहा है।

# भारत ने 61 पदकों और चौथे स्थान के साथ बर्मिंघम को कहा अलविदा

एजेंसी

बर्मिंघम। भारत ने राष्ट्रमंडल खेल 2022 में 22 स्वर्ण, 16 रजत और 23 कांस्य सहित 61 पदक जीतकर तालिका में चौथे स्थान के साथ बर्मिंघम को अलविदा कहा। भारत ने 2018 में गोल्ड कोस्ट में 26 स्वर्ण सहित 66 पदक जीतकर तालिका में तीसरा स्थान हासिल किया था। लेकिन इस बार वह उस आंकड़े को पार नहीं कर पाया।

भारत को सर्वाधिक स्वर्ण और सर्वाधिक तमगे कुश्ती से हासिल हुए, जहां देश ने छह स्वर्ण, एक रजत और पांच कांस्य सहित 12 पदक जीते। भारोत्तोलकों ने भारतीय अभियान की बेहतरीन शुरुआत करते हुए तीन स्वर्ण, तीन रजत और चार कांस्य सहित 10 पदक जीते। संकेत सरगर (पुरुष 55 किग्रा) ने चांदी का तमगा जीतकर बर्मिंघम 2022 में भारत का खाता खोला था।

भारत ने अपने युवा एथलीटों की बदौलत ट्रैक एंड फील्ड में भी कई ऐतिहासिक पदक हासिल किये। तेजस्विनी शंकर (कांस्य) ने जहां ऊंची कूद में भारत को पहला राष्ट्रमंडल पदक दिलाया, वहीं मुरली श्रीशंकर (रजत) 44 साल बाद भारत के लिये लंबी कूद पदक जीतने वाले पुरुष बने। प्रियंका गोस्वामी (रजत) भारत के लिये 10,000 मीटर पैदल चाल में पदक जीतने वाली पहली महिला बनीं, वहीं संदीप कुमार ने भी 10,000 मीटर पुरुष पैदल चाल में कांसे का तमगा भारत की झोली में डाला।

अविनाश साबले ने पुरुष स्टीपलचेज़ में केन्या का एकछत्र राज समाप्त करते हुए रजत पदक जीता और 8:11.20 मिनट का राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी स्थापित किया।

एल्डोस पॉल और अब्दुल्ला अबूबकर ने तिहरी कूद में स्वर्ण और रजत जीता। ऐसा पहली बार हुआ कि राष्ट्रमंडल खेलों के तिहरी कूद आयोजन में भारत ने दो पदक जीते हों। अनु रानी ने महिला जैवलिन थ्रो में कांस्य पदक अपने नाम किया।

मुक्केबाजों ने भी बर्मिंघम में भारत का परचम लहराते हुए सात पदक जीते। निखत ज़रीन (50 किग्रा), अमित पंघल (51 किग्रा) और नीतू (48 किग्रा) ने स्वर्ण जीते, जबकि जैस्मीन (60 किग्रा), मोहम्मद हुसामुद्दीन (57 किग्रा) और रोहित टोकस (67 किग्रा) ने कांसे के तमगे जीते। सागर अहलावत (92 किग्रा) ने मुक्केबाजी में भारत का एकलौता रजत जीता।

पुसरला वेंकट सिंधु और लक्ष्य सेन जैसे सितारों की बदौलत भारत ने बैडमिंटन में भी छह पदक अपने नाम किये। सिंधु ने महिला एकल में, लक्ष्य ने पुरुष एकल में जबकि सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने पुरुष युगल में स्वर्ण जीते।

इससे पहले भारतीय मिश्रित टीम ने टूर्नामेंट की शुरुआत में चांदी का तमगा जीता था। इसके अलावा किदांबी श्रीकांत ने पुरुष एकल में और त्रिशा जॉली-गायत्री गोपीचंद की जोड़ी ने महिला युगल में कांस्य पदक जीता।

महिला लॉन बॉल फोर टीम ने इतिहास रचते हुए भारत को इस खेल में पहला राष्ट्रमंडल स्वर्ण दिलाया। पुरुष फोर टीम ने भी लॉन बॉल में चांदी का तमगा हासिल किया।

भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने राष्ट्रमंडल खेलों में पहली बार महिला क्रिकेट के आयोजन का स्वागत करते हुए रजत पदक जीता। पुरुष (रजत) और महिला (कांस्य) टीमों ने हॉकी में भारत का परचम लहराया।

इसके अलावा भारत ने टेबल टेनिस (पांच पदक), जूडो (तीन पदक) और स्क्वाश (दो पदक) सहित 13 प्रतिभाओं में पदक जीते।

## राउंडग्लास पंजाब एफसी ने स्टैकोस वर्गेटिस को नया मुख्य कोच नियुक्त किया

एजेंसी

मोहाली। राउंडग्लास पंजाब एफसी को आगामी हीरो आई-लीग 2022-23 सीज़न के लिए मुख्य कोच के रूप में स्टैकोस वर्गेटिस की नियुक्ति की घोषणा करते हुए खुशी जाहिर की है।

46 वर्षीय वर्गेटिस ग्रीस के रहने वाले हैं और उनके पास अपने देश के साथ-साथ साइप्रस में वरिष्ठ स्तर पर हेड कोच के रूप में काम करने का लगभग एक दशक का अनुभव है। अपने नए कार्यभार के बारे में बोलते हुए वर्गेटिस ने कहा, मैं राउंडग्लास पंजाब एफसी के साथ हेड कोच के रूप में एक नई यात्रा शुरू करने के लिए सम्मानित महसूस कर रहा हूं। यह एक नई चुनौती है और मैं इसके उद्देश्यों को प्राप्त करने की दिशा में टीम का नेतृत्व करने के लिए तत्पर हूं। क्लब का दृष्टिकोण पूरी तरह से मेरे साथ मेल खाता है, और मैं टीम की कमान संभालने और फुटबॉल की एक आकर्षक शैली खेलने के लिए उत्साहित हूं जिससे हमारे प्रशंसक प्रेरित हो सकें।

वर्गेटिस का पहला कार्यकाल सुपर लीग ग्रीस के 2013-14 सीज़न में एस्टरस ट्रिपोलिस में आया, जहां टीम ने यूईएफए यूरोपा लीग क्वालीफाइंग दौर के लिए क्वालीफाई किया था। इस क्लब के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ था।

इसके बाद एक और सफल अभियान चलाया गया, जिसमें एस्टरस ट्रिपोलिस ने यूईएफए यूरोपा लीग 2015-16 के ग्रुप चरण के लिए सीधे क्वालीफाई किया, ग्रीक चैंपियनशिप में तीसरे स्थान पर रहने के बाद, क्लब का अपने इतिहास में अब तक का सबसे अच्छा लीग फिनिश है।

क्लब में वर्गेटिस का स्वागत करते हुए, राउंडग्लास पंजाब एफसी के फुटबॉल निदेशक, निकोलस टोपोलियाटिस ने कहा, हम वर्गेटिस को अपनी पहली टीम के मुख्य कोच के रूप में बोर्ड पर लाने के लिए उत्साहित हैं। हमें विश्वास है कि वह आने वाले सीज़न में टीम को चैंपियनशिप के दावेदार बनने में मदद करेंगे और खिलाड़ियों को उनकी अधिकतम क्षमता हासिल करने में मदद करने के लिए विकसित करेंगे। क्लब में सभी की ओर से उनका हार्दिक स्वागत है।

## शरत ने स्वर्ण, सत्यन ने जीता कांस्य

बर्मिंघम। भारत के शीर्ष टेबल टेनिस खिलाड़ी अचंत शरत कमल ने राष्ट्रमंडल खेल 2022 में सोमवार को 16 साल बाद राष्ट्रमंडल खेलों का एकल खिताब जीता, जबकि उनके साथी सत्यन ज्ञानसेकरन ने कांस्य के रूप में अपना पहला एकल राष्ट्रमंडल पदक हासिल किया। शरत ने पुरुष एकल फाइनल में इंग्लैंड के लायम पिचफोर्ड को 4-1 से मात दी। शरत ने पिचफोर्ड को पांच गेमों के मैच में 11-13, 11-7, 11-2, 11-6, 11-7 से हराकर स्वर्ण अपने नाम किया। भारतीय दिग्गज ने अपना पहला राष्ट्रमंडल स्वर्ण मेलबर्न 2006 खेलों में जीता था। शरत बर्मिंघम 2022 में श्रीजा अकुला के साथ मिश्रित युगल स्वर्ण और सत्यन ज्ञानसेकरन के साथ पुरुष युगल रजत भी जीत चुके हैं। दूसरी ओर, भारत के नंबर एक टेबल टेनिस खिलाड़ी सत्यन ज्ञानसेकरन ने इंग्लैंड के पॉल ड्रिंकहॉल को हराकर कांस्य पदक हासिल किया। सत्यन ने ड्रिंकहॉल को कांस्य पदक मैच में 11-9, 11-3, 11-5, 8-11, 9-11, 11-9 से मात दी। यह राष्ट्रमंडल खेलों में सत्यन का पहला एकल पदक है।


# राष्ट्रमंडल खेलों में हरियाणा के खिलाड़ियों का दबदबा कायम

चंडीगढ़। बर्मिंघम में 22वें राष्ट्रमंडल खेलों में देश के खिलाड़ियों ने अपना शानदार प्रदर्शन बरकरार रखते हुए देश को कुल 57 पदक दिये हैं जिसमें 20 स्वर्ण, 15 रजत और 22 कांस्य पदक शामिल हैं।

देश की आबादी में लगभग दो प्रतिशत भागीदार हरियाणा ने इन खेलों में अपना दबदबा कायम रखा है। भारतीय दल में इस बार सबसे ज्यादा 43 खिलाड़ी हरियाणा से हैं, जिनमें से 17 खिलाड़ियों ने मेडल जीतकर देश और प्रदेश का नाम रोशन किया है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने सभी खिलाड़ियों को दमदार प्रदर्शन कर प्रदेश और देश का नाम पूरी दुनिया में रोशन करने के लिए बधाई और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं। राष्ट्रमंडल खेलों में अमित पंघल और नीतू घनघस ने बॉक्सिंग में गोल्ड झटका है तो साक्षी मलिक, बजरंग पूनिया, दीपक पूनिया, रवि कुमार दहिया, विनेश फोगाट और नवीन कुमार ने कुश्ती में गोल्ड मेडल जीता है। सुधीर ने पैरा पावर लिफ्टिंग में गोल्ड हासिल किया है। अंशु मलिक ने कुश्ती में सिल्वर, पूजा गहलोत, पूजा सिहाग, दीपक नेहरा और मोहित ग्रेवाल ने कुश्ती में कांसे का तमगा जीता है।

मुक्केबाजी में सागर अहलावत ने रजत जबकि जैस्मीन लंबोरिया ने कांस्य पदक जीता है। संदीप कुमार ने एथलेटिक्स ब्रांज मेडल जीता है। महिला हॉकी टीम में भी हरियाणा के खिलाड़ियों ने अपना जलवा दिखाया है। कांस्य पदक जीतने वाली 18 सदस्यीय महिला हॉकी टीम में 8 महिलाएं हरियाणा की हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रमंडल खेलों में हरियाणा के धाकड़ खिलाड़ियों ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि हरियाणा के पहलवानों का डंका पूरे विश्व में बजता है।



हरियाणा सरकार की खेल नीति का ही परिणाम है कि राष्ट्रमंडल खेलों में खिलाड़ियों ने धड़ाधड़ गोल्ड मेडल जीते। उन्होंने कहा कि भारतीय टीम में शामिल हरियाणा के खिलाड़ियों ने न केवल खुद को साबित किया है बल्कि पदक तालिका को भी आगे बढ़ाने का काम किया है। मुख्यमंत्री ने सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि अपनी मेहनत के बलबूते पर इन सभी ने देश व प्रदेश का नाम रोशन किया है।

# चीन ने किया नए सैन्य अभ्यास का ऐलान, अब ताइवान के चारों तरफ पनडुब्बी रोधी 'समुद्री हमले'

**नई दिल्ली।** ताइवान पर भड़के चीन ने वहां अपनी गतिविधि तेज कर दी है। इसी कड़ी में चीन की सेना ने सोमवार को ताइवान के आसपास समुद्र और हवाई क्षेत्र में नए सैन्य अभ्यास की घोषणा की है। चीन की ईस्टर्न कमांड की तरफ से संकेत दिया गया कि पनडुब्बी रोधी और समुद्री हमले के अभियानों पर ध्यान केंद्रित करते हुए संयुक्त अभ्यास की शुरुआत की जाएगी।

### ताइवान के चारों ओर पनडुब्बी रोधी और समुद्री हमले

दरअसल, ताइवान में नैन्सी पेलोसी की यात्रा के विरोध चीन ने अपना सैन्य अभ्यास शुरू किया था और अब अभ्यास के पहले चरण की समाप्ति के बाद चीन ने नया एलान किया है। इसके तहत चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी पीएलए ताइवान के



चारों ओर पनडुब्बी रोधी हमले और समुद्री हमले का अभ्यास करेगा। चीन अपना नया अभ्यास कहां करेगा और यह कितने दिन चलेगा अभी इसके बारे में सटीक जानकारी सामने नहीं आई है।

### बोहाई सागर पर किया जाएगा अभ्यास

चीन के समुद्री सुरक्षा प्रशासन ने रविवार को एक बयान में कहा कि बोहाई सागर पर 8 अगस्त से 8 सितंबर के बीच अभ्यास किया जाएगा, जबकि पीले सागर पर एक और अभ्यास 7 से 15 अगस्त के बीच किया जाएगा। वहीं चीन के रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता ने सोमवार को एक बार फिर दोहराया कि पेलोसी की ताइवान यात्रा के जवाब में चीन ने जो जवाबी कदम उठाए हैं वे उचित हैं। ताइवान जलडमरूमध्य में मौजूदा तनाव पूरी तरह से अमेरिकी उकसावे का परिणाम है।

### बैलिस्टिक मिसाइलों की फायरिंग की गई

चीन द्वारा किए गए सैन्य अभ्यास के पहले चार दिनों के दौरान 11 छोटी दूरी की बैलिस्टिक मिसाइलों की फायरिंग की गई।

इसके अलावा चीनी युद्धपोतों, लड़ाकू जेट और ड्रोन ने द्वीप के चारों ओर बड़े पैमाने पर युद्धाभ्यास किया। सैन्य अभ्यास के समाप्त होने से कुछ समय पहले, चीन और ताइवान के लगभग 10 युद्धपोतों ने ताइवान जलडमरूमध्य की अनौपचारिक मध्य रेखा के करीब युद्धाभ्यास किया था।

### ताइवानी राष्ट्रपति ने अंतर्राष्ट्रीय समर्थन की अपील की

इससे पहले चीन की बढ़ती गतिविधियों के बीच ताइवानी राष्ट्रपति त्साई इंग-वेन ने अंतर्राष्ट्रीय समर्थन और तनाव को रोकने की अपील की है।

त्साई इंग-वेन ने कहा कि मैं अंतरराष्ट्रीय समुदाय से लोकतांत्रिक ताइवान का समर्थन करने और क्षेत्रीय सुरक्षा की स्थिति में किसी भी वृद्धि को रोकने का आह्वान करती हूं। वहीं इससे पहले ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि ताइवान जलडमरूमध्य के आसपास कई चीनी विमानों और जहाजों का पता चला है और उनमें से कुछ ने मध्य रेखा को पार कर लिया है।

## भारतीय नीत अध्ययन बताना है कि किशोरों में टीकाकरण का खतरा कम है

सिडनी। केरल मेडिकल कॉलेज के पूर्व छात्र और बाल रोग विशेषज्ञ ने कोरोना से संबंधित अध्ययन में बताया है कि यह किशोरों में टीके से जुड़े मायोकार्डिटिस के खतरे को दर्शाता है। आस्ट्रेलिया के मोनाश विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने किशोरों में टीके से जुड़े मायोकार्डिटिस के जोखिम पर अपना अध्ययन पूरा किया है। अध्ययन में बताया गया है कि जोखिम हल्का और कोविड 19 के दीर्घकालीन जोखिम से ज्यादा है। एक रिपोर्ट के अनुसार अध्ययन का प्रकाशन सोमवार को मेडिकल जर्नल ऑफ आस्ट्रेलिया में किया गया। इसमें 12 से 18 आयुवर्ग के 33 किशोरों के पाठ्यक्रम का पालन किया गया। जिसे मोनाश चिन्ड्रल हास्पिटल ने कोविड़ 19 से प्राप्त मायोकार्डिटस के विशेष लक्षणों के साथ पेश किया था।

# युद्ध के मोर्चे में बदलाव दिखा, जहाजों को यूक्रेन छोड़ने की मंजूरी मिली

कीव। यूक्रेन में युद्ध के कारण फंसे कृषि माल ढोने वाले चार और जहाजों को रविवार को देश के काला सागर तट से बाहर जाने की अनुमति मिल गई।

वहीं, विश्लेषकों ने चेतावनी दी है कि रूस सैनिकों और उपकरणों को बंदरगाहों की दिशा में आगे बढ़ा रहा है। यूक्रेन से अनाज प्राप्त करने और अफ्रीका, मध्य-पूर्व तथा एशिया के कुछ हिस्सों में लाखों गरीब लोगों तक इसे पहुंचाने से संबंधित अंतरराष्ट्रीय समझौते की निगरानी करने वाली इकाई ने कहा कि अनाज से लदे जहाजों के कोर्नोमोर्स्क और ओडेसा से सोमवार को प्रस्थान करने की उम्मीद है।

यूक्रेन, रूस, तुर्की और संयुक्त राष्ट्र ने पिछले महीने एक समुद्री चैनल बनाने के लिए समझौतों पर हस्ताक्षर किए थे जिससे मालवाहक जहाजों को उन बंदरगाहों से सुरक्षित रूप से यात्रा



करने की अनुमति मिलेगी जिन्हें रूस की सेना ने अवरुद्ध कर दिया था और उस जलक्षेत्र से भी जहां यूक्रेन की सेना ने बारूदी सुरंग बिछा दी थीं।

### रूस की नजर डोनबास क्षेत्र पर

पिछले सोमवार को पहला जहाज रवाना होने के बाद से चार महीने के लिए प्रभावी समझौते का कार्यान्वयन धीरे-धीरे आगे बढ़ा है।

युद्ध के पिछले चार महीनों में रूस ने पूर्वी यूक्रेन के डोनबास क्षेत्र पर कब्जा करने पर ध्यान केंद्रित किया है, जहां मॉस्को समर्थक अलगाववादी आठ वर्षों से स्व-घोषित गणराज्यों के रूप में कुछ क्षेत्रों पर काबिज हैं।

### लड़ाई में देखने को मिल सकीत है बदलाव

ब्रिटेन के रक्षा मंत्रालय ने एक विश्लेषण में कहा कि 24 फरवरी से शुरू हुआ रूसी आक्रमण एक नए चरण में प्रवेश करने वाला है जिसमें लड़ाई पश्चिम और दक्षिण में लगभग 350 किलोमीटर की अग्रिम रेखा पर स्थानांतरित हो जाएगी जो जपोरेजिया शहर से रूस के कब्जे वाले खेरसॉन तक फैली है।

## नैंसी पेलोसी की यात्रा पर चीन की कार्रवाई उचित

बीजिंग। चीन के राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि अमेरीकी प्रतिनिधि सभा की अध्यक्ष नेंसी पिलोसी की ताइवान यात्रा के जवाब में चीन ने जो कार्रवाई की है, वह उचित है। प्रवक्ता वू कियान ने यह टिप्पणी चीन और अमेरिका की सेनाओं के बीच तीन आदान-प्रदान गतिविधियों को रद्द करने सहित जवाबी कार्रवाई के संबंध में एक मीडिया के प्रश्न का उत्तर देते हुए की। श्री वू ने कहा कि वर्तमान तनाव, ताइवान में अमेरिका की तरफ से उकसावे का परिणाम है और इसके लिए अमेरिका को पूरी जिम्मेदार लेनी चाहिए और उसे गंभीर परिणामों का सामना करना पडेगा। उन्होंने कहा कि चीन की तरफ से चीन-अमेरिका संबंधों , दोनों सेनाओं के बीच संबंधों और ताइवान के सवाल पर स्थिति स्पष्ट कर दी गई थी और पेलोसी की ताइवान यात्रा पर अमेरिका को बार बार गंभीर रुप से बताया गया लेकिन अमेरिका ने विश्वासघात किया।

## परमाणु संयंत्र पर कोई भी हमला होगा 'आत्मघाती' : गुटेरेस

संयुक्त राष्ट्र। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुतारेस ने सोमवार को उम्मीद जतायी कि अंतरराष्ट्रीय निरीक्षकों को यूक्रेन के जापोरिज्जिया परमाणु ऊर्जा संयंत्र मे जाने की अनुमति दी जाएगी। साथ ही चेतावनी भी दी कि परमाणु संयंत्र पर कोई भी हमला 'आत्मघाती' होगा। यूक्रेन और रूस दोनों एक-दूसरे पर इस संयंत्र पर हमला करने को लेकर आरोप प्रत्यारोप कर रहे हैं। इस बीच संयुक्त राष्ट्र की आरे से यह चेतावनी आयी है। दक्षिण-पूर्व यूक्रेन में स्थित जापोरिज्जिया संयंत्र यूरोप का सबसे बड़ा परमाणु ऊर्जा संयंत्र है और मार्च में रूसी सेना ने इस पर कब्ज कर लिया था लेकिन संयंत्र में यूक्रेनी कर्मचारी काम कर रहे हैं। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, श्री गुटेरेस ने कहा, परमाणु संयंत्र पर कोई भी हमला आत्मघाती सिद्ध होगा। साथ ही परमाणु आपदा का बहुत वास्तविक जोखिम भी होगा। संयत्र और इसके आसपास के इलाके पर फिलहाल रूसी सेना का कब्जा है। इस संयंत्र में छह दबावयुक्त जल रिएक्टर हैं और रेडियोधर्मी कचरे का भंडारण है।संयंत्र एनरहोदर शहर में है जो यूक्रेन के दक्षिण-पूर्व में और निप्रो नदी के बाएं किनारे पर है।

## हैंकी भारत में अमेरिका के नये महावाणिज्य दूत

मुबंई। माइक हैंकी ने यहां अमेरिका के नए महावाणिज्य दूत के रुप में कार्यभार संभाल लिया है। उन्होंने डेविड जे रेंज का स्थान लिया है। श्री हैंकी ने इससे पहले अम्मान में अमरीकी दूतावास में मिशन के उप प्रमुख के रुप में काम किया है और यरुशलम में अमरीकी दूतावास में फलस्तीनी मामलों की इकाई के प्रमुख भी रह चुके हैं। हैंकी राजदूत के रुप में 2001 के बाद सऊदी अरब , मिश्र , इराक , यमन और नाईजीरिया में काम कर चुके है। उन्होंने अपने एक बयान में कहा कि मैं अमेरिका का पश्चिमी भारत में प्रतिनिधित्व करने पर सम्मानित महसूस कर रहा हूं और इस समय अमेरिका-भारत संबंध पहले से कहीं ज्यादा मजबूत है। हम राजनयिक संबंधों के 75 साल पूरे होने का जश्न मना रहे है। हम और अधिक समृद्धि , आजादी और सुरक्षित विश्व के निर्माण के लिए काम करना जारी रखेंगे। उन्होंने कहा कि हमारे लोकतांत्रिक मूल्यों , आर्थिक साझेदारी और जनता का जनता से संबंध के लिए हमारी साझा प्रतिबद्धता वह आधार है जो भविष्य में बड़े सहयोग को सुनिश्चित करेगी।

## अमेरिका के अटलांटा में गोलीबारी, एक की मौत


अटलांटा। अमेरिका में जॉर्जिया प्रांत की राजधानी अटलांटा में एक पार्क में गोलीबारी की घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई और छह साल के बच्चे सहित पांच लोग घायल हो गए। स्थानीय मीडिया ने सोमवार को यह जानकारी दी। न्यूयॉर्क पोस्ट में बताया गया, घटना रविवार शाम करीब सात बजे उस वक्त हुई, जब रोजा एल बर्नी पार्क के अंदर खेले जा रहे बेसबॉल या सॉफ्टबॉल गेम के दौरान एक व्यक्ति ने गोली चलानी शुरू कर दी, जिसमें एक ग्रैडी नाम के एक व्यक्ति (30) को घायल अवस्था में अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गयी और एक बच्चा सहित अन्य पांच लोग घायल हो गए। सभी को अस्पताल में भर्ती कराया गया। बच्चे की हालत गंभीर बतायी जा रही है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, प्रवीण कुमार सिंह द्वारा आला प्रिंटिंग प्रेस 3636 कटारा दिना बेग लाल कुआं... से मुद्रित एवं , ब्लाक नं 23 मकान नं 399 त्रिलोक पुरी दिल्ली -91 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. -DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा



# पति को कराएं
## बच्चे की जिम्मेदारी का अहसास

**एक मां ही यह बता सकती हैं कि पेरेंटिंग का अनुभव कितना आनंददायक होता है। अक्सर पुरूष इसे बहुत भारी जिम्मेदारी के तौर पर देखते हैं और शुरू से उन्हें यह लगता है कि बच्चे का पालन-पोषण मां की जिम्मेदारी होती है।**



बच्चे को सही परवरिश देना मां और पिता दोनों का काम होता है, पर बच्चे की परवरिश का जिम्मा मां पर ही आता है। अगर आप चाहती हैं कि आपके पति को भी बच्चे की जिम्मेदारी का अहसास हो तो इन बातों का ध्यान रखें।

### बताएं आप उनकी मदद लेना चाहती हैं

बच्चा होने के बाद कुछ पुरूष यह चाहते हैं कि वो बच्चे की देखभाल करें, पर महिलाएं अक्सर इस संकोच में कि बच्चे का काम पति सही ढंग से कर पाएंगे या नहीं, सोच उनको मना कर देती हैं। अगर आपके पति बच्चे के पालन-पोषण में आपकी मदद करना चाहते हैं तो उनका यह प्रस्ताव सहर्ष स्वीकार कर लें। उन्हें अपने तरीके से बच्चों की केयर करने दें, हर समय टोकें न, अगर वो कहीं गलत है, तो उन्हें प्यार से बताएं।

### भूमिका आनंददायक है

एक मां ही यह बता सकती हैं कि पेरेंटिंग का अनुभव कितना आनंददायक होता है। अक्सर पुरूष इसे बहुत भारी जिम्मेदारी के तौर पर देखते हैं और शुरू से उन्हें यह लगता है कि बच्चे का पालन-पोषण मां की जिम्मेदारी होती है। आप उन्हें बताएं कि एक बच्चे की देखभाल करने में जिम्मेदारी तो है, पर इसमें आनंद भी खूब है। बच्चा जब छोटी-छोटी हरकतें करता है तो उन्हें देखने में कितना मजा आता है। इस तरह की बातें जब आप उनसे शेयर करेंगी तो वो खुद ब खुद इसमें रूचि दिखाने लगेंगे।

### ग्रुप बनाएं पिता भी

पुरूष अक्सर बच्चों के बारे में बात करने से बचते हैं। महिलाएं तो कई बार ग्रुप में जाकर बच्चों की परेशानियां, आदतें आदि के बारे में चर्चा कर लेती हैं, पर पिता को ऐसा नहीं करते। आप पति को प्रोत्साहित करें कि वो फेसबुक, ब्लॉग, फ्रेंड सर्कल में पिताओं के ग्रुप में शामिल हों। इससे वो सारी समस्याओं का समाधान पा सकते हैं, साथ ही अन्य पुरूषों से अपने अनुभव साझा कर सकते हैं और उनके अनुभव से सीख सकते हैं।

### प्राथमिकता निर्धारित कर उनसे सहयोग मांगें

मां होने के नाते आप प्राथमिकता तय कर लें कि किन-किन बातों में आपको अपने पति की जरूरत पड़ सकती है। यह निर्धारित करने के बाद आप उन्हें बताएं कि आपको उनके सहयोग की कितनी जरूरत है। ऐसा करने से आप एक अच्छा वक्त एक-दूसरे के साथ बिता सकते हैं।

### यादों को रखें सहेज कर

आप अपने पति से पूछें कि फादरहुड के दौरान वो कौन-सी पांच बातें थीं, जिनसे उन्हें बेहद खुशी मिली। आप उन सारी बातों को एक छोटी-सी नोटबुक में नोट करें। अगर उससे जुड़ी फोटो आपको पास है तो उसे भी चिपकाएं, ऐसा करने से आप इन छोटी-छोटी और प्यारी बातों को ताउम्र सहेज कर रख सकेंगी।

# चमकाएं बाल और त्वचा



अगर आप चमकदार त्वचा और हैल्दी हेयर चाहते हैं तो अपनी फूड लिस्ट मे इन चीजों को शामिल कर सकते हैं। ये चीजें आपको खूबसूरती के साथ-साथ बढ़िया सेहत से भी नवाजेंगी।

### विटामिन ए से भरपूर चीजें

**क्या लें:** गाजर, पालक, ब्रोकली, पपीता, आम, आलू व टमाटर

**फायदा:** इन चीजों में कैरोटीन होता है, जो सनस्क्रीन का काम करता है और त्वचा को धूप से बचाता है। टमाटर में लाइकोपीन भी सनस्क्रीन का काम करता है, लेकिन जरूरी है कि टमाटर अच्छे से पका हो।

### सूखे मेवे

**फायदा:** इनमें ओमेगा थ्री फैटी एसिड होता है जो त्वचा में नमी बनाए रखता है। अखरोट में बायोटीन होता है जो बालों को बढ़ाता है, झड़ने और दो मुंहे होने से रोकता है।

### विटामिन सी वाली चीजें

**फायदा:** नींबू, आंवले, संतरे का खट्टापन शरीर में जाकर कोलेजन बनाता है, जो त्वचा की कोशिकाओं को जवां रखता है, इससे झुर्रियां नहीं पड़तीं और त्वचा के घाव भी जल्दी भरते हैं। विटामिन-सी वाली चीजें आसानी से पच जाती हैं और अधिक मात्रा होने पर यूरिन के रास्ते निकल जाती हैं।

### अलसी के बीज

**फायदा:** खाने को कुरकुरा बनाते हैं। इनमें मौजूद फाइबर, ओमेगा थ्री फैटी एसिड व विटाामिन ई से त्वचा की नमी बनी रहती है, मुंहासे नहीं होते। रोजाना एक चम्मच प्रयोग करें।

### विटामिन बी और कॉपर

पुरूषों के बालों में सफेदी की शुरूआत दाढ़ी से होती है, जबकि महिलाओं में कनपटी की तरफ से। इसके प्रमुख कारण हैं: चिंता करना, विटामिन बी, आयरन, कॉपर और आयोडीन की कमी। इसके लिए धूम्रपान न करें, मटर, ब्रोकली, ब्राउन राइस, गांठ गोभी खाएं व ग्रीन टी पीएं।

तौर-तरीके बदलकर

# खुश रहना सीखें



**मन खुश हो, तो तन दुरूस्त रहता है। इसलिए खुश रहने के लिए इन सुझावों को आजमा कर देखें -**

**खुद को एक्सप्रेस करें:** अमरीका की वेक फॉरेस्ट यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों के अनुसार खुद को खुलकर अभिव्यक्त करने से मन में खुशी के भाव आते हैं।

**दूसरों के लिए कुछ करें :** फोर्ब्स डॉट कॉम के शोध के मुताबिक दूसरों के लिए कुछ करने से खुशी मिलती है। जब हम किसी की मदद करते हैं, अपनों को उपहार देते हैं या उन पर खर्च करते हैं, तो मन को सुकून मिलता है।

**सकारात्मक सोचें:** अपनी सोच सकारात्मक रखें और ऐसे लोगों के साथ रहें, जिनसे आपको प्रेरणा मिल सके।

दोस्तों व रिश्तेदारों से अच्छा व्यवहार रखें। यूनिवर्सिटी ऑफ इलिनॉयस के वैज्ञानिकों ने 30 साल तक एक लाख लोगों पर शोध के बाद पाया कि शिक्षा, राजनीति,सैलरी और संबंधों में से सबसे ज्यादा खुशी लोगों को अच्छे संबंधों से होती है। पर्याप्त मात्रा में पानी पीएं क्योंकि डिहाइड्रेशन होने से कई बार मूड चिड़चिड़ा हो जाता है।



# खुद से करें प्यार का वादा

**खूबसूरती बाहरी नहीं, बल्कि आंतरिक होती है, इसलिए अब से आप अपने को हमेशा खूबसूरत मानेंगी। आपके अंदर जो भी खासियत है, उसे और भी निखारेंगी और जो चीजें आपको शर्मिंदा महसूस करवाती है, उन्हें कम करने की कोशिश करेंगी।**

नया साल हमें जिंदगी को एक बार फिर नए तरीके से जीने के लिए कहता है। नए साल पर आप अपने से यह वादा करें कि हमेशा अपने आप से प्यार करेंगी।

अब से आपने चाहे कोई हेयरस्टाइल करवाई हो या फिर कोई नई ड्रेस पहनी हो तो उसमें खुद को अच्छा महसूस करेंगी। अपने अंदर यह आत्मविश्वास लाएंगी कि आप जो भी पहन रही हैं, उसमें पूरी तरह परफेक्ट लग रही हैं।

खूबसूरती बाहरी नहीं, बल्कि आंतरिक होती है, इसलिए अब से आप अपने को हमेशा खूबसूरत मानेंगी। आपके अंदर जो भी खासियत है, उसे और भी निखारेंगी और जो चीजें आपको शर्मिंदा महसूस करवाती है, उन्हें कम करने की कोशिश करेंगी।

कुछ महिलाएं अपनी त्वचा के रंग को लेकर हमेशा असंतुष्ट रहती हैं, पर आप बिल्कुल भी ऐसा न करेंगी। आप अपनी त्वचा के रंग पर परेशान होने के बजाय यह कोशिश करेंगी कि आपकी त्वचा हमेशा ग्लो करती रहे।

अगर आपके साथ कुछ बुरा होता है या फिर आपके लुक को लेकर आपका कोई करीबी नकारात्मक कमेंट करता है तो उससे अपना मूड खराब करने की बजाय आप उस पर ज्यादा ध्यान नहीं देंगी, बल्कि अब से आप अपने दिमाग में इस बात को रखेंगी कि दूसरों को भले आप पसंद न आएं, पर आप अपने को पसंद करती हैं और करती रहेंगी।

अपने शरीर को पसंद और नापसंद करना आपके हाथों में हैं। वर्तमान में आपकी बॉडी किसी भी शेप में हो, अब से आप उस पर फख्र करेंगी। यह अलग बात है कि अगर आपका वजन कुछ ज्यादा है तो उसे कम करने की कोशिश करेंगी, पर अपने शरीर को लेकर सकारात्मक सोच को खत्म बिल्कुल नहीं करेंगी और उसे अच्छा ही मानेंगी।

आप हमेशा यह मानेंगी कि आप दिल, दिमाग और शरीर तीनों से बेहद खूबसूरत हैं। भले ही आपके बारे में कोई कुछ भी कहे, आप उसकी बात का बुरा नहीं मानेंगी। अगर आप ऐसा सोचेंगी तो सच मानिए, आप गॉर्जियस दिखेंगी।

एक प्यारी मुस्कुराहट लोगों का ध्यान हमेशा आकर्षित करती है और चेहरे पर भी नूर लाती है। इसलिए अब से चेहरे पर हमेशा तनाव लाने की बजाय मुस्कुराहट बनाए रखेंगी। एक प्यारी मुस्कुराहट आपके चेहरे पर चार चांद लगा देगी।

अगर आपके बाल हेल्दी या फिर त्वचा का टोन अच्छा है तो उस पर नाज करेंगी। अपनी कमी को देकर दुखी नहीं होंगी। बाल सफेद हो रहे हैं, उनमें रूसी है तो उन्हें देख-देखकर चिढ़ेंगी नहीं, इन्हें दूर करने के उपाय खुशी-खुशी करेंगी।



# आप संवरिए
## लेकिन जरा संभलकर

**खास मौकों पर सज-संवरकर चेहरे की सुंदरता बढ़ाना वैसे तो कोई बुरी बात नहीं, लेकिन कई बार रोजाना भारी-भरकम मेकअप करने की आदत और पुराने या कम गुणवत्ता वाले ब्यूटी उत्पाद कुछ देर की सुंदरता और लंबे समय की बीमारी लेकर आते हैं।**

### ब्लीच

लोग स्किन की टेनिंग कम करने के लिए या चेहरे के बालों को छिपाने के लिए ब्लीच करते हैं, लेकिन इससे कई बार स्किन एलर्जी हो जाती है।

**उपाय:** ब्लीच को 24 घंटे पहले कान के पीछे लगाकर टेस्ट कर लें, अगर कोई एलर्जी न हो तभी ब्लीच करें। टेनिंग दूर करने के लिए ब्लीच कर रहे हैं तो संतरे, पपीते का पल्प या चंदन पाउडर लगा सकते हैं।


### डियो और परफ्यूम

डियोड्रेंट का ज्यादा प्रयोग अंडरआर्म्स की त्वचा को नुकसान पहुंचाता है। खुजली की समस्या हो, परफ्यूम से छींके आती हों या सांस के रोगी हों तो इनका प्रयोग न करें।

**उपाय:** डियो या परफ्यूम में कैमिकल्स होते हैं, इन्हें सीधे बॉडी पर न लगाकर कपड़ों पर लगाएं।

### आई मेकअप के नुकसान

अगर आप आई मेकअप करने के बाद आंखों में कॉन्टेक्ट लैंस लगाते हैं तो ऐसे में बैक्टीरिया कोर्निया तक पहुंच जाता है जिससे कोर्नियल इंफेक्शन का खतरा रहता है। कई बार मेकअप करने से बैक्टीरिया का मैंब्रेन (झिल्ली) से संपर्क होता है।



### नेलपॉलिश

नेलपॉलिश लगाने के बाद हमें नाखूनों की मैल नहीं दिखती जिससे पेट में इंफेक्शन हो सकता है।

**उपाय:** नाखूनों की सफाई का ध्यान रखें और खाना बनाने या खाने से पहले नेलपॉलिश को सुखा लें।

### फाउंडेशन और ब्लशर

इनके रोजाना प्रयोग से चेहरे के रोमछिद्र बंद हो जाते हैं। त्वचा के अंदर जमी गंदगी और तेल बाहर नहीं आ पाते, जिससे छिद्रों में मवाद जमने से कील-मुहांसे होने लगते हैं।

**उपाय:** ब्यूटी प्रोडक्ट की क्वालिटी का ख्याल रखें। त्वचा ऑयली है तो वॉटर बेस प्रोडक्ट और रूखी है तो ऑयल बेस स्किन प्रोडक्ट का प्रयोग करें।